हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

लाल किले से पीएम मोदी ने 75 मिनट के संबोधन में 52 बार युवाओं का जिक्र किया

एक करोड़ युवाओं को एआई ट्रेनिंग और फ्री ऑनलाइन कोचिंग, युवा सपनों को पूरा करने 1 लाख करोड़ का फंड

कहा- हथियारबंद नक्सल खत्म अब दिमागी नक्सलियों को पहचानकर उन्हें आइसोलेट करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए 75 मिनट का भाषण दिया। इससे पहले लाल किले पर पहली बार 'वंदे मातरम' गाया गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

लाल किले में वंदे मातरम का भव्य नजारा

देश को दी शक्ति की 'सप्त धारा'

ये हैं सप्त धारा

1. **मैन्युफैक्चरिंग पावर (विनिर्माण):** डिजाइन से लेकर उत्पादन तक पूरी वैल्यू चेन तैयार करना और भारत को ग्लोबल सप्लाई-चेन का भरोसेमंद हब बनाना।
2. **कृषि और खाद्य प्रसंस्करण:** केमिकल फ्री खेती, मिलेट्स (मोटे अनाज), मसालों और कृषि उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड बनाना।
3. **टेक्नोलॉजी और इनोवेशन:** एआई, क्वांटम टेक, स्पेस, ▶▶ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोगों का अभिवादन करते हुए

सीएम डॉ. यादव का लाल परेड से बड़ा ऐलान

हर साल '10 हजार युवाओं' को मिलेगी स्किल बेस्ड ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजशाला में बनेगा सरस्वती लोक और होगी राजा भोज संस्थान की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं के लिए बड़ा ऐलान करते हुए वर्ष 2027 को युवा कल्याण को समर्पित करने की बात कही। उन्होंने डिजीटल कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मानित करने की घोषणा की। मप्र के सभी 55 जिलों को निर्यात हब बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

रेरा में अध्यक्ष सहित तीन पदों पर नियुक्तियां!

भोपाल। मप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में पांच महीने से खाली पड़े अध्यक्ष पद समेत तीन महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। इंदौर के पूर्व अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह को रेरा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व कमिश्नर संजय गुप्ता को सदस्य और रवींद्र सिंह को अपीलीय प्राधिकरण का सदस्य बनाया गया है।

एफडीए: शाहरुख, अजय और टाइगर को नोटिस

मुंबई। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरोप है कि तीनों अभिनेताओं द्वारा किया जा रहा इलायची का विज्ञापन वास्तव में प्रतिबंधित पान मसाला का परोक्ष प्रचार करता है।

नौसैनिक समेत परिवार के 4 लोगों के शव मिले

मुंबई। मुंबई के अति-सुरक्षित नेवी नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक नौसैनिक उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों (3 साल और 2 महीने के शिशु) के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। आशंका जताई जा रही है कि नौसैनिक ने खुद फांसी लगाकर जान दी है, जबकि पत्नी और दोनों बच्चों की मौत जहर खाने के कारण हुई है।

कांग्रेस मुख्यालय में 15 अगस्त पर वंदे मातरम के कथित अपमान पर गरमाई राजनीति

शाह बोले- महापाप हुआ, सोनिया के खिलाफ मंगलुरु में थाने पहुंची भाजपा

अमित शाह

आरोप है कि कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। चालू गान में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को गान रोकने का कहा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक बड़े सियासी संग्राम में बदल गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और सोनिया गांधी पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का घोर अपमान करने का आरोप लगाया है।

शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। चालू गान के दौरान सोनिया गांधी द्वारा इसे रुकवाने का इशारा करना एक ऐसा पाप है, जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। शाह ने मांग की कि कांग्रेस को बंकिमचंद्र चटर्जी की आत्मा और ▶▶ शेष पेज 6 पर

शाह: कांग्रेस को बंकिमचंद्र की आत्मा और देशवासियों से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए

खरगे और सोनिया गांधी

- **कांग्रेस का पलटवार-** कहा, असली मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा, तिल का ताड़ बना रही
- कहा - खरगे की तबीयत खराब थी, वे गिर न पड़े, इसलिए कुर्सी लाने के लिए कहा गया था
- राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण के गायन को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया

सोनिया के खिलाफ मंगलुरु व दिल्ली में शिकायत

सोनिया गांधी के खिलाफ कर्नाटक में स्थित मंगलुरु के उरवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दी गई है। भाजपा नेता विकास पुत्तूर कार्यकर्ताओं के साथ शिकायत में आरोप है 15 अगस्त को दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी मौजूद थीं। उन्होंने 'वंदे मातरम' को बीच में ही रोकने के लिए कहा था। दूसरी शिकायत अधिवक्ता शुभ शर्मा ने दिल्ली के आईपी एस्टेट थाने में की है। इसमें सोनिया और राहुल पर कार्रवाई की मांग की है।

सीएम डॉ. यादव बोले

देश से माफी मांगें सोनिया और राहुल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'आनंद मठ' से लोकप्रिय हुआ यह अमर गीत भारत की स्वाधीनता की आत्मा है, जिसे गाते हुए अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर किए थे। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसके पूर्ण संस्करण का गायन कराया, वहीं कांग्रेस नेताओं ने इस पर आपत्ति जताकर अनादर किया। सोनिया गांधी और ▶▶ शेष पेज 6 पर

बंकिमचंद्र के वंशज बोले बिना शर्त माफी मांगें

कोलकाता। बंगाल के नैहाटी से भाजपा विधायक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने वंदेमातरम के अपमान पर सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। चटर्जी ने सोनिया गांधी के नाम एक लेटर लिखा है। जिसमें उन्होंने खुद को आम नागरिक, देशभक्त और बंकिमचंद्र का सीधा वंशज बताया।

यह सिर्फ ध्यान भटकाने का पैंतरा: वेणुगोपाल

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा वंदे मातरम के मुद्दे के जरिए असली सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी दफ्तर में पूरा गीत गाया जाना केवल बातचीत और तालमेल की बात थी, कोई विवाद का विषय नहीं। वेणुगोपाल ने अरुणाचल प्रदेश का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगर देश के सम्मान की बात हो रही है तो पहले वहां की जमीन वापस लेने की बात होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल और ▶▶ शेष पेज 6 पर

राजधानी का भारत भवन रोड, शाम 5 बजे बारिश का दृश्य

सभी बांधों का जलस्तर बढ़ रहा

12 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट, अभी भी प्रदेश में 11 फीसदी कम

- *पिछले 24 घंटे में उमरिया में सर्वाधिक बारिश 205.2 मिमी*
- *बड़े तालाब को छलकने के लिए चाहिए अब सिर्फ 1.4 फीट पानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश का दौर एक सप्ताह से जारी है। इस बीच कई जिलों में अति भारी और भारी बारिश से जल स्त्रोतों का जल स्तर बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक सतना, रायसेन, सीधी, रीवा, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, सागर, छतरपुर, मैहर में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। रविवार तक प्रदेश में ▶▶ शेष पेज 6 पर

चंबल नदी में बंद हुआ 100 से अधिक यात्रियों से भरा स्टीमर

मुरैना। रविवार सुबह चंबल नदी के बीचों-बीच एक बड़ा हादसा होने से टल गया। नगरा घाट से उत्तर प्रदेश के तेजरा घाट जा रहा एक स्टीमर तकनीकी खराबी के कारण अचानक बंद हो गया। स्टीमर में 100 से ज्यादा यात्री और करीब 50 बाइक सवार मौजूद थे। इंजन बंद होते ही उफनती नदी के तेज बहाव में स्टीमर बहने लगा और यात्रियों ▶▶ शेष पेज 6 पर

- 10 किमी दूर बहा बड़ा हादसा टला

माधव टाइगर रिजर्व से खुशखबर

शिवपुरी:बाघिन एमटी-4 ने दिया शावकों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

- अपने शावकों के साथ नजर आई बाघिन

माधव टाइगर रिजर्व से प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए बेहद खुशखबरी सामने आई है। रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ाते हुए बाघिन एमटी-4 ने नए शावकों को जन्म दिया है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर बाघिन को अपने नवजात शावकों के साथ देखा गया, जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ▶▶ शेष पेज 6 पर

5.5 करोड़ की लूट का पर्दाफाश

4.16 किलो सोना और 4.4 किलो चांदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

- सीसीटीवी, साइबर सेल की मदद से धरे गए 6 आरोपी

रतलाम पुलिस ने थाना बिलपांक क्षेत्र में सराफा व्यापारी के साथ हुई करोड़ों की लूट का महज 48 घंटे में सफल खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया है। बरामद सोने और चांदी के जेवरातों की कुल अनुमानित कीमत लगभग ▶▶ शेष पेज 6 पर

फिर सवालों के घेरे में एनटीए

यूजीसी-नेट: तीन विषयों की दोबारा होगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एनटीए ने कहा टाइपिंग, अनुवाद की गलतियां थीं

नीट पेपर लीक के बाद अब यूजीसी नेट पेपर में भी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसके चलते नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने रविवार देर शाम अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र जैसे तीन विषयों की परीक्षा रद कर दी है। एनटीए ने इन तीनों विषयों की परीक्षा 9 और 10 सितंबर को दोबारा कराने का एलान किया ▶▶ शेष पेज 6 पर

आज नागपंचमी: रात 12 बजे खुले श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट

'जय श्री महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, नागपंचमी पर बना दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित प्रसिद्ध एवं रहस्यमयी श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार मध्य रात्रि (रात 12 बजे) पूरे विधि-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ खोल दिए गए। साल में केवल एक बार 24 घंटे के लिए खुलने वाले इस ऐतिहासिक मंदिर के दुर्लभ दर्शन के लिए देर रात से ही महाकाल परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब ▶▶ शेष पेज 6 पर

नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्टर्स ने आयोजित किया समारोह

देश के 'सबसे उम्रदराज' नौसेना पेंशनरों में शामिल एक्सबी डेविड का जबलपुर में किया विशेष सम्मान

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की ओर से भेजा गया प्रशस्ति पत्र व विशेष कैप सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

भारतीय नौसेना में वर्ष 1948 में अपनी सेवाएं शुरू करने वाले एक्स.बी. डेविड के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब उन्हें देश के सबसे उम्रदराज नौसेना पेंशनरों में शामिल होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्टर्स, जबलपुर के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में डेविड के नौसेना के प्रति दिए गए लंबे योगदान और समर्पण की सराहना की गई।

एक्सबी डेविड

डेविड वर्ष 1948 में भारतीय नौसेना में भर्ती हुए थे और 12 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद 1960 में सेवानिवृत्त हुए। समारोह के दौरान अधिकारियों और स्टाफ ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की ओर से भेजा गया विशेष प्रशस्ति पत्र डेविड को सौंपा गया। इसके साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

पहले इस ऑपरेशन का नाम रखा गया था- ऑपरेशन ट्यूलिप गार्डन, क्योंकि हमला पहलगाम के हरे घास के मैदान पर हुआ था पर सेना प्रमुख को पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर नाम सुझाया था

स्वतंत्रता दिवस की रात 9 बजे 'डीक्लासिफाइड ऑपरेशन सिंदूर' डॉक्यूसीरीज रिलीज

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कैसे दिया पाक को करारा जवाब भारत की सख्त नीति और रणनीतिक हुंकार की ये पूरी दास्तान

- पाक व पीओजेके के कुल 32 आतंकी ठिकाने चिन्हित किए गए थे
- पर सबसे पहले 9 टारगेट तय किए गए, इनमें 7 पीओजेके में व 2 पाकिस्तान में थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल पर 'डीक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर' नामक दो-भाग की विशेष डॉक्यूसीरीज का प्रीमियर किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने इस सीरीज में पहली बार ऑपरेशन पर बात करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सहनशीलता और दरियादिली को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना ▶▶ शेष पेज 6 पर

- *7 ठिकाने नष्ट करने की जिम्मेदारी सेना को दी गई, दो ठिकाने भारतीय वायुसेना को दिए गए*

- *इन दो ठिकानों में एक मुरीदके पाक में 30 किमी अंदर व दूसरा बहावलपुर 100 किमी अंदर था यानी घर में घुसकर मारना था*

दो भागों में बनी डॉक्यूसीरीज

डॉक्यूसीरीज के पहले भाग में इंटेलिजेंस जुटाने, सर्विलांस, मॉक ड्रिल और आम नागरिकों के नुकसान को ना के बराबर करने की योजना को दिखाया गया है। दूसरे भाग में स्ट्राइक के क्षणों, थल, जल व नभ सेना के सटीक तालमेल और रियल-टाइम फैसलों को दर्शाया गया है। इसके अलावा, आर्मी प्रेस ब्रीफिंग में दो महिला अधिकारियों की मौजूदगी के ज़रिए भारत ने अपनी सामाजिक मजबूती और महिलाओं की निडरता का कड़ा संदेश दिया। इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की तैयारी... राज्य सरकार के प्रयास और आधुनिक तकनीक के साथ बदल रही है उद्यानिकी और पुष्प उत्पादन क्षेत्र की तस्वीर

स्वाद और गुणवत्ता के दम पर एमपी की 12 उद्यानिकी फसलों को मिला जीआई टैग

लहसुन, संतरा, टमाटर व धनिया उत्पादन में हम पूरे देश में प्रथम

भोपाल

मध्यप्रदेश ने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक उद्यानिकी और पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में देश में एक विशिष्ट और बेजोड़ पहचान स्थापित की है। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों और नीतिगत प्रोत्साहनों के चलते पिछले दो वर्षों में उद्यानिकी का रकबा 25 लाख हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 29 लाख हेक्टेयर हो गया है। इस अभूतपूर्व छलांग के साथ ही कुल उद्यानिकी उत्पादन भी 389 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 438 लाख मीट्रिक टन से अधिक दर्ज किया गया है। इस सफलता को वैश्विक स्तर पर तब बड़ी मान्यता मिली, जब प्रदेश की 12 प्रमुख उद्यानिकी फसलों को एक साथ प्रतिष्ठित जीआई टैग प्राप्त हुआ।

एमपी अभी संतरा, टमाटर, धनिया और लहसुन के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, सीताफल, बंदगोभी, प्याज और हरी मटर के उत्पादन में दूसरे व नींबू, पत्तागोभी, लाल मिर्च एवं खरबूजा के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है।

फ्लोरीकल्चर में भी मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) में भी राज्य ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया है, जहां करीब 45 हजार हेक्टेयर भूमि पर गुलाब, जरबेरा, गेंदा, सेवंती, रजनीगंधा और ग्लेडियोलस जैसे व्यावसायिक फूलों की खेती की जा रही है। इंदौर, रतलाम, उज्जैन, सतना, छिंदवाड़ा, गुना और जबलपुर पुष्प उत्पादन के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।

अब हॉर्टीकल्चर का रकबा भी 30 लाख हेक्टयर पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य

सरकार ने आगामी वर्षों में उद्यानिकी के रकबे को 30 लाख हेक्टेयर और कुल उत्पादन को 490 लाख मीट्रिक टन तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए इजरायल के तकनीकी सहयोग से फूलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु एक अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जा रहा है। साथ ही, फलों और सब्जियों के स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन के लिए प्रदेश में लगभग 10 हजार सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जा रही है, जिससे 1 लाख से अधिक किसानों, युवाओं और उद्यमियों को कृषि उद्यमिता का वैज्ञानिक प्रशिक्षण देकर लाभांवित किया जाएगा।

अन्नदाता की मेहनत को सम्मान... केंद्र सरकार के तय लक्ष्य से ज्यादा गेहूं खरीद कर बनाया नया रिकॉर्ड

बोनस के साथ इस बार 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद, यह बीते साल से 33% ज्यादा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दताना के नागझिरी स्थित अडानी एग्रो साइलो उपार्जन केंद्र के औचक निरीक्षण में मंडी में लाए गेहूं का अवलोकन किया।

भोपाल

मध्यप्रदेश के परिश्रमी किसानों और सरकार की सुदृढ़ नीतियों के साझा प्रयासों से राज्य ने गेहूं खरीदी के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। खरीद सत्र के दौरान राज्य सरकार ने 40 प्रति क्विंटल बोनस के साथ 2,665 प्रति क्विंटल की प्रभावी दर से कुल 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं का रिकॉर्ड उपार्जन किया है। यह बीते वर्ष के लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से करीब 33.33 फीसदी ज्यादा है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने इस बार मध्यप्रदेश के लिए 100 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य तय किया था। इसके मुकाबले राज्य ने 104 लाख मीट्रिक टन की रिकॉर्ड खरीदी कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा भंडार में अपना ऐतिहासिक योगदान दिया है। सरकार ने आगामी समय में गेहूं की प्रति क्विंटल कीमत को 2700 रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

किसान हित में तीन महत्वपूर्ण फैसले... जिनसे बना नया रिकॉर्ड

1 मौसम की बेरुखी से प्रभावित किसानों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार ने 50% तक खराब चमक) वाले गेहूं की भी पूरी कीमत पर खरीदी सुनिश्चित की।

2 इस वर्ष कुल 3,627 उपार्जन केंद्र बनाए गए थे, जहां किसानों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई।

3 गेहूं खरीद से जुड़ी हर जानकारी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए।

लघु-सीमांत किसानों को प्राथमिकता, स्लॉट बुकिंग में दिखी संवेदनशीलता

प्रदेश के 13 लाख 46 हजार से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और बोनस का सीधा लाभ मिला है। इसमें छोटे, लघु एवं सीमांत किसानों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कुल 34 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन का विशेष अवसर दिया गया। किसानों की व्यावहारिक सहूलियत को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की तारीखों को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई तक किया गया था। साथ ही, शनिवार के दिन भी स्लॉट बुकिंग व उपार्जन जारी रखा गया।

धान उत्पादकों को ₹ 22,202 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

धान उपार्जन में भी राज्य ने नए आयाम छुए हैं। पिछले दो वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश के 14 लाख 31 हजार से अधिक धान उत्पादक किसानों से 95 लाख 27 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान का सफल उपार्जन किया गया है, जिसके एवज में 22,202 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई है। इसके अतिरिक्त, 'मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना' के तहत प्रदेश के समस्त धान उत्पादकों को 4,000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

यहां भी हमारा दबदबा

- **मक्का उत्पादन में प्रथमः** अनाज श्रेणियों में बेहतर प्रबंधन और उन्नत बीजों के दम पर मध्यप्रदेश देश में मक्का उत्पादन में प्रथम स्थान पर बना हुआ है।
- **जैविक कपासः** पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के सफल क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश जैविक कपास के उत्पादन में भी देश में प्रथम स्थान पर है।

रानी दुर्गावती प्रोत्साहन... वैश्विक बाजारों तक पहुंच आसान

हमारे श्रीअन्न को नया जीवन, किसानों को 1000 रु. प्रति क्विंटल का बोनस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल के कुकरू में खेत में हल के साथ बुवाई की।

भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक काम कर रही है। इसमें पारंपरिक मोटे अनाजों (मिलेट्स) को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा रहा है। इससे जनजातीय क्षेत्रों के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। राज्य सरकार ने कोदो और कुटकी के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावा 1000 रुपये प्रति क्विंटल का सीधा नकद बोनस देने का क्रांतिकारी फैसला लागू किया है। खरीफ सीजन के दौरान रिकॉर्ड 15,000 मीट्रिक टन कोदो-कुटकी की खरीदी की गई है। सरकार ने बाजार में कुटकी का 3500 और कोदो का 2500 रुपये प्रति क्विंटल की रिकॉर्ड दर पर उपार्जन पक्का किया है। योजना के पहले चरण में प्रदेश के 15 प्रमुख श्रीअन्न उत्पादक जिलों के लगभग 4,000 किसानों से 3,000 मीट्रिक टन से अधिक कोदो-कुटकी की विशेष खरीदी पूरी कर ली गई है। यह वजह है कि पारंपरिक मोटे अनाजों को सुपरफूड बनाने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च द्वारा मप्र को बेस्ट इमर्जिंग स्टेट इन मिलेट प्रमोशन का अवार्ड दिया गया है

3,941 किसानों के खातों में ₹2.84 करोड़ का बोनस ट्रांसफर

योजना के तहत त्वरित तौर पर 3,941 श्रीअन्न उत्पादक किसानों के बैंक खातों में 2 करोड़ 84 लाख रुपये की राशि सीधे बोनस के रूप में भेजी जा चुकी है। श्रीअन्न को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों के तहत ही प्रदेश की 'सिताही कुटकी', 'नागदमन कुटकी', 'बैगानी अरहर' और 'छत्रिय धान' को प्रतिष्ठित जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

आगामी वर्ष के लिए 40 हजार मीट्रिक टन का नया लक्ष्य

इस सफलता से उत्साहित होकर राज्य सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कोदो-कुटकी उपार्जन का लक्ष्य बढ़ाकर 40 हजार मीट्रिक टन तय किया है। सरकार के इस बड़े कदम से प्रदेश के सुदूर व जनजातीय क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसानों की आय में भारी वृद्धि होना पूरी तरह तय है।

मुख्यमंत्री किसान उद्यमी योजना...

एग्री-बिजनेस के लिए युवाओं को मिलेगी ₹2 करोड़ तक वित्तीय मदद

योजना का मुख्य उद्देश्य युवा जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनाना है

भोपाल

मध्यप्रदेश के ग्रामीण युवाओं और किसानों के बच्चों को कृषि क्षेत्र में ही बेहतरीन स्वरोजगार तथा नए स्टार्टअप के अवसर देने के लिए 'मुख्यमंत्री किसान उद्यमी योजना' को एक नए और प्रभावी रूप में धरातल पर उतारा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं को 'जॉब सीकर' (नौकरी तलाशने वाले) के बजाय 'जॉब क्रिएटर' (रोजगार देने वाला) बनाना है। योजना के तहत पात्र युवाओं को कृषि आधारित उद्योग, एग्री-बिजनेस, कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग-पैकिंग सेंटर और बड़ी खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) इकाइयां स्थापित करने के लिए ₹2 करोड़ तक की भारी परियोजना वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा परियोजना लागत पर आकर्षक ऋण सब्सिडी और ब्याज अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे शुरुआती लागत का आर्थिक बोझ बेहद कम हो जाता है। इस योजना के क्रियान्वयन से न केवल स्थानीय कृषि उपज का वैल्यू एडिशन (मूल्य संवर्धन) हो रहा है, बल्कि सुदूर ग्रामीण अंचलों में स्थानीय युवाओं के लिए नियमित और सम्मानजनक रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं।

फसल बीमा में किसानों को राहत; बीमित राशि बढ़ी

भोपाल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों हेतु प्रति हेक्टेयर बीमित राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इस बार धान में 4100, मक्का में 2350 और सोयाबीन में 3910 रुपये प्रति हेक्टेयर तक बीमित राशि में इजाफा हुआ है। यदि फसल को नुकसान होता है, तो धान में 10%, मक्का में 7% और सोयाबीन में 5% तक क्लेम राशि बढ़कर मिलने की राह आसान हुई है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई अधिसूचित है।

उदाहरण के तौर पर, शिवपुरी में धान की बीमित राशि 40,700 से बढ़ाकर 44,800 रुपये, छतरपुर में सोयाबीन की बीमित राश 39,590 से बढ़ाकर 43,500 रुपये और बड़वानी में मक्का की राशि 31,760 से बढ़ाकर 34,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की गई है। इससे आनुपातिक रूप से मिलने वाली क्लेम राशि में किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

आयातित तुअर पर मंडी टैक्स माफ, तिलहन पर भी सरकार का फोकस

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के मिशन पर मध्यप्रदेश, खर्च होंगे 123 करोड़ रुपए

भोपाल । देश को दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्य में अहम योगदान देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक के लिए महत्वाकांक्षी दाल मिशन को वित्तीय मंजूरी दे दी है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य तुअर, उड़द और मसूर की खेती का रकबा बढ़ाना है। किसानों को जलवायु अनुकूल उन्नत बीज दिए जाएंगे। साथ ही, स्टोरेज के आधुनिक इंतजाम किए जाएंगे। इस योजना के लिए ₹123.82 करोड़ की कार्ययोजना को वित्तीय स्वीकृति मिली है।

बता दें कि सरकार ने आयातित तुअर दाल पर मंडी टैक्स पूरी तरह माफ कर दिया है। उड़द, चना और मसूर की शत-प्रतिशत खरीदी की जा रही है। रबी सीजन में 91 हजार से अधिक किसानों से 2.71 लाख मीट्रिक टन चना खरीदा गया है। वहीं, 76 हजार से अधिक किसानों से 1.85 लाख मीट्रिक टन मसूर का सफल उपार्जन हुआ है। इसके साथ ही उड़द की खरीदी पर ₹600 प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है। इसके चलते, मध्यप्रदेश 20.4% हिस्सेदारी के साथ देश में सर्वाधिक दाल उत्पादन करने वाला अग्रणी राज्य बना हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर के मल्हारगढ़ में सिंगल क्लिक से सोयाबीन भावांतर राशि का अंतरण किया।

1.50 लाखः भावांतर योजना से सोयाबीन और सरसों के किसानों को संबल

बाजार में फसलों के दामों के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू है। इसके तहत 7.10 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों के बैंक खातों में ₹1,475 करोड़ ट्रांसफर किए गए हैं। अब सरसों और धान को भी इस योजना के दायरे में शामिल किया गया है। योजना के तहत अब तक 1.50 लाख से अधिक सरसों उत्पादक किसान पंजीयन करा चुके हैं।

गन्ना किसानों के लिए लाभकारी मूल्य और नई शुगर फैक्ट्री की सौगात

भोपाल। केंद्र सरकार ने गन्ना उत्पादकों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला लिया है। सरकार ने गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इस निर्णय से मध्यप्रदेश के गन्ना किसानों को सीधा और बड़ा आर्थिक लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश के कोलारस में एक नई आधुनिक शुगर फैक्ट्री की स्थापना की जा रही है। इस शुगर मिल के शुरू होने के बाद क्षेत्र के गन्ना उत्पादकों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर ही एक बड़ा, व्यवस्थित और सुविधाजनक बाजार उपलब्ध होगा, जिससे परिवहन की कठिनाइयों में कमी आएगी और विपणन की प्रक्रिया भी अधिक सुगम बन सकेगी।

नवाचार से महकी खेती... पारंपरिक खेती की रूढ़ियों को तोड़कर धार जिले के दो किसानों ने पेश की कामयाबी की नई मिसाल

धार के सुखदेव ने शेडनेट हाउस में फसल उगाकर 3 महीने में कमाया 3 लाख मुनाफा, ड्रिप तकनीक से सिंचाई कर नरेंद्र को 2 लाख की लागत पर 6 लाख का फायदा

संरक्षित खेती अपनाकर सरकारी योजनाओं के सहारे मिली सफलता

भोपाल

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और सोच आधुनिक, तो माटी भी सोना उगलने लगती है। धार जिले के दो प्रगतिशील किसानों ने अपनी मेहनत और आधुनिक तकनीक के संगम से इस बात को सच कर दिखाया है। इन्होंने खेती को केवल आजीविका का साधन नहीं माना, बल्कि नए दौर की तकनीकों को अपनाकर मुनाफे का रास्ता तैयार किया है। इनमें से एक हैं सुखदेव और दूसरे हैं नरेंद्र...जिन्होंने पुरातन तरीके से चली आ खेती की परंपराओं को तोड़ा ही नहीं, बल्कि अपने हौंसले से लाखों किसानों को नया रास्ता भी दिखाया है।

तकनीक का फायदाः संरक्षित खेती और ड्रिप इरीगेशन से पारंपरिक की तुलना में 3 से 4 गुना मुनाफा

सुखदेव की मेहनत ने लिखी कामयाबी की नई कहानी

धार जिले के निसरपुर विकासखंड के ग्राम निम्बोल निवासी सुखदेव (पिता टीकम पाटीदार) के पास 1.565 हेक्टेयर कृषि भूमि है। वे बरसों से पारंपरिक खेती कर रहे थे, जहां प्रति एकड़ बमुश्किल 50 हजार रुपये का लाभ मिल पाता था। सुखदेव ने उद्यानिकी विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना का लाभ उठाया और अपने खेत के 4000 वर्गमीटर हिस्से में एक आधुनिक शेडनेट हाउस का निर्माण करवाया। इस काम के लिए विभाग की तरफ से उन्हें 1.42 लाख रुपये का शासकीय अनुदान मिला। सुखदेव

ने इसमें खीरे की व्यावसायिक किस्म की बुवाई की। बीज, खाद, दवाई और मजदूरी को मिलाकर उनका कुल खर्च 2 लाख रुपये आया। लेकिन जब 3 महीने बाद फसल तैयार हुई, तो सुखदेव ने तमाम खर्चे काटकर मात्र 3 महीने के भीतर 3 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमाया।

पानी की हर बूंद के सही उपयोग से बदली तकदीर

कामयाबी की ऐसी ही एक खूबसूरत कहानी निसरपुर के ही एक और कृषक नरेंद्र (पिता धुरजी पाटीदार) ने लिखी है। नरेंद्र के पास 2.000 हेक्टेयर का रकबा है। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत अपने पूरे खेत में आधुनिक ड्रिप इरीगेशन (टपक सिंचाई) प्रणाली को स्थापित किया। इसके बाद उन्होंने तरबूज की उन्नत खेती की शुरुआत की। नरेंद्र ने फसल में 2 लाख रुपये की लागत लगाई। ड्रिप तकनीक के साथ मल्चिंग शीट का उपयोग करने से खेत में पानी की एक-एक बूंद का सही उपयोग हुआ,

जिससे खाद, पानी, समय और मजदूरी की भारी बचत हुई। जब फसल बाजार में पहुंची, तो नरेंद्र को 2 लाख की लागत के मुकाबले 6 लाख रुपये की शुद्ध बचत प्राप्त हुई। नरेंद्र की यह सफलता साबित करती है कि अगर पानी का सही प्रबंधन हो तो कम लागत में भी रिकॉर्ड मुनाफा कमाया जा सकता है।

कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर और फसल बीमा में एमपी को मिले राष्ट्रीय पुरस्कार

भोपाल | मध्यप्रदेश ने कृषि क्षेत्र के बेहतर बुनियादी ढांचे और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सर्वश्रेष्ठ और विवादमुक्त क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश की एस.एल.बी.सी. को देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के सर्वश्रेष्ठ और देश में सर्वाधिक उपयोग के लिए मध्यप्रदेश को लगातार तीन वर्षों तक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) पुरस्कार में भी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में मध्यप्रदेश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

D-11081/26

वन विभाग के अफसर कुछ कहने से बचते रहे...

समरधा जंगल में मिला बाघ के शावक का शव, शरीर और गर्दन पर चोट के निशान

बाघ के हमले की आशंका, वन विभाग ने नहीं की पुष्टि पीएम के बाद ही कारण पता चल सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समरधा जंगल में करीब एक साल के बाघ के शावक का शव मिलने का मामला सामने आया है। शावक के शरीर और गर्दन पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़े बाघ के हमले में उसकी मौत हुई होगी। हालांकि, वन विभाग ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया गया है कि रायसेन रोड पर हरिपुरा गांव की फॉरेस्ट चौकी के पास जंगल में शावक का शव मिला।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। चोट के निशान मिलने के बाद बाघों के बीच संघर्ष की आशंका जताई जा रही है। मामले में वन विभाग के अधिकारी फिलहाल स्पष्ट जानकारी देने से बच रहे हैं। डीएफओ लोकप्रिय भारती से संपर्क नहीं हो सका। वहीं, एसडीओ मनमोहन जाटव ने बाघ के शावक की मौत की जानकारी होने से इनकार किया। ऐसे में मौत का कारण अभी साफ नहीं है।

बाघों के संघर्ष की पुष्टि हुई तो गंभीर मामला

बाघ विशेषज्ञ राशिद नूर के अनुसार, यदि शावक की मौत आपसी संघर्ष में हुई है तो यह गंभीर मामला होगा। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

परिजनों की सहमति के बाद लिवर और दोनों किडनियां की दान

मानवता की मिसालः 24 साल के सुनील ने तीन लोगों को दी नई जिंदगी, डॉक्टर्स ने घोषित किया था ब्रेन डेड

परिजनों का सम्मान करता अस्पताल प्रबंधन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक बार फिर मानवता और परिजनों के साहस की भावुक कहानी सामने आई है। बैतूल निवासी 24 वर्षीय सुनील बोसमाकर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एम्स भोपाल में डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों की टीम ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

इस गहरे सदमे के बीच परिजनों ने ऐसा निर्णय लिया, जिससे सुनील की जिंदगी तीन अन्य मरीजों के लिए नई उम्मीद बन गई। चिकित्सकीय प्रक्रिया के बाद उनका लिवर और दोनों किडनी निकाली गई। लिवर और एक किडनी का प्रत्यारोपण एम्स भोपाल में किया गया, जबकि दूसरी किडनी बंसल अस्पताल को आवंटित की गई। एम्स भोपाल प्रबंधन के अनुसार संस्थान में ब्रेन डेड डोनर से किया गया यह चौथा सफल अंगदान है। एम्स प्रबंधन ने सुनील के परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज से अंगदान का संकल्प लेने की अपील की है।

एम्स भोपाल से बंसल अस्पताल तक बना 'ग्रीन कॉरिडोर'

किडनी को सुरक्षित और कम से कम समय में बंसल अस्पताल तक पहुंचाने के लिए भोपाल पुलिस और ट्रैफिक विभाग के सहयोग से विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। बिना किसी रुकावट के एंबुलेंस तय समय में बंसल अस्पताल पहुंची और समय रहते मरीज को ट्रांसप्लांट कर नया जीवन प्रदान किया गया।

बाघिन ने किया चरवाहे पर हमला, भैंसों ने बचाई जान

भोपाल। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर क्षेत्र अंतगर्त बघड़ो बीट में 12 अगस्त को मवेशियों को तलाशने गए एक चरवाहे पर बाघिन ने हमला कर दिया। चरवाहे की मदद के लिए की गई पुकार पर भैंसें तत्काल उसके पास पहुंचीं और बाघिन पर हमलावर हो गईं। भैंसों के झुंड से घबरा कर बाघिन चरवाहे को छोड़ कर भाग गई। भैंसों की तत्परता और वफादारी से चरवाहे की जान बच गई। हमले में चरवाहे के हाथ में चोट आई है और उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य है। जानकारी मिलते ही वन विभाग ने संबंधित क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया के ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आसपास के ग्रामीणों एवं चरवाहों से जंगल में अकेले नहीं जाने तथा मवेशी चराते समय विशे सतर्कता बरतने की अपील की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बघड़ो निवासी 36 वर्षीय रामनरेश सिंह मवेशियों को तलाशते हुए अनजाने में बफर जोन की सीमा पार कर कोर क्षेत्र में पहुंच गए थे। इसी दौरान उनका सामना एक बाघिन और उसके शावक से हो गया। शावक को खतरे में समझ बाघिन ने अचानक हमला कर दिया।

थाने से बुलाना पड़ा अतिरिक्त बल, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

पैगामे मोहब्बत जुलूस में विवाद, एसआई की वर्दी फटी, आरक्षक को मारा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी का मामला

जुलूस के कारण जाम व भीड़ की स्थिति निर्मित थी

मारपीट और उपद्रव करने वाले युवक मौके से भाग निकले

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी में शनिवार शाम पैगामे मोहब्बत जुलूस में हुए विवाद में बीच बचाव करने पहुंची पुलिस से आसामाजिक तत्वों मारपीट कर दी। आरोपियों ने एसआई की कॉलर पकड़कर उसे खींच लिया। आरक्षक बचाव में आगे बढ़ा तो एक आरोपी ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस को थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। इस दौरान मारपीट और उपद्रव करने वाले युवक मौके से भाग निकले। पुलिस ने नामजद आरोपियों पर मारपीट शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शनिवार 15 अगस्त की शाम पैगामे मोहब्बत जुलूस का आयोजन किया गया था। रैली में पुलिस बल अलग-अलग जगह ड्यूटी पर तैनात था।

एसआई अमित भदौरिया टीम के साथ भोपाल टॉकीज चौराहा पर रैली व्यवस्था में लगे थे। इसी बीच वायरलेस सेट पर आदेश मिला कि सिंधी कॉलोनी पर अत्यधिक जाम और भीड़ की स्थिति बन रही है। शाम करीब पांच बजे एसआई अमित भदौरिया चार्ली में तैनात आरक्षक मोहित शिवहरे और आरक्षक सचिन ठाकुर को लेकर सिंधी कॉलोनी चौकी के पास पहुंचे।

पुलिस को जुलूस के दौरान कुछ लोग विवाद करते नजर आए

जुलूस के कारण अत्यधिक जाम व भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही थी। जुलूस में वह सिंधी कॉलोनी चौराहा से दरगाह की तरफ बढ़े। इस दौरान कुछ लोग विवाद करते हुए नजर आए। विवाद के कारण जुलूस में लोग रुक गए और विवाद देखने लगे। विवाद बढ़ने पर एसआई अमित भदौरिया, आरक्षक मोहित शिवहरे और आरक्षक सचिन ठाकुर ने विवाद कर रहे लोगों में बीच बचाव किया। इस दौरान विवाद कर रहे जावेद उर्फ कंघी नामक युवक ने पुलिस को देखकर गालीगलौज शुरू कर दी। वह कहने लगा कि तुम लोग क्यों बीच में आ रहे हो। उसे गाली देने से मना किया तो वह आगे बढ़ा और एसआई अमित भदौरिया की कॉलर पकड़ने के बाद उन्हें भीड़ में खींचने लगा। इससे उनकी वर्दी की बटन फट गई और बाएं फ्लैप की बटन टूट गई। एसआई अमित के साथ बदसलूकी देख आरक्षक मोहित शिवहरे सामने आया। भीड़ में से एक व्यक्ति ने आरक्षक को थप्पड़ जड़ दिया। आरोपी ने उसकी वर्दी पकड़कर धक्का मुक्की की। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। इधर, जुलूस ड्यूटी में लगे एएसआई बब्बू सिंह और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा तो भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले। भीड़ में लोगों से पूछने पर पता चला कि एसआई अमित भदौरिया की कॉलर पकड़कर खींचने वाले सख्श का नाम जावेद उर्फ कंघी है, जबकि आरक्षक मोहित शिवहरे के साथ मारपीट करने वाला युवक तबरेज है। आरोपियों के साथ मौजूद अन्य लोगों के नाम पता नहीं चल सके हैं।

नाइट ड्यूटी के दौरान एसआई की तबीयत बिगड़ी सीपीआर देकर बचाई जान

तलैया थाने में एसआई को सीपीआर देते पुलिस कर्मी।

तलैया थाने में पदस्थ एसआई राधेलाल की नाइट ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई। वह कुर्सी पर अचानक बेसुध हो गए। कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल सीपीआर दी। सीपीआर देने से उनकी सांसे लौट आई। इसके बाद साथी कर्मचारी उन्हें तत्काल शासकीय वाहन से निजी अस्पताल ले गए। समय पर सीपीआर देने और अस्पताल पहुंचाने से एसआई की जान बच गई। जानकारी के अनुसार 14 अगस्त की रात करीब 11 बजकर 37 मिनट पर थाने में नाइट अधिकारी की ड्यूटी कर रहे एसआई राधेलाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह कुर्सी पर बैठे-बैठे बेहोश हो गए। उन्हें बेसुध देखकर एएसआई राजकुमार शर्मा व आरक्षक अंकित ने तत्काल सीपीआर दी। काफी देर तक सीपीआर देने के कारण उनकी उखड़ी हुई सांसें लौट आई। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। अभी उनकी हालत खतरे से बाहर है।

आंगनबाड़ी में कराया था वैक्सीनेशन

टीकाकरण के बाद दो महीने की मासूम की तबीयत बिगड़ी, मौत

पोलियो की खुराक देने के बाद कराया था वेक्सीनेशन

इंजेक्शन के बाद बच्ची को आया बुखार बीमार हुई

मृतक लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नवजीवन कॉलोनी में दो महीने की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एक दिन पहले माता-पिता ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्ची का वैक्सीनेशन कराया था। वहां पोलियो की दवा पिलाने के बाद वैक्सीनेशन में दो इंजेक्शन लगाए गए। वैक्सीनेशन के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ी। मां ने रात को दूध पिलाकर बच्ची को सुला दिया था, लेकिन अगले ही दिन बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्ची का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

पुलिस के अनुसार नवजीवन कॉलोनी निवासी हल्के सिंह मेहनत-मजदूरी करता है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे थे। बड़ा बेटा और दो माह की छोटी बेटी लक्ष्मी थी। विगत 14 अगस्त को माता-पिता टीकाकरण के लिए लक्ष्मी को आंगनबाड़ी केंद्र लेकर गए थे। वहां पोलिया की दवा पिलाने के बाद नर्स ने दो इंजेक्शन लगाए। वैक्सीनेशन के बाद घर आकर लक्ष्मी कुछ देर तक सामान्य रूप से खेलती रही, लेकिन फिर उसके बाद उसे बुखार आने लगा और वह बीमार हो गई। रात करीब 12 बजे मां ने दूध पिलाकर बच्ची को सुला दिया था। अगले दिन 15 अगस्त की सुबह जगाने के बाद भी बच्ची नहीं उठी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता का कहना है कि उनकी बिटिया को आंगनवाड़ी में टीकाकरण के ओवरडोज दिए गए। जिससे बच्ची की मौत हो गई। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि बच्ची की मौत कैसे हुई है।

बेकरी, मां कालका रेस्टोरेंट और त्रिमूर्ति हॉस्पिटल पर हुई कार्रवाई

मिक्स कचरा देने व गंदगी फैलाने के तीन मामलों में 20 हजार वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को नगर निगम के जोन-16 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड-72 में निरीक्षण के दौरान खुले में बड़ी मात्रा में फेंके गए कचरे के मामले का खुलासा कचरे में मिले बिल के आधार पर किया। बिल से कचरा भेजने वाले बेकरी संचालक की पहचान होने के बाद उसे मौके पर बुलाकर 5 हजार रुपए का चालान किया गया।

दो अन्य मामलों में कार्रवाई करते हुए निगम ने 20 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ साहू के नेतृत्व में टीम को दरगाह के पास बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा मिला। बिल के आधार पर कचरा शिवनगर स्थित एलबीएम स्कूल के पास संचालित बेकरी से भेजे जाने की जानकारी सामने आई।

गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्रवाई करता निगम अमला।

इसके बाद बेकरी संचालक पंकज विश्वकर्मा को मौके पर बुलाया गया। खुले में कचरा फेंकने पर 5 हजार रुपए का चालान किया गया। त्रिमूर्ति हॉस्पिटल द्वारा कचरे को मिलाकर दिए जाने पर अस्पताल संचालक के खिलाफ 5 हजार रुपए का जुर्माना किया। गंदगी पाए जाने पर मां कालका रेस्टोरेंट के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। 10 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया।

चलती ट्रेन में महिला को हुई प्रसव पीड़ा तो महिलाओं, आरपीएफ ने कराई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के जनरल कोच में महिला यात्री को चलती ट्रेन में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इस दौरान ट्रेन मंडीदीप स्टेशन से निकल चुकी थी।

इस दौरान कोच में सफर कर रही अन्य महिला यात्रियों को महिला के पति ने सूचना देते हुए मदद मांगी। साथ ही किसी अन्य यात्री ने 139 पर कॉल कर रेलवे को सूचना दी। वहां से भोपाल कंट्रोल को सूचना दी गई।

सफर के बीच गूंजी किलकारीः आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सबका सहयोग रहा सफल

जच्चा-बच्चा के साथ आरपीएफ टीम।

उप निरीक्षक संध्या व आरक्षक प्रियंका को आरपीएफ ने पहुंचने के निर्देश दिए

ट्रेन में सहयात्री महिलाओं ने मदद के लिए मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान आरपीएफ प्रधान आरक्षक रवींद्र यादव को सूचाना मिलने पर उन्होंने तत्काल गाड़ी संख्या 12707 आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में उप निरीक्षक संध्या चौधरी व महिला आरक्षक प्रियंका को पहुंचने के निर्देश दिए। जनरल कोच में पहुंची आरपीएफ टीम ने महिला यात्रियों की मदद से प्रसव से पीड़ित महिला का प्रसव कराया गया। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, नवजात की किलकारी गूंज के साथ ही यात्रियों के चेहरों पर खुशी और राहत दिखाई देने लगी।

रेलवे डॉक्टर की टीम ने की जांच हमीदिया अस्पताल में कराया भर्ती

जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में प्रसूता महिला रेनू देवी अपने पति नवाब साहनी व एक बच्चे के साथ महबूब नगर से हजरत निजामुद्दीन के लिए सफर कर रही थीं। इस दौरान चलती ट्रेन में ही प्रसव पीड़ा होने लगी। भोपाल स्टेशन पर उप निरीक्षक संध्या चौधरी ने अन्य महिला यात्री की मदद से महिला की सफल डिलीवरी कराई। इस दौरान सूचना मिलने पर रेलवे डॉक्टर को बुलाया गया। जिसके बाद रेलवे डॉ. स्वर्णदास अपनी टीम के साथ पहुंची, उन्होंने बच्चे की नाल काटकर बच्चे तथा महिला का परीक्षण किया, जहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ होने पर उतारकर हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान ट्रेन करीब 28 मिनट तक भोपाल स्टेशन पर खड़ी रही।

102 फीडिंग स्पॉट और 9 संवेदनशील स्थानों की योजना फाइलों में, , तीन एबीसी सेंटर के भरोसे 1.25 लाख श्वान

कागजों में सुरक्षा और प्लान? न डॉग फीडिंग प्वाइंट बने, न पब्लिक प्लेस पर सुरक्षा के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्ट्रीट डॉग से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम की योजनाएं कागजों से बाहर नहीं निकल पा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद भी शहर में अब तक शेल्टर होम तैयार नहीं हो सके। निगम ने करीब 1.25 लाख स्ट्रीट डॉग के लिए तीन शेल्टर होम बनाने की योजना जरूर तैयार की है, लेकिन इनके लिए अभी जगह चिन्हित करने की प्रक्रिया ही चल रही है।

वहीं शहर में 102 फीडिंग स्पॉट और 9 संवेदनशील स्थान चिन्हित किए जाने का दावा भी किया गया है, लेकिन मौके पर इनकी प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। स्ट्रीट डॉग की आबादी नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में निगम के पास तीन एबीसी सेंटर ही हैं। निगम के अनुमान के अनुसार श्वानों की संख्या को देखते हुए कम से कम नौ एबीसी सेंटर की जरूरत है। इसके बावजूद नए सेंटर शुरू नहीं हो पाए हैं। ऐसे में तीन सेंटर के जरिए नसबंदी अभियान चलाकर बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने की कवायद पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्क्रति जैन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप एंटी रैबीज कार्यक्रम चल रहा है। शेल्टर होम और एबीसी सेंटरों के लिए भी जगह तय हो गई है। डॉग स्कवायड की टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव हैं।

पार्क, अस्पताल स्कूल और सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट डॉग की मौजूदगी बरकरार

फाइल फोटो

102 फीडिंग स्पॉट भी नहीं दिखे

निगम ने स्ट्रीट डॉग के लिए शहर में 102 फीडिंग स्पॉट चिन्हित किए हैं। इसके अलावा 9 संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है, जहां से श्वानों को हटाकर शेल्टर होम में रखने की योजना थी, लेकिन शेल्टर होम नहीं होने से संवेदनशील स्थानों पर कार्रवाई की योजना भी अटक गई है। पार्कों, अस्पतालों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट डॉग की मौजूदगी अभी भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

नसबंदी बढ़ी, लेकिन आबादी भी बड़ी

निगम का दावा है कि पिछले 11 महीनों में नसबंदी में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और डॉग बाइट की घटनाओं में 10 प्रतिशत कमी आई है। हालांकि, करीब 1.25 लाख स्ट्रीट डॉग की आबादी के मुकाबले मौजूदा व्यवस्था अपर्याप्त नजर आती है।

कब-कब हुई आवारा कुत्तों की नसबंदी

वर्ष	नसबंदी	एंटी रेबीज
2022-23	9,082	9,352
2023-24	18,497	20,649
2024-25	21,452	26,472
2025-26	21,923	25,608

नसबंदी बढ़ी, लेकिन व्यवस्था अभी भी आबादी के अनुपात में

आंकड़े बताते हैं कि नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण की संख्या में पिछले वर्षों में वृद्धि हुई है, लेकिन श्वानों की बड़ी आबादी को देखते हुए अभियान की गति और संसाधनों में बड़ा अंतर बना हुआ है। शेल्टर होम, फीडिंग प्वाइंट और अतिरिक्त एबीसी सेंटर बनने तक सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

अवैध निर्माणों के विरोध में बैठक, रैली निकाल कर करेंगे जागरूक

भोपाल। शहर के रिहायशी इलाकों में व्यवसायिक उपयोग और अवैध निर्माण को लेकर रविवार को रहवासी समिति की बैठक ग्रीन सिटी कॉलोनी में संपन्न हुई। इसमें समिति द्वारा चलाई जा रही मुहिम को और मजबूती देने के लिए शनिवार को सेवाए कॉम्प्लेक्स से ओरा मॉल तक टॉर्च जलाकर रैली निकालने, जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने और अभियान को अधिक से अधिक रहवासी समितियों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

सत्यमेव जयते
পশ্চিমবঙ্গ সরকার

भरोसे के 100 दिन

8 स्तंभ
विकसित
पश्चिम बंगाल
के निर्माण हेतु

पश्चिम बंगाल में नए अध्याय का
शुभारंभ

उद्योग | स्वास्थ्य | शिक्षा | सुशासन
सशक्तीकरण | सेवा | सुरक्षा | समृद्धि

100 दिन | परिवर्तन एक नज़र में

» उद्योग के 100 दिन

- ₹54,000+ करोड़ का निवेश प्रस्तावित
- ₹5,000 करोड़ के निवेश प्रोत्साहन रूपरेखा
- ₹100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वालों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था
- ₹100 करोड़ का स्टार्टअप फंड। नए उद्यमों व युवाओं के नये सोच को प्रोत्साहन

» स्वास्थ्य के 100 दिन

- 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा' योजना के अंतर्गत ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
- 'आयुष्मान भारत' योजना के दायरे में 1.43 करोड़ परिवार
- न्यू टाउन में निजी निवेशक समूह की पहल से 2,000 बेड वाले अत्याधुनिक अस्पताल का कार्य प्रारंभ। गरीबों के लिए 1,000 बेड आरक्षित
- उत्तर बंगाल में एम्स व अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल, सुंदरवन एवं जंगलमहल में आधुनिक राज्य सरकारी अस्पताल

» शिक्षा के 100 दिन

- मिड डे मील के बजट में वृद्धि और इस्कॉन के सहयोग से भोजन की गुणवत्ता में सुधार
- पश्चिम बंगाल के विभिन्न पुस्तकालयों की लगभग 35,000 पुस्तकें ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं
- सरकारी एवं बांग्ला माध्यम के विद्यालयों की स्थिति सुधारने हेतु ₹296 करोड़ की आर्थिक सहायता
- सरकारी विद्यालयों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित। 10 लाख से अधिक छात्राओं को 'कन्या रत्न'

» सुशासन के 100 दिन

- 'गुंडा दमन कानून' लागू किया गया है
- 'जनता दरबार' के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री तक शिकायतें दर्ज हो रही है
- राज्य में 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' एवं 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' लागू
- घूस, रंगदारी (तोलाबाज़ी), अवैध टोल बूथ एवं अवैध शराब कारोबार की शिकायत हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर शुरू

» सशक्तीकरण के 100 दिन

- 1.19 करोड़ अन्नपूर्णा उपभोक्ताओं के बैंक खाते में प्रतिमाह पहुँच रहे ₹3,000
- महिलाओं के लिए सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा
- युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के उद्देश्य से आगामी एक वर्ष में 1 लाख सरकारी नौकरियां देने का कार्य प्रारंभ
- सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की घोषणा

» सेवा के 100 दिन

- आवास योजना के अंतर्गत 10 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रत्येक किश्त में ₹60,000 की आर्थिक सहायता प्रेषित
- माँ आहार कैंटीन में मछली-चावल की व्यवस्था
- वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों की मासिक पेंशन में ₹500 की वृद्धि
- सरकारी अस्पतालों में रोगियों के भोजन का दैनिक बजट ₹56 से बढ़ाकर ₹110 किया गया

» सुरक्षा के 100 दिन

- सीमा सुरक्षा हेतु बीएसएफ को 1,000+ एकड़ भूमि हस्तांतरित
- सड़कों पर 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' एवं 'पिंक गश्ती दल' की तैनाती
- साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु प्रत्येक थाने में 'साइबर हेल्प डेस्क'
- प्रत्येक सब-डिवीजन में महिला पुलिस स्टेशन, प्रत्येक थाने में 'महिला सहायता केंद्र'

» समृद्धि के 100 दिन

- कोलकाता में पश्चिम बंगाल का पहला 'अटल इनक्यूबेशन सेंटर' (AIC Techno) शुरू। यह केंद्र युवा उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स के विकास हेतु कार्य करेगा
- पारदर्शी ओबीसी आरक्षण ढांचा : 17% अवैध आरक्षण को निरस्त कर 7% न्यायसंगत आरक्षण सुनिश्चित
- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत राज्यभर में 2 करोड़+ वृक्षारोपण संपन्न
- पुरुलिया, बालूरघाट एवं मालदा में नए एयरपोर्ट तथा कल्याणी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की पहल



भरोसे के 100 दिन

विकास के संकल्प के साथ समृद्ध पश्चिम बंगाल के निर्माण का लक्ष्य

नई सरकार | नई दिशा | नया पश्चिम बंगाल

पेज एक का शेष...

एक करोड़ युवाओं ...

21 तोपों की सलामी दी गई। अपने संबोधन के दौरान पीएम ने राष्ट्र सुरक्षा, युवाओं के भविष्य और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पीएम ने दो प्रमुख घोषणाएं कीं। इसमें अगले एक साल में देश के 1 करोड़ युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ट्रेनिंग दी जाएगी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था शुरू की जाएगी। साथ ही युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए एक लाख करोड़ का फंड भी स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने सचेत किया कि हथियारबंद नक्सल तो चले गए, लेकिन दिमागी नक्सल अब भी मौके की तलाश में हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना और उन्हें आइसोलेट करना बेहद जरूरी है।

देश को दी ...

रोबोटिक्स और नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन में भारत को लीडर बनाना।

4. **गति शक्तिः** हाई-स्पीड रेल, आधुनिक हाईवे, वॉटरवेज, एयरपोर्ट और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स से सीमलेस कनेक्टिविटी बढ़ाना।
5. **रक्षा शक्तिः** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना और आधुनिक डिफेंस टेक्नोलॉजी व उपकरणों का उत्पादन करना।
6. **ग्रीन और ब्लू इकोनॉमीः** ग्रीन हाइड्रोजन, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन मोबिलिटी के साथ समुद्री संसाधनों व मत्स्य पालन का विकास।
7. **भारत का सॉफ्ट पावरः** योग, आयुर्वेद, होलिस्टिक हेल्थकेयर, संस्कृति, पर्यटन और डिजिटल कंटेंट के जरिए वैश्विक प्रभाव बढ़ाना।

हर साल '10 हजार...

वर्ष 2027 में भोपाल में फिर ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अगले छह माह में एक हजार डॉक्टरों की नियुक्ति होगी। स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल बदलाव किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में 1 नवंबर 2026 से मरीजों की जांच को पेपरलेस बनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि भोजशाला में सरस्वती लोक लोक बनेगा और राजा भोज संस्थान की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। परेड में सशस्त्र दलों ने हर्ष फायर किया और पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान जन-गण-मन तथा देश भक्ति गीतों की धुनों से वातावरण में राष्ट्र प्रेम, और समर्पण के भाव का संचार किया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा प्रदेशवासियों के नाम संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप, ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मप्र में समान नागरिक संहिता कानून लागू कर रहे हैं। यूसीसी महिलाओं को अत्याचार और अन्याय से मुक्ति दिलाएगी।

शाह बोले- महापाप...

140 करोड़ देशवासियों से दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। 80 साल के बाद बंकिम बाबू का यह अमर मंत्र, अमर गान जब फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है। तो कांग्रेस को यह पसंद नहीं आ रहा है। हालांकि, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण के गायन को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

29 जुलाई को नया कानून बना, अपमान पर 3 साल सजाः वंदे मातरम को लेकर यह विवाद ऐसे समय हुआ है, जब संसद ने हाल ही में इसे कानूनी संरक्षण देने वाला नया कानून पास किया है। इसके तहत वंदे मातरम को 'जन गण मन' के बराबर कानूनी संरक्षण मिला है। जानबूझकर इसके अपमान या गायन में रुकावट डालने पर 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

देश से माफी ...

राहुल गांधी को इस गलती के लिए देश से तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

यह सिर्फ ध्यान ...

अयोध्या राम मंदिर निर्माण फंड से जुड़े मामलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि जनता को बुनियादी मुद्दों से दूर रखने के लिए जानबूझकर सांप्रदायिकता और जातिवाद की भावनाओं को हवा दी जा रही है।

12 जिलों में ....

औसत से कुल 11 फीसदी कम बारिश हुई है। अब तक पूर्वी मप्र में सामान्य से औसतन 17 और पश्चिमी हिस्से में 6 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 17 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। सोमवार को सतना, रायसेन, सीधी, रीवा, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, सागर, छतरपुर, मैहर में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में उमरिया में सर्वाधिक बारिश 205.2 मिमी हुई। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सभी बांधों का जलस्तर बढ़ रहा है। बड़े तालाब का जलस्तर 1665.4 पहुंच गया है। अब इसे छलकने के लिए महज 1.4 फीट ही बचा है। बड़े तालाब का फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है।

रीवा-अमरकंटक मार्ग पर घंटों लगा जाम

अनूपपुर। रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर जैन मंदिर नाला के पास बारिश का पानी और तेज बहाव राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बन गया। सुबह करीब 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक पानी का बहाव अत्यधिक रहा। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री बसों, निजी वाहनों और अन्य वाहनों में सवार लोग घंटों जाम में फंसे रहे। बारिश के बीच जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान आवागमन पूरी तरह प्रभावित दिखाई दिया।

चंबल नदी में ...

में चीख-पुकार मच गई। पानी का तेज बहाव स्टीमर को करीब 10 किलोमीटर दूर भिंड जिले की ओर बहाकर ले गया।

शिवपुरीः बाघिन...

यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने लिखा कि स्वाधीनता दिवस पर बाघों की नई पीढ़ी का आगमन हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। मध्य प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास अब सकारात्मक परिणामों के रूप में सामने आ रहे हैं। अखिल भारतीय बाघ आकलन की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुल 3,682 बाघों में से सर्वाधिक 785 बाघ अकेले मध्य प्रदेश में मौजूद हैं, जिसके कारण राज्य को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। सूची में कर्नाटक (563) दूसरे और उत्तराखंड (560) तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, राज्य के कान्हा टाइगर रिजर्व को देश में बाघों का सर्वश्रेष्ठ आवास क्षेत्र और सर्वाधिक शाकाहारी वन्य प्राणियों वाला रिजर्व घोषित किया गया है।

4.16 किलो सोना ...

5.5 करोड़ बताई जा रही है। घटना 13 अगस्त की रात की है। रतलाम निवासी सराफा व्यापारी अर्पित चोरड़िया बड़नगर से व्यापारिक काम निपटाकर बस से लौट रहे थे। उमरथाना फंटा के पास बस में सवार आरोपियों ने मारपीट कर उनसे सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन राकेश गुप्ता और एसपी रतलाम अमित कुमार के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने बड़नगर से रतलाम तक 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और साइबर-तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। 15 अगस्त को हिम्मतगढ़ पहाड़ी क्षेत्र से घेराबंदी कर 6 आरोपियों राहुल गुर्जर, अभिजीत गुर्जर, यशवंत गुर्जर, राहुल उर्फ वीर, रवि उर्फ बबला और मोहम्मद उमर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 4.167 किग्रा, 5.32 करोड़ कीमत का सोना और 183 नग (वजन 4.047 किग्रा), कीमत 9 लाख का चांदी बरामद किया गया।

यूजीसी-नेटःतीन...

है। इन विषयों के उम्मीदवारों से कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा शहर, केंद्र और एडमिट कार्ड आदि की जानकारी एनटीए की अधिकारिक वेबसाइट पर दी जाएगी। एनटीए ने परीक्षा रद्द करने के जो आधार बताएं हैं, वह चौंकाने वाले हैं। इसमें बताया है कि प्रश्न पत्रों में तथ्यात्मक, टाइपिंग और अनुवाद की गलतियां, मशहूर विद्वानों के नामों की गलत स्पेलिंग, किताबों के गलत शीर्षक, सवालों की भाषा, व्याकरण, लिंग और वचन जैसी गलतियां पाई गई हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया। ऐसे में एनटीए की क्षमता और उसके कामकाज पर फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एनटीए ने इस फैसले की जानकारी तब दी, जब यूजीसी नेट की 87 विषयों की परीक्षा में 84 विषयों की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई थी। छात्रों को 18 अगस्त को रात 11.59 बजे तक आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया गया है। एनटीए ने यूजीसी नेट की यह उत्तर कुंजी छात्रों के आंदोलन की धमकी के बाद जारी की थी।

दर्शन के लिए ....

उमड़ पड़ा। इस बार नागपंचमी के साथ-सावन माह का तीसरा सोमवार भी है, जिस दिन भगवान महाकाल की भव्य सवारी भी निकलेगी। इस अलौकिक और दुर्लभ संयोग के कारण उज्जैन में देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। मंदिर समिति के अनुसार इस अवसर पर करीब 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन करने का अनुमान है। रात को पट खुलते ही मंदिर परिसर 'जय श्री महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा।

देश के 'सबसे ....

ही 90 वर्ष की आयु पूरी करने के उपलक्ष्य में नौसेना की ओर से उन्हें एक विशेष कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय डेविड भावुक हो गए और उन्होंने नौसेना में बिताए अपने स्वर्णिम दिनों तथा अनुभवों को याद कर सभी का आभार जताया।

पहलगाम आतंकी...

चाहिए। भारत जोखिम उठाकर भी दुश्मन के घर में घुसकर करारा प्रहार कर सकता है। इस डॉक्यूसीरीज में अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े रुख, पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान (रिटायर्ड), पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई जैसे देश के शीर्ष सैन्य व सुरक्षा नेतृत्व के साक्षात्कार और अनुभव शामिल हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी। पहलगाम हमले के 3 मकसद थे। पहला-भारत को धर्म के आधार पर बांटना। दूसरा -जम्मू-कश्मीर के टूरिज्म सेक्टर को तहस-नहस करना। तीसरा- घाटी के युवाओं को आतंकवाद से जोड़ना। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओजेके में स्थित आतंकी ठिकानों, ट्रेनिंग कैंपों और एयरबेस को निशाना बनाया। सैन्य कार्रवाई के साथ-साथ भारत ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भी सख्त कदम उठाए, जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना शामिल था। सीरीज में दिखाया गया था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 7 मई को हमले की अनुमति देने से पहले सेना से 10 से 12 घंटे चिंतन के लिए मांगे थे। बाद में उन्होंने यह कहते हुए अनुमति दी कि हमले में नागरिक ठिकानों को कतई नुकसान न हो।

दो भागों में ....

रिलीज को बढ़ावा देने के लिए मुंबई सी-लिंक जैसी जगहों पर लाल रोशनी से 360-डिग्री प्रोजेक्शन अभियान भी चलाया गया।

गुमशुदा की तलाश

सतेन्द्र पालीवाल

मेरा छोटा भाई सतेन्द्र पालीवाल पिता स्व. शलिगराम पालीवाल निवासी ग्राम डुडवारा तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र. जो कि मानसिक रूप से कमजोर है, जो कि घर से बिना बताए दिनांक 05 अगस्त 2026 से कहीं चला गया है। जिस किसी सज्जन को कही भी दिखे तो मेरे नंबर 9407031846, 7000961501 पर सूचित करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जावेगा।

निवेदक
अनिल पालीवाल
ग्राम डुडवारा नरसिंहपुर म.प्र.
9407031846,7000961501

आम सूचना

शेड नंबर 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी राजीव नगर टीला जमालपुरा भोपाल की मूल रजिस्ट्री गुम होने के संबंध में

मैं अपने पक्षकार श्री शफीक खान पुत्र श्री अब्दुल खान आयु वयस्क निवासी मकान नंबर–3, मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन भोपाल मप्र की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य के शेड नंबर 15 क्षेत्रफल–28.85 प्रापर्टी आईडी नंबर–540202 309926071 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी राजीव नगर टीला जमालपुरा भोपाल मप्र की मूल रजिस्ट्री घर के सामान के रख–रखाव के दौरान कहीं खो गई है और बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिल रही है। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित मूल रजिस्ट्री गुम होने की सूचना थाना अशोका गार्डन भोपाल में भी दे दी है। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति की मूल रजिस्ट्री किसी भी व्यक्ति को मिले तो मुझे मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के ऊपर लिखे पते पर पेश करें। उपरोक्त वर्णित मूल रजिस्ट्री जिस किसी भी व्यक्ति को मिलते है तो वह उसका दुरुपयोग न करे। अन्यथा उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

ख़ालिद हफ़ीज़ एडवोकेट
कार्यालय -3, अंहाता
मनशाह पुल बोगदा भोपाल
मोबाइल नंबर -9993374688

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अरविन्द विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया, भोपाल
Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 1183/ तक / का.यं. / लो.स्वा./मैके. खण्ड/भोपाल/2026/दिनांक 12/08/2026
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/2026-27 दिनांक 12.08.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_527896_1 दिनांक 12.08.2026

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2026-27 के दौरान राजगढ़ जिले में विभागीय रिंग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 50 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 27.08.2026 सायं 17.30 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 31.08.2026 को सायं 15.00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपए 4,49,975/- (रुपए चार लाख उनन्चास हजार नो सौ पचहत्तर) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपए 9,000/- (रू. नो हजार) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रुपए 2000/- दिनांक 27.08.2026 सांय 17.30 बजे तक ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईट: https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परिशिष्ट / संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

कार्य का विवरण	टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.)	धरोहर राशि (रू.)	टेण्डर का. मूल्य (रू.)	टेण्डर बिक्री की अन्तिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	कार्य अवधि
वर्ष 2026-27 के दौरान राजगढ़ जिले में विभागीय रिंग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 50 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य	4,49,975.00	9,000.00	2,000.00	27.08.2026 सांय 17:30 तक	31.08.2026 सांय 15.00 तक	अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_527896_1 दिनांक 12.08.2026 पर उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड
भोपाल

जी - 17179/26 स्वच्छता ही सेवा है

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(अधीक्षण शाखा)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
दूरभाष क्र0- 0755-2512077, 2512059

क्रमांक एफ 2/2/14/0001/2026-GAD-12(1)-01(GAD) भोपाल, दिनांक 12/08/2026

// ई-निविदा सूचना //

मध्यप्रदेश राज्य शासन अंतर्गत मा०मुख्यमंत्री कार्यालय / निवास कार्यालय / मुख्य सचिव कार्यालय / म०प्र० मंत्रालय में संचालित विभिन्न विभागों के शासकीय उपयोग हेतु एल.ई.डी. टी. व्ही., ऑल-इन-वन डेस्कटॉप कम्प्यूटर, लेजर प्रिंटर, मल्टीफंक्शन प्रिंटर, यू.पी.एस, कम्प्यूटर मॉनिटर, फोटोकापियर मशीन, स्कैनर, पेपर शेडर मशीन, फैक्स मशीन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

01	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस	रुपए 1000/- (रुपये एक हजार मात्र)
02	निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय	दिनांक 13.08.2026 पूर्वान्ह 12.00 बजे से
03	निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय	दिनांक 04.09.2026 अपरान्ह 12.30 बजे तक।
04	निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि व समय	1. टेक्निकल बिड-दि. 08.09.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे 2. फायनेंशियल बिड- दि. 08.09.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे
05	प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष)
06	निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) (वल्लभ भवन क्रमांक-1)

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर ही जारी किये जायेगें। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

जी - 17172/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईटः-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
ADMISSION OPEN
B.A. BCA BBA BPES BSC
B.Com (Economics/Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSES
M.A: HINDI ENGLISH ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY
SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
PGDCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
(ONLINE COUNSELLING)
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पताः डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

शब्द पहेली - 6319



बाएँसेदाए±
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

शब्द पहेली -6318 का हल

का	ज	■	आ	ग	■	सा	थ	■	सु	रा
ल	■	ता	ना	■	आ	स	■	ख	ब	र
■	ली	ला	■	सा	था	■	क	ल	ह	■
म	न	■	रा	त	■	र	म	ल	■	वि
ली	■	फि	जा	■	अ	ग	ला	■	सा	दा
■	शू	र	■	की	च	ड़	■	ता	र	■
कु	ल	■	अ	म	ल	■	ख	त	■	मी
ली	■	ग	ल	त	■	प	ता	■	जा	न
■	दो	ज	ख	■	क	ल	■	ता	ल	■
धा	य	ल	■	दा	म	■	उ	म्र	■	मो
त	म	■	प	ग	■	कृ	ष्ण	■	क	र

सूडोकु नवताल - 6329

★★★★★ कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6328 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

जूनियर साथी और सदस्य को मुख्य सलाहकार बनाना विधान और नैतिकता दोनों से परे

गोविंद गोयल की व्यक्तिगत पसंद और गुटीय समीकरण का आधार सदस्यों को नहीं आ रहा रास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स में मुख्य सलाहकार की नियुक्ति को लेकर उठे सवालों ने संस्था के भीतर आपसी समन्वय, विधान और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को लेकर बहस तेज कर दी है। कृष्ण कुमार बांगड़ को मुख्य सलाहकार बनाए जाने पर कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों ने नियुक्ति की प्रक्रिया और औचित्य पर सवाल उठाए हैं। वहीं, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल और भोपाल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने संस्था के हित में सामूहिक रायशुमारी, पारदर्शिता और सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर चलने की जरूरत बताई है। उनका कहना है कि चेंबर हजारों व्यापारियों की संस्था है और किसी भी निर्णय में व्यक्तिगत पसंद के बजाय व्यापारी हित सर्वोपरि होना चाहिए।

गौरतलब है कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स में कृष्ण कुमार बांगड़ को मुख्य सलाहकार नियुक्त किए जाने को लेकर संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच सवाल उठने लगे हैं। कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस नियुक्ति को औचित्यहीन करार देते हुए असंतोष जताया है। चेंबर के विधान का हवाला देते हुए सदस्यों का कहना है कि सहयोजित सदस्य और मुख्य सलाहकार की नियुक्ति से पहले कमेटी के सभी सदस्यों से रायशुमारी किया जाना तथा उनकी सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। मुख्य सलाहकार का दायित्व ऐसे व्यक्ति को दिया जाना चाहिए, जिसकी वरिष्ठता, अनुभव और प्रतिभा का लाभ चेंबर के सदस्यों एवं संस्था को मिल सके। लेकिन चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल द्वारा बीते दिनों कृष्ण कुमार बांगड़ को मुख्य सलाहकार नियुक्त किए जाने के बाद संस्था के भीतर इस निर्णय को असंतोष व्याप्त हो गया है। कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों का कहना है कि यह नियुक्ति स्पष्ट करती है कि सामूहिक रायशुमारी के बिना और चेंबर के विधान प्रक्रिया को दरकिनार करने का नतीजा है। विरोध कर रहे सदस्यों का दावा है कि कृष्ण कुमार बांगड़ किसी प्रमुख व्यापारिक संगठन के अध्यक्ष नहीं रहे हैं और न ही उनमें वरिष्ठता जैसे कुछ है वे सिर्फ एक जूनियर सदस्य और तेल व्यापारी है। कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच यह चर्चा भी है कि बांगड़ को अध्यक्ष के करीबी होने के कारण यह जिम्मेदारी मिली है।

बांगड़ को मुख्य सलाहकार नियुक्ति पर असंतोष | चेंबर के भीतर उठ रहे सवालों पर लोगों की निगाहें

नियुक्ति में पारदर्शिता, सामूहिक सहमति और संस्था के हित को नहीं दी प्राथमिकता

सदस्यों का कहना है कि चेंबर हजारों व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है। इसलिए किसी भी महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति में पारदर्शिता, सामूहिक सहमति और संस्था के हित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। व्यक्तिगत पसंद अथवा गुटीय समीकरणों के बजाय वरिष्ठता, अनुभव, योग्यता और व्यापारिक हितों को आधार बनाया जाना चाहिए। चेंबर के भीतर उठ रहे इन सवालों के बीच अब निगाहें इस बात पर हैं कि अध्यक्ष गोयल अपनी इस कारगुजारी पर कार्यकारिणी को क्या स्पष्टीकरण देते हैं। सदस्यों का कहना है कि समय रहते संवाद के जरिए स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि संस्था की एकजुटता और विश्वसनीयता कायम रहे।

आपसी समन्वय जरूरी, सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर चलें: नरेश

भोपाल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और बतौर एसोसिएश प्रतिनिधि के रूप में संस्था के सदस्य नरेश अग्रवाल ने चेंबर में आपसी समन्वय और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को मजबूत किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। नरेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संस्था में स्वयंभू निर्णय थोपने के बजाय सभी पदाधिकारियों और टीम की आपसी सहमति से फैसले लिए जाने चाहिए। आपसी सहमति और समन्वय से संस्था मजबूत होती है, जबकि मनमाने निर्णय थोपने से संगठन में असंतोष और विघटन की स्थिति पैदा होती है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। ऐसे में कार्यकाल शुरू होने के महज छह-आठ महीने के भीतर ही यदि आपसी तकरार की स्थिति बनती है, तो यह संस्था के हित में नहीं है और इससे संगठन में विघटन की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी करना नहीं, बल्कि चेंबर की एकजुटता और गरिमा को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार करीब आठ महीने पूर्व चुनाव के दौरान सभी ने एकजुटता दिखाई थी, उसी भावना के साथ अब भी सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर चलना चाहिए। चेंबर का मूल उद्देश्य व्यापारियों के हितों की आवाज को मजबूती से उठाना और व्यापार जगत से जुड़े मुद्दों का समाधान कराना है। इसके लिए पदाधिकारियों के बीच संवाद, विश्वास और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया आवश्यक है।

नरेश अग्रवाल

चेंबर का विधान व्यापारियों के हित के लिए है, मनमर्जी के लिए नहीं: संतोष अग्रवाल

राजधानी भोपाल के नगर सेठ कहे जाने वाले एवं भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने चेंबर में आपसी समन्वय और विधान के अनुरूप निर्णय लिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि संस्था के हित में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में कमेटी की रायशुमारी और सामूहिक सहमति को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। संतोष अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि करीब तीन दशक पूर्व, जब स्वर्गीय रमेशचंद्र अग्रवाल चेंबर के अध्यक्ष थे, तब वे सहयोजित सदस्य रहे। इसके बाद उन्होंने छह वर्ष तक चेंबर अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाई। उस दौरान विधान में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए व्यापारिक सदस्यों और संस्था के हित में कई सफल एवं सकारात्मक कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि चेंबर का विधान व्यापारियों के हित में संस्था के गठन के दौरान बनाया गया है, किसी व्यक्ति विशेष की मनमर्जी के लिए नहीं। चूंकि चेंबर व्यापारियों की प्रतिनिधि संस्था है, इसलिए व्यापारियों का हित सर्वोपरि है । अग्रवाल ने कहा कि कमेटी में आपसी समन्वय बनाए रखना संस्था के मुखिया का महत्वपूर्ण दायित्व है। मुखिया का कार्य सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को साथ लेकर चलना है, न कि अपने निर्णय को पूरी कमेटी पर थोपना। संस्था में सामूहिक निर्णय प्रक्रिया और आपसी विश्वास बना रहना बेहद जरूरी है। संतोष अग्रवाल ने मौजूदा परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था में वर्तमान समय में जो कुछ घटित हो रहा है, वह नहीं होना चाहिए। चेंबर जैसे प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन में प्रत्येक निर्णय संस्था के व्यापक हित और निर्धारित नियमों के अनुरूप लिया जाना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा घोषणा को बोर्ड मीटिंग में विधिवत पारित किए जाने के बाद ही सर्वमान्य माना जाना चाहिए।

संतोष अग्रवाल

रसोई गैस पर सरकार का बड़ा फैसला

कंपनियों के लिए तय हुआ एलपीजी प्रोडक्शन कोटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में रसोई गैस यानी एलपीजी की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पहली बार देश की अलग-अलग रिफाइनरियों और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए एलपीजी उत्पादन के लक्ष्य तय किए हैं। मंत्रालय की ओर से 13 अगस्त 2026 को जारी आदेश के मुताबिक, देश की 21 रिफाइनरियों और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन एलपीजी उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वित्त वर्ष 26 के घरेलू एलपीजी उत्पादन से दोगुने से भी ज्यादा है और देश की रोजाना खपत का करीब 70 फीसदी है।

सरकार के तय लक्ष्य में रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। जामनगर स्थित कंपनी की घरेलू बाजार के लिए काम करने वाली डीटीए रिफाइनरी को रोजाना 18,000 टन एलपीजी उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। वहीं, रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की वाडीनार रिफाइनरी के लिए 4,480 टन प्रतिदिन का लक्ष्य तय किया गया है। प्राकृतिक गैस से एलपीजी निकालने वाली ओएनजीसी और गेल को मिलाकर कुल 6,460 टन प्रतिदिन का उत्पादन लक्ष्य दिया गया है।

मार्च के संकट के बाद बदली रणनीति

एलपीजी सप्लाई संकट के दौरान मार्च में सरकार ने रिफाइनरियों को पेट्रोकेमिकल उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली कुछ स्ट्रीम को एलपीजी उत्पादन की ओर मोड़ने का निर्देश दिया था। इसका उद्देश्य घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाना था। संकट के चरम पर देश में घरेलू एलपीजी उत्पादन करीब 55,000 टन प्रतिदिन तक पहुंच गया था। अब सरकार ने केवल आपात स्थिति में निर्देश जारी करने के बजाय कंपनियों की सुविधाओं के हिसाब से पहले से ही उत्पादन लक्ष्य तय कर दिए हैं। सरकार का यह कदम घरेलू एलपीजी की सप्लाई को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता से जुड़े जोखिम को कम करने और भविष्य में सप्लाई संकट की स्थिति से निपटने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

आयात पर भारी निर्भरता बनी बड़ी वजह

सरकार के इस फैसले की प्रमुख वजह भारत की एलपीजी के लिए आयात पर भारी निर्भरता है। वित्त वर्ष 26 में देश में करीब 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत हुई, यानी औसतन लगभग 91,000 टन प्रतिदिन। इस दौरान घरेलू उत्पादन करीब 1.31 करोड़ टन रहा, जबकि लगभग 2.13 करोड़ टन एलपीजी का आयात किया गया। यानी भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 64 फीसदी से ज्यादा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है।

खबर संक्षेप

एलएनसीटी समूह में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम

भोपाल। रायसेन रोड स्थित लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी) समूह में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पारंपरिक उत्साह, उमंग और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने ध्वजारोहण किया। समारोह में एलएनसीटी, एलएनसीटी एंड एस तथा एलएनसीटीई के एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य परेड प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे ने 12 अगस्त को आयोजित सफल तिरंगा यात्रा के लिए पूरे एलएनसीटी परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. चौकसे ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी ने हर युग में चुनौतियों को स्वीकार किया है और अपनी प्रतिभा एवं मेहनत के बल पर सफलता का परचम लहराया है। इस गरिमामय अवसर पर कार्यकारी निदेशक डॉ. श्वेता चौकसे, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, ओएसडी, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सांची दुग्ध संघ परिसर में सीईओ जोशी ने किया ध्वजारोहण

भोपाल। भोपाल सांची दुग्ध संघ परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सांची दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रितेश जोशी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इस दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का माहौल नजर आया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। सीईओ प्रितेश जोशी ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सांची दुग्ध संघ से जुड़े लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और अधिकारी , कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मंडी बोर्ड में शान से लहराया तिरंगा

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के किसान भवन स्थित मुख्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक-सह-आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुमार पुरुषोत्तम ने प्रदेश के समस्त किसान भाइयों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों, मंडियों से जुड़े अन्य कृतकारियों तथा मंडी बोर्ड और मंडी समितियों के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम ने कहा कि प्रदेश की सभी मंडी समितियां और उपमंडियां ई-मंडी योजना से जुडक़र किसानों को बेहतर एवं पारदर्शी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं।

सीआईआई वेस्टर्न रीजन मुख्यालय में उल्लास पूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आ ई आ ई) वेस्टर्न रीजन मुख्यालय में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सीआईआई की टीम ने एकजुट होकर राष्ट्र की स्वतंत्रता और गौरव का जश्न मनाया तथा देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसके ऐतिहासिक महत्व को भी याद किया गया।

एसबीआई में स्वतंत्रता दिवस पर समारोह आयोजित

भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, उत्साह और गौरव से परिपूर्ण भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रभाष कुमार सुबुद्धि, महाप्रबंधक भरत कुमार मिश्रा, नीलांक रॉय, मनोज कुमार, एसबीआई महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती सुबुद्धि सहित सेवानिवृत्त अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। तिरंगे की शान और राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत हो उठा।

लायंस क्लब भोपाल रॉयल का संस्थापन समारोह संपन्न

भोपाल। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2 के अंतर्गत लायंस क्लब भोपाल रॉयल का संस्थापन समारोह मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मां अहिल्या की नगरी इंदौर से पधारे लायंस इंटरनेशनल डायरेक्टर एंड्रोसी पीएमजेएफ लायन कुलभूषण मित्तल ने क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष एमजेएफ लायन मुनिद्र वैद्य, सचिव दीपक जैन, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंह सेठिया को पद एवं सेवा की शपथ दिलाई। समारोह में लायन कुलभूषण मित्तल ने कहा कि सेवा कार्य केवल औपचारिकता न होकर समाज के जरूरतमंद वर्ग तक पूरी प्रतिबद्धता के साथ पहुंचना चाहिए। समारोह में शहर के 145 से अधिक लायंस सदस्य लायन प्रमोद अग्रवाल, लायन संदीप कक्कड़, अरुण खरे, लायन अनिल चुग, लायन राहुल नायक, राहुल गुप्ता, राहुल जैन, मनीष जैन, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जेपी सिंह जौहर, डॉ. आरके चौरसिया, प्रकाश सेठ, मुकेश माथुर, इसरत अली कादरी, सतीश नागपाल, मनोज चतुर्वेदी, कमल मित्तल आदि उपस्थित रहे।

ओम फ्रेट ने दर्ज की मजबूत वृद्धि

मुंबई। ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 13 अगस्त 2026 को 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में ऑपरेशंस से राजस्व 105 प्रतिशत बढ़कर 193.35 करोड़ रुपए हो गया।

औषधीय फसल एवं मसाला फसल सूचना की निर्देशिका तैयार

किसानों को मिलेगी औषधीय फसलों और मंडी सुविधाओं की पूरी जानकारी: बसेड़िया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

किसानों को कृषि उपज मंडियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने और मंडी की सुविधाओं से अवगत कराने की दिशा में कृषि उपज मंडी समिति नीमच ने महत्वपूर्ण पहल की है। मंडी समिति ने किसानों के हित में नीमच मंडी में उपलब्ध उपज, सुविधाओं और मंडी प्रांगणों से संबंधित जानकारी को प्रकाशित किया जाए। सचिव उमेश बसेड़िया के अनुसार नीमच मंडी में बड़ी संख्या में औषधीय एवं मसाला फसलों की उपज आती है। इसके लिए मंडी में औषधीय फसल एवं मसाला फसल सूचना निर्देशिका भी तैयार की गई है।

इसमें इसबगोल, चना, सुआ, निर्गुंडी, असालिया, गोखरू, अश्वगंधा, गोंद, कलौंजी, करंज, चिरायता, सर्पगंधा, बेहड़ा, गेंदा, मेहंदी, नागरमोथा, आंवला, कैमोमाइल, शतावरी, करेला, बबूल फली, क्विनोआ, हरड़, अखरोट की जड़, अखरोट फूल और नींबू सहित विभिन्न फसलों का उल्लेख किया गया है। मंडी समिति के अनुसार परिसर में कई व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इनमें पीने के लिए शुद्ध शीतल जल, किसानों के लिए विश्राम गृह, उपज की तौल के लिए बड़े आधुनिक तौल कांटे तथा सीसीटीवी कैमरा सर्विलांस जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मंडी प्रांगण, बघाना-नीमच स्टेशन रोड, औषधि मंडी प्रांगण, नीमच स्टेशन रोड, नवीन (अतिरिक्त) मंडी प्रांगण, चपरा तथा उप मंडी प्रांगण, जीरन शामिल हैं। इससे किसानों और व्यापारियों को अपनी कृषि उपज के विक्रय के लिए विभिन्न मंडी परिसरों की जानकारी मिल सकेगी।

मंडी में होगी औषधीय उपज की स्थाई प्रदर्शनी

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नीमच मंडी सचिव उमेश कुमार बसेडिया शर्मा ने ध्वजारोहण किया। मंडी सचिव ने मंडी के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लेते हुए मंडी कर्मचारियों एवं संबंधित पक्षों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हम्मालों द्वारा लंबे समय से की जा रही हम्माली दर में वृद्धि की मांग को मंडी समिति द्वारा भारसाधक अधिकारी की अध्यक्षता में पूरा किया गया है। सचिव ने स्पष्ट किया कि हम्माली दर में बढ़ोतरी के बाद कृषकों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त अथवा अवैध राशि वसूल नहीं की जाएगी। यदि ऐसी कोई शिकायत या मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित हम्माल के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस निरस्त किए जाने के बाद मंडी में प्रवेश भी प्रतिबंधित किया जा सकता है। मंडी के औषधि प्रांगण स्थित भवन में औषधीय उपज की स्थायी प्रदर्शनी स्थापित की जाएगी। इस प्रदर्शनी का संचालन व्यापारी संघ एवं औषधीय उपज व्यापारियों द्वारा किया जाएगा। सचिव ने बताया कि मंडी में व्यापारी और किसान हित में पेमेंट गेटवे की सुविधा भी जल्द लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री की पहल से प्रस्तावित इस सुविधा को मंडी बोर्ड भोपाल के प्रबंध संचालक के मार्गदर्शन में लागू किया जाएगा। इससे किसानों और व्यापारियों को त्वरित एवं कैशलेस भुगतान की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय: भोपाल सेंट्रल, यूनियन बैंक भवन, 1513/1/1,अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
फोन : 0755-2676720 / 2676731

शाखा परिसर हेतु विज्ञापन

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को निम्नलिखित शाखा हेतु भूतल पर तुरंत कब्जे वाले परिसर जहाँ गाड़ियों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह हो की आवश्यकता है

क्र.सं.	शाखा	स्थान	जिला	क्षेत्रफल (वर्गफिट में)
1.	सलैया	सलैया चौक (वर्तमान शाखा से 200 मीटर)	भोपाल	1200 ± 10%

इच्छुक बोलीकर्ता जिनके पास मालिकाना हक है या जो मालिकों की ओर से बातचीत करने के लिए अधिकृत है वे हमारे क्षेत्रीय कार्यालय से दिनांक 17.08.2026 से 06.09.2026 तक कार्यालयीन समय में टेक्निकल बिड/प्राइस बिड के प्रारूप ले सकते हैं या वेबसाइट www.unionbankofindia.com & http://tenders.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्हें अपनी टेक्निकल बिड और प्राइस बिड के ऑफर अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में (जिन पर टेक्निकल बिड/प्राइस बिड लिखा हो) एक ही लिफाफे में रखकर, ऊपर दिए गए पते पर हमारे क्षेत्रीय कार्यालय में 06.09.2026 को दोपहर 3:30 बजे या उससे पूर्व जमा करने होंगे। सभी लोकल अथॉरिटी टैक्स मकान मालिकों को देने होंगे। टेक्निकल बिड के साथ 500 रुपये की नॉन-रिफंडेबल एप्लीकेशन फीस का डिमांड ड्राफ्ट लगाना होगा, जो 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया' भोपाल के पक्ष में देय होगा। टेक्निकल बिड दिनांक 06.09.2026 को शाम 4:00 बजे ऊपर दिए गए पते पर क्षेत्रीय कार्यालय में बोलीकर्ताओं / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। कृपया कोई ब्रोकर या मध्यस्थ संपर्क न करें। पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थाओं द्वारा लीज पर दी जाने वाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बैंक किसी भी समय बिना किसी स्पष्टीकरण के निविदा रद्द करने/ स्थगित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

क्षेत्र प्रमुख

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्र./2479/ न.पा.नि./ लो.नि.शाखा / 2026 बीरगांव,दिनांक 13/08/2026

:: E-Procurement Tender Notice ::
(2nd Call)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा नगरोत्थान योजनान्तर्गत वार्ड क्रं. 01 उरला क्षेत्र में एकीकृत विकास कार्य (नवीन सड़क एवं नाली कार्य) निविदा राशि रू. 155.75 लाख (कुल 01 कार्य) के लिए System Tender No 197406 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026 amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender No 197406, Bid Start Date 14.08.2026, Bid Due date. 31.08.2026, Physical Submission Last Date 03.09.2026, Open Date 03.09.2026) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Dates एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/प्राप्त कर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

"Say No To Plastic Bags, Save Earth" "Use e-mail Save Tree"

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया फोन नं. 07576-222041 पिन-461775
EMail-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./ 2026/578 पिपरिया दिनांक:- 13.08.2026

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	निविदा क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_528897_1 NIT NO.609 DATE 11.08.2026	Provision of HSPF 2000cum at Gandhi ward	1. 180 Day 2. 380.00 लाख	1- 15000/- 2- 1.90 लाख	14-09-2026
2	2026_UAD_528904_1 NIT NO.610 DATE 11.08.2026	Provision of HSPF 2000cum at Ambedkar ward	1. 180 Day 2. 380.00 लाख	1- 15000/- 2- 1.90 लाख	14-09-2026
3	2026_UAD_528902_1 NIT NO.611 DATE 11.08.2026	Provision of HSPF 2000cum Ambedkar ward. Provision of HSPF 500cum Rajendra Ward, Provision of HSPF 500cum Tilak ward	1. 180 Day 2. 380.00 लाख	1- 15000/- 2- 1.90 लाख	14-09-2026

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)
Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn. 07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No 18002331353

क्रमांक 4276 लोकनिर्माण / 2026 [नियम 91 (1) (क) (11)] हरदा दिनांक 14/08/2026

ई- नगरपालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगरपालिका का नाम - नगरपालिका परिषद् हरदा
एन.आई.टी.संख्या 4985 से 4988 तक/ई टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण / आपुर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है :-

क्रं.सं./ पैकेज	निर्माण कार्य/ आपूर्तियॉ/ सेवाऐं	जिला	संभावित राशि	समय अवधि
2026_UAD_529326_1	वार्ड क्रं. 14 में जम्मू भाई के घर से नूरी मस्जिद तक नाली निर्माण कार्य।		745505	2 माह
2026_UAD_529336_1	वार्ड क्रं. 14 शौचालय के पास धूबी काका के मकान से नदीम भाई के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।		97974	2 माह
2026_UAD_529340_1	वार्ड क्र. 15 पुरोहित स्वीट्स से राजमा चौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।		270873	2 माह
2026_UAD_529346_1	वार्ड क्रं. 17 में गोविंद कुंज कार्यालय के पास से जैन मंदिर नाले तक नाली निर्माण कार्य।		428835	2 माह

01. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
02. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर टेंण्डर क्रं. 1- 2026_UAD_539326_1 2-2026_UAD_529336_1 3-2026_UAD_529340_1 4-2026_UAD_529346_1 दिनांक 13/08/26 से 27/08/26 समय 5:30 बजे तक
03. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल बेबसाइड पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नही ।
04. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं. 9425044254 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

चिंतन

बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।



पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत

विकराल हो रहा जलवायु परिवर्तन संकट

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती चली जा रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि जलवायु परिवर्तन से न केवल मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसकी सेहत पर आयेदिन खतरा बढ़ता जा रहा है, बच्चों का भविष्य छिनता जा रहा है, वह लोगों में अकेलापन बढ़ा रहा है, महिलाओं पर गंभीर असर डाल रहा है, दुनिया की बहुमूल्य धरोहरों के अस्तित्व के संकट को बढ़ा रहा है, साथ ही वह दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियों के घर ही नहीं छीन रहा है बल्कि उन पर विलुप्ति का खतरा भी मंडराने लगा है।

दुनिया के हालिया शोध और अध्ययन इसके जीते-जागते सबूत हैं। वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि आने वाले समय में आशंकित विकट परिस्थितियों को लेकर चिंतायें बढ़ाती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की है और एक अध्ययन में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि यदि तापमान वृद्धि की दर इसी तरह बढ़ती रही तो साल 2085 तक भूमि पर एक तिहाई से ज्यादा जीव आवास यानी एनिमल हैबिटेट जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव (लू) या जंगल में आग लगने जैसी चरम घटनाओं की चपेट में आ सकते हैं। यही नहीं, जलवायु परिवर्तन की रफ्तार यही बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास के बड़े हिस्से से न केवल महरूम हो जाएंगी, बल्कि बहुतेरी पौध-प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हे जाएगा। यह संकट तेजी से शून्य उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक टाला जा सकता है। जर्मनी की पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इंफैक्ट रिसर्च के शोधकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और विशेष रूप से चरम घटनाओं संरक्षण योजना के संदर्भ में अभी भी बहुत कम आंका जा रहा है। यह केवल कई बरसों में तापमान का धीरे-धीरे बदलाव नहीं होगा। कई चरम घटनायें संयुक्त प्रभाव डाल सकती हैं और जैव विविधता के लिए सहकारी खतरे का निर्माण कर सकती हैं। दरअसल दुनियाभर में बढ़ता तापमान अब सिर्फ इंसान और जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के लिए भी खतरनाक बनता जा रहा है। धरती के वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर आज उस मुकाम पर आ पहुंच गया है जो मानव इतिहास में कभी नहीं रहा। यदि हमने समय रहते कड़े कदम नहीं उठाये, तो दुनिया के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाना मुश्किल हो जाएगा और ऋतुचक्र जो मानव सभ्यता के फलने-फूलने का आधार

था, पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है, हमारी पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतुचक्र से रही है। पर अब यह चक्र टूट रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन है। धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती जा रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब आम आदमी की जीवन शैली को भी गहरे तक प्रभावित कर बदल रहा है। मानसून का समय अनिश्चित है। बेमौसम वर्षा से फसलें बर्बाद हो रही हैं। नतीजतन कृषि घाटा बढ़ता जा रहा है। सच्चाई यह है कि जलवायु परिवर्तन ने भारत के भौगोलिक पैटर्न को ही बदल दिया है। जो घटनाएं पहले बरसों में एक आध बार होती थीं, वे अब सामान्य यानी आए दिन होने लग गई हैं। राजस्थान और लेह जैसे शुष्क और रेगिस्तानी इलाकों में अब बाढ़ आना आम बात हो गई है। पहाड़ी राज्यों और हिमालयी इलाकों में सालभर तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्लेशियरों के पिघलने और पारिस्थितिक तंत्र के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। निष्कर्ष यह कि अब देश में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और बारिश के बीच की स्पष्ट रेखायें अब धुंधली पड़ने लगी हैं। दरअसल तापमान बढ़ोतरी की दर यदि 1.5 डिग्री तक न रोकी गई तो इसकी सबसे ज्यादा बड़ी कीमत भारत को चुकानी होगी। भारत के लगभग 60 करोड़ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। तापमान बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखने लगेगी। उस दशा में मिट्टी की नमी बरकरार रखने के लिए अधिकाधिक तादाद में भूजल निकालना होगा। परिणामस्वरूप भूजल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच जाएंगे। चूंकि हमारा देश गेहूं व धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, ऐसी स्थिति में भूजल के सूखने के चलते गेहूं और धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं, मत्स्य पालन, बागवानी और पशुपालन पर भी असर पड़े बिना नहीं रहेगा। यहां इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि तापमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी बादलों में सात फीसदी से ज्यादा पानी भर देगा। नतीजतन बादल फटेंगे और उस दशा में बाढ़ और भूस्खलन की भयावहता का खतरा बढ़ेगा। वैज्ञानिकों की राय है कि ग्लेशियर के पिघलने से भूस्खलन का खतरा बना रहता है। इनके सूख जाने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियों के बरसाती नदी के रूप में तब्दील होने और आसन्न जल संकट की विकरालता से कभी भी दो चार होना पड़ सकता है। यदि बीते सालों में किए गए सर्वेक्षणों की मानें तो भारत के 85 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 फीसदी चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के शीघ्र उपाय किए जाने चाहिए। वैश्विक तापमान को अगले सौ वर्षों में डेढ डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने देने का लक्ष्य हासिल कर लेने के बावजूद विश्व के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने उत्सर्जन लक्ष्य नए सिरे से तय करने की जरूरत है। जबकि क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट की मानें तो 2030 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी करीब करीब दोगुने की बढ़ोतरी होने की आशंका है। फिर जलवायु परिवर्तन से वेलकम ट्रस्ट और क्लाइमेट ओपिनियन रिसर्च के अध्ययन द्वारा सेहत पर होने वाले भयावह खतरे की चेतावनी ने चिंता को और बढ़ा दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह अब लोगों के शरीर, उनकी सांस, उनके बच्चों की सेहत की चिंताओं तक पहुंच गया है। इसलिए जीवन शैली में बदलाव समय की महती आवश्यकता है, तभी हम जलवायु परिवर्तन के दानव से कुछ हद तक मुकाबला कर पाने में कामयाब हो सकते हैं।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है।

डिजिटल दौर

अमरनाथ सक्सेना

युवाओं के सामने उभरती चुनौतियां

भारत की 26% आबादी ऐसे लोगों की है जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच है। भारत को इस बात पर गर्व है कि उसके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है। ये युवा डिजिटल तौर-तरीकों को अच्छी तरह से समझते हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं और कुछ नया प्रयोग करने से लेकर नए क्षेत्रों में कदम रखने से वे हिचकिचाते नहीं हैं। वे हमारे देश को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि इन उम्मीदों के साथ उन्हें कुछ नए तरह के जोखिमों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिसका सामना पिछली पीढ़ी ने कभी नहीं किया था। साइबर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट को हैक कर सकते हैं, और जो शॉपिंग वेबसाइटें बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद दिखाई देती हैं, वहां भी लोग ठगी का शिकार बन सकते हैं। इससे आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और यह एक गंभीर समस्या का रूप भी धारण कर सकती है। गौरतलब है कि जहां टेक्नोलॉजी ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाया है, वहीं इसकी वजह से वे गंभीर जोखिमों के प्रति असुरक्षित भी बन गए हैं। साइबर धोखाधड़ी जैसे कि पहचान चुराना, फिशिंग अटैक और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। युवा लोग जो अक्सर ऑनलाइन लेन-देन करते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए निवेश करते हैं और कई पेमेंट एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते हैं, यहां वे अक्सर साइबर अपराधों की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के अनुसार वर्ष 2021 से जून 2025 तक के बीच 65.9 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। कई युवा नौकरीपेशा लोग इस बात से अनजान होते हैं कि भारत में अब लोगों के लिए खास साइबर इंश्योरेंस पॉलिसियां उपलब्ध हैं। ये पॉलिसियां अनधिकृत डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, पहचान चुराना, ऑनलाइन वसूली और साइबर खतरों से प्रभावित हुए डिजिटल उपकरणों को ठीक करने में होने वाले खर्चों के लिए आर्थिक मदद पेश करती हैं। जैसे-जैसे डिजिटल जीवनशैली हमारी जिंदगी का हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे युवा पीढ़ी के लिए साइबर इंश्योरेंस भी हेल्थ इंश्योरेंस जितना ज़रूरी बनते जा रहा है। साइबर अपराधी युवाओं को कई तरह से ठगी का शिकार बना सकते हैं, इसलिए साइबर खतरों से बचने के लिए आपके पास साइबर इंश्योरेंस का होना बेहद ज़रूरी है। आज के भारतीय युवा जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह है जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां। हाल के अध्ययन पुष्टि करते हैं कि भारतीय युवाओं में डायबिटीज़, कार्डियक अरेस्ट जैसे मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जबकि पहले ये बीमारियां अधेड़ उम्र के लोगों को होती थीं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार लगभग 18–40 साल की उम्र के 18% लोग डायबिटीज़ से जूझ रहे हैं, जबकि 25% लोग प्री-डायबिटीक हैं। इससे यह बात पता लगती है कि पहले डायबिटीज़ को अधेड़ उम्र में होने वाला रोग माना जाता था, लेकिन अब यह विचारधारा बदल रही है। अध्ययन दर्शाते हैं कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में कार्डियक के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इन बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, युवाओं के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे अपने लिए एक ज़बरदस्त हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ज़रूर चुनें। और तो और युवाओं के लिए यह भी ज़रूरी है कि वे इसे कम से कम उम्र में लें, ताकि सेहतमंद रहते हुए वे पॉलिसी की प्रतीक्षा अवधि पूरी कर लें।

इससे यह बात भी पक्की हो जाएगी कि उन्हें फटाफट कवरेज मिलेगा और जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी, तब वे इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाएंगे। संक्षेप में, इस डिजिटल दौर में भारत के युवा दर्शाते हैं कि वे इस देश की सबसे बड़ी ताकत तो हैं, लेकिन सबसे ज्यादा साइबर खतरों का सामना भी इसी वर्ग को करना पड़ता है। जहां स्मार्टफोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिक्षा, करियर और दुनिया से संपर्क बनाने के लिए नए-नए अवसर पेश कर रहे हैं, वहीं इन्हीं के ज़रिए भारतीय युवा साइबर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे गंभीर खतरों का सामना भी कर रहे हैं। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए पता लगता है कि इन युवाओं को साइबर इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस दोनों में निवेश करना चाहिए, ताकि वे न केवल डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें, बल्कि उनकी सेहत की भी सुरक्षा हो। इससे भारतीय युवा अचानक से आने वाले किसी भी साइबर खतरे से सुरक्षित रहने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाएं भी आसानी से पूरी कर पाएंगे।

(लेखक चीफ टेक्निकल ऑफिसर-बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं



संकलित
दर्शन

आज के समय में लोग हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। सोशल मीडिया से लेकर निजी जीवन तक अपनी बात साबित करने की होड़ लगी रहती है। लेकिन कई बार ज्यादा बोलना रिश्तों में दूरी, मन में तनाव और निर्णयों में जल्दबाजी का कारण बन जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमें याद दिलाता है कि मौन अक्सर वह प्रकट कर देता है, जिसे शोर कभी नहीं कर सकता है। इसका मतलब हमेशा चुप रहना नहीं, बल्कि सही समय पर रखा गया मौन कई बार सबसे प्रभावशाली उत्तर बन जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि चुप रहना कमजोरी का संकेत है, लेकिन गीता का संदेश इससे बिल्कुल अलग है। जब व्यक्ति बिना क्रोध, अहंकार या आवेश के शांत रह पाता है, तो यह उसके आत्मसंयम को दर्शाता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य रखना मानसिक परिपक्वता की निशानी है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बच जाता है। मौन रखने वाला व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है। जब मन क्रोध, चिंता या भ्रम से भरा होता है, तब सही और गलत का अंतर समझना कठिन हो जाता है। लेकिन कुछ पल का मौन मन को स्थिर कर देता है। शांत वातावरण में व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से देख पाता है और बिना भावनाओं में बहकर निर्णय लेता है। यही कारण है कि जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों में धैर्य और शांति को हमेशा महत्व दिया गया है। शांत मन से लिया गया निर्णय लंबे समय तक सही साबित होता है।

एकाग्रता ही ज्ञान की असली कुंजी

संकलित
प्रेरणा

विद्यार्थी जीवन सिर्फ किताबें रटने या अच्छे अंक लाने का समय नहीं होता है। यह वह उम्र है जब सोच, आदतें, हिम्मत और व्यक्तित्व बनते हैं। आज के समय में मोबाइल, सोशल मीडिया और परीक्षा के दबाव के बीच कई स्टूडेंट्स ध्यान खो देते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपनी भीतरी ताकत पहचानने, मन को एक जगह टिकाने और मजबूत चरित्र बनाने की सीख दी थी। उनकी बातें आज भी हर विद्यार्थी के लिए सफलता का आसान रास्ता दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि मन को एक जगह केंद्रित करना ही शिक्षा का सार है। वे कहते थे कि एकाग्रता की शक्ति ज्ञान के खजाने की चाबी है। आजकल पढ़ाई करते समय बार-बार फोन देखने या सोशल मीडिया घूमने से मन बिखर जाता है। अगर कुछ देर के लिए मोबाइल दूर रखकर सिर्फ एक काम पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो आसानी विषय समझ में आता है और याद भी हो जाता है। रोज थोड़ा अभ्यास करने से मन मजबूत होता है। एकाग्रता बढ़ाने वाला विद्यार्थी किसी भी विषय को आसानी से सीख लेता है और सफलता उसके करीब आ जाती है। परीक्षा या भविष्य की चिंता अक्सर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास घटा देती है। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि खुद पर विश्वास सबसे जरूरी है। डर को छोड़कर आगे बढ़ने वाला व्यक्ति मुश्किलों में भी रास्ता ढूंढ लेता है। असफलता आ जाए, तो हार मानने के बजाय फिर से कोशिश करने का साहस रखना चाहिए। जो विद्यार्थी अपनी क्षमता पर भरोसा रखता है वह दबाव में भी शांत रहता है।

सटाका



आज की पाती

साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

– अशोक शर्मा, भिवानी

ट्रेंड

वाजपेयी को श्रद्धांजलि

अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूँ। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मज़बूत बनाया।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

सरकार का सामना

भारत के युवाओं ने जिस हिम्मत और मजबूती के साथ मोदी जी की हिंसक सरकार का सामना किया है और जवाबदेही की मांग की है, वह तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने शांति, प्यार और मज़ाक-मज़ाक में अपनी आवाज़ उठाई।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

दिव्यास्त्र एमके3

डीजी प्रोपल्शन के स्वदेशी जेट इंजन से चलने वाले 'दिव्यास्त्र एमके3' की सफल पहली उड़ान, 100% स्वदेशी जेट-पावर्ड 'लोइटरिंग म्यूनिशन' की दिशा में एक अहम कदम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमारे इनोवेटर्स और इंजीनियरों को बधाई।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

युवाओं की ऊर्जा

हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें कौशल, स्वरोज़गार और खेल-कूद से जोड़ रही है। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' घोषित किया है।

- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

आर्कटिक रूट : चीन नई चाल से बदलने चला समुद्री कारोबार

पिछले कुछ सालों में लाल सागर, स्वेज नहर और दूसरे समुद्री रास्तों पर युद्ध और तनाव ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि अगर एक समुद्री रास्ता बंद हुआ तो हजारों जहाजों का रास्ता बदल सकता है। अब चीन ने दक्षिण के जोखिम भरे रास्ते की जगह 20 दिन में यूरोप पहुंचने वाला आर्कटिक समुद्री रास्ता इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अभी चीन से यूरोप जाने वाले बड़े कंटेनर जहाजों को आमतौर पर दक्षिण की ओर जाना पड़ता है। हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और फिर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर पार करके यूरोप पहुंचा जाता है लेकिन उत्तरी जल मार्ग में रास्ता उल्टा है। जहाज चीन के उत्तरी हिस्से से निकलकर रूस के साइबेरियाई तट के ऊपर से आर्कटिक महासागर में जाते हैं और फिर यूरोप की तरफ नीचे आते हैं यानी दुनिया के नक्शे पर चीन से यूरोप जाने के लिए जो रास्ता नीचे की तरफ जाता है, उसकी जगह चीन अब ऊपर से जाने वाला रास्ता तलाश रहा है। चीन लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित रहा है कि उसके व्यापार और ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा कुछ समुद्री रास्तों पर निर्भर है। इसे चीन की मलक्का दुविधा से भी जोड़कर देखा जा सकता है। मलक्का एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है।

ऑफ बीट

तिरंगे के साथ 13 हजार फीट से छलांग, रचा इतिहास

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले तीन भारतीय उन 65 स्काईडाइवर्स में शामिल रहे, जिन्होंने लीबिया में 13,000 फीट की ऊंचाई से एक साथ छलांग लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सभी स्काईडाइवर्स अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर विमान से कूदे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 14 अगस्त को इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कन्नूर निवासी जमशीर थनालोट, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अभिषेक रावत और बिहार के पटना की ईशा राज इस अभियान में शामिल तीन भारतीय थे। यह रिकॉर्ड सात अगस्त को बनाया गया। इस दौरान करीब 38 देशों के स्काईडाइवर्स ने सैन्य विमान इल्यूशिन इल-76टीडी से छलांग लगाई। 65 स्काईडाइवर्स का एक ही विमान से अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक साथ छलांग लगाना नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय प्रतिभागियों ने छलांग के दौरान तिरंगा लहराया। यह प्रयास भारत के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले किया गया, जिससे इसमें देशभक्ति का भाव भी जुड़ गया। तीनों भारतीय यूएई के स्काईडाइविंग समुदाय का हिस्सा हैं। वे पांच अगस्त को लीबिया पहुंचे थे और अंतिम प्रयास के लिए मंजूरी मिलने से पहले तीन अभ्यास छलांग लगाई थी।

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर रही धूम

इंडिया गेट से लेकर ताज महल तक राष्ट्रभक्ति के रंग बिखरे, देशभर में शान से लहराया तिरंगा, ऐतिहासिक इमारतें रोशनी से जगमग रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पूरे भारत में ऐतिहासिक स्मारक, सरकारी भवन और प्रमुख स्थल तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठे। इंडिया गेट से लेकर ताज महल तक राष्ट्रभक्ति के रंग बिखरे नजर आए। हर राज्यों में तिरंगा शान से लहराया। मुख्यमंत्रियों ने तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश दिया। राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट तिरंगे की रोशनी से नहाया हुआ है।

नई दिल्ली में हुआ मुख्य आयोजन

राज्यों में मुख्यमंत्रियों ने किया ध्वजारोहण

योगी ने ध्वज फहराया

राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा फहराया। योगी ने ध्वजारोहण के बाद जनता को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वहीं पश्चिम बंगाल में सीएम सुवेंदु ने ध्वजारोहण किया।

मुंबई और जम्मू-कश्मीर

मुंबई में ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और बीएमसी मुख्यालय को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया। वाहन इन भव्य भवनों के सामने से गुजरते नजर आए। जम्मू-कश्मीर में सलाल बांध को भी तिरंगे के रंगों से रोशन किया गया।

पुरी के सैंड आर्ट ने मोहा मन

ओडिशा के पुरी बीच पर प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की थीम पर आधारित मनमोहक सैंड आर्ट बनाई। इसमें राष्ट्रीय पर्व की भव्यता और तिरंगे की शान को खूबसूरती से उकेरा।

सैनी ने दिया 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' का संदेश

प्रदेश के 23वें जिले हांसी से स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' का संदेश दिया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली और स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया।

खबर संक्षेप

हिमाचल में मचाई तबाही, 118 सड़कें बंद

मंडी। हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर थम नहीं ले रहा है। लगातार बारिश से पहाड़ी जिलों में सड़कें बंद होने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने का सिलसिला जारी है। 24 घंटे में प्रदेश में 118 सड़कें बंद, 19 बिजली ट्रांसफार्मर बाधित और 216 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

शिवसेना नेता की पिस्टल से चली गोली, 2 घायल

बाबतपुर। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में रविवार सुबह चेकिंग के दौरान लाइसेंसी पिस्टल से अचानक गोली चल गई। गोली लगने से सुरक्षा सहायक के पद पर कार्यरत 2 कर्मी घायल हो गए। दोनों को हरहुआ स्थित न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत सामान्य है।

बंगाली सिनेमा के निर्माता निर्देशक सेन की मौत

कोलकाता। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता बंगाली फिल्म निर्माता राजा सेन नहीं रहे। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली फिल्म 'दमु' के लिए मशहूर अनुभवी बंगाली फिल्म निर्माता राजा सेन का रविवार को एक सरकारी अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। सेन बंगाली सिनेमा जगत का बड़ा नाम थे।

हाईटेंशन तार टूटा, रिटा. फौजी की मौत, 20 झुलसे

बागड़। राजस्थान के बागड़ धाम दर्शन के लिए निकला श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार देर रात दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। करनाल की घरौंडा की अनोखा कॉलोनी से करीब 60 महिला, पुरुष और बच्चों को लेकर जा रहे कैंटर पर हाईटेंशन बिजली की लाइन गिर गई। रिटायर्ड फौजी नरेश कुमार की मौत हो गई।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न वाजपेयी की पुण्यतिथि पर देश ने किया नमन

प्रधानमंत्री सहित कई मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि अद्भुत दूरदर्शिता, असाधारण राजनेता बताया

देश के कई राज्यों में भी उनके सुशासन और जन-कल्याण को याद किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूं। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों और प्रयासों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मजबूत बनाया। सुशासन और जन-कल्याण पर उनका जोर हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में अटल जी को याद किया और उन्हें नमन भी किया। उनके सामाजिक कल्याण को याद किया और उनके बताए गए रास्तों पर चलने का आह्वान भी किया।

उनके रास्तों पर चलने को कहा

प्रधानमंत्री ने कहा उनके विचार और उनकी देश के प्रति सच्ची सोच पीढ़ियों तक करेगी मार्गदर्शन

नई दिल्ली में पीएम मोदी ने श्रद्धांदलि दी

जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित किया: शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि पभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं। अटल जी एक ऐसे देशभक्त राजनेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित कर दिया। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण व कारगिल युद्ध में पूरी दुनिया को भारत की शक्ति से परिचित करवाया।

वाजपेयी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत रहेंगे: गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत है। एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित अटलजी का जीवन राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहा। आज उनके स्मृति दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि वंदन।

उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और जनसेवा रहा: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। अटल जी ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय लोकतंत्र को समृद्ध किया। उन्होंने जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित के साथ कार्य किया। उनके लिए राजनीति का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और जनसेवा था। उनके नेतृत्व में भारत ने सामरिक शक्ति, आर्थिक विकास में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया।

राष्ट्रनिष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों, अद्भुत वक्तृत्व का अनूठा संगम रहा:बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में कहा कि वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण नमन। अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनके व्यक्तित्व में राष्ट्रनिष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों, संवेदनशीलता और अद्भुत वक्तृत्व का अनूठा संगम था। पांच दशकों से अधिक लंबे संसदीय जीवन में वे लोक सभा के लिए दस बार और राज्य सभा के लिए दो बार निर्वाचित हुए।

खट्टर ने युग पुरुष बताया

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पर लिखा कि नए भारत के स्वप्नद्रष्टा, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, सुशासन के आदर्श प्रतिमान, मेरे जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे युगपुरुष थे।

विचारधारा-संस्कारों में सदैव जीवित रहेंगे: किरेन

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने एक्स पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। अटल जी हमारे इतिहास में, विचारधारा और संस्कारों में सदैव जीवित रहेंगे।

सुरक्षा और कूटनीति में अग्रणी रहे: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और कूटनीति में उनके योगदान याद रहेंगे।

प्रधानमंत्री के भाषण पर विपक्ष को आपत्ति

जो नक्सली समर्थक पीएम मोदी ने उन्हें 'दिमागी नक्सल' कहा

इन्हें बताया नक्सली

1. वह लोग जो माओवाद का समर्थन करते हैं और भारतीय संविधान को नहीं मानते।
2. वह लोग जो अलगाववादियों के साथ खड़े होते हैं और धारा 370 का समर्थन करते हैं।
3. वह लोग जो 'चिकन नेक' को काटकर पूर्वोत्तर के राज्यों को भारत से अलग करना चाहते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश के लोगों को 'दिमागी नक्सल' लोगों से सावधान किया था। इसके बाद विपक्षी पार्टियां लगातार पीएम और सत्ता पक्ष पर 'दिमागी नक्सली' शब्द को लेकर हमलावर हो रही हैं। अब इस मामले पर सरकार की सफाई आई है। संसदीय कार्यों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को साफ किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी नेताओं को 'दिमागी नक्सल' नहीं कहा है। इसके बाद रिजिजू ने कुछ कारणों का जिक्र किया और कहा कि जो लोग इन मुद्दों को सपोर्ट करते हैं। सरकार उन्हें दिमागी नक्सल मानती है। एक्स पर अपनी बात रखते हुए रिजिजू ने विपक्ष के तमाम नेताओं को जवाब दिया। जो पीएम मोदी की दिमागी नक्सल वाली टिप्पणी के बाद इस पर तंज कर रहे थे। प्रधानमंत्री न विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सल नहीं कहा है। उन्होंने केवल उन लोगों को नक्सली कहा है,जो इनका समर्थन करते हैं।

चिदंबरम बोले- मुझे गर्व है पीएम मोदी ने सावधान किया

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री ी 'दिमागी नक्सल' संबंधी टिप्पणी पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें 'दिमागी नक्सल' होने पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में नक्सलवाद और माओवाद के खिलाफ सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए 'दिमागी नक्सलियों' को लेकर चेताया था और कहा था कि उनके वैचारिक समर्थक व्यवस्था में घुसपैठ कर नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। चिदंबरम की यह टिप्पणी मोदी के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने देश को 'दिमागी नक्सलियों' के बारे में आगाह किया था। मोदी ने आरोप लगाया था कि ऐसे लोग सिस्टम में घुसपैठ कर चुके हैं और समाज के लिए खतरा बने हुए हैं।

राहुल ने वीडियो जारी कर आंदोलन को सही बताया

सरकार की हिंसा के खिलाफ खड़े रहने वाले युवाओं का साहस सराहनीय

22 को पुणे में करेंगे 'गूंज' कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए।राहुल ने बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। 22 अगस्त को पुणे में गूंज कार्यक्रम करेंगे।

लोकसभा में युवाओं के क्यों नहीं पूछने दिया

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संस्थापक और प्रवक्ता सौरव दास ने रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में युवाओं के विरोध प्रदर्शन से जुड़े कुछ सवाल संसद में पूछने की अनुमति नहीं दी गई।

ये थे सवाल

- इन सवालों में पूछा गया था कि नीट-यूजी 2026 का आवेदन शुल्क वापस करने का क्या फैसला है?
- लोगों का सरकार पर भरोसा क्यों कम हो रहा है?
- दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे युवाओं को पीने का पानी और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाएं क्यों नहीं दी गईं?
- छात्रों की समस्याओं, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को क्या कर रही है?

16 दिन में 29 बार भूकंप से हिली महाराष्ट्र की धरा



मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक और पालघर जिलों में पिछले दो हफ्तों में लगातार आ रहे छोटे-छोटे भूकंप के झटकों ने चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों ने लगातार हो रही इस भूगर्भीय गतिविधि को भूकंपों का झुंड नाम दिया है।30 जुलाई से 14 अगस्त के बीच महाराष्ट्र में कम से कम 29 झटके दर्ज किए गए। इनमें से अकेले नासिक के आसपास 24 रहे।

मोर को दाना खिलाया, गाय को चारा

लाल किले पर जाने से पहले का प्रधानमंत्री का वीडियो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी दिनचर्या एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह गायों को चारा और मोर को दाना खिलाने खिलाते हुए नजर आ रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, हर सुबह अपने दोस्तों को खाना खिलाना मेरी रोज की दिनचर्या है।

झारखंड में 23वें दिन भी जारी रहा छात्र आंदोलन

अल्बर्ट एक्का चौक पर सीएम सोरेन राहुल के पुतले फूंके व नारेबाजी की

परीक्षाओं में अनियमिता पर बवाल

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन रविवार को 23वें दिन भी जारी रहा। सीबीआई जांच और विवादित परीक्षाओं को रद्द करने की मांग पर अब तक ठोस पहल नहीं होने से आंदोलनकारी छात्रों में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। छात्रों ने रविवार शाम रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंके। इस दौरान छात्रों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। राज्य के विभिन्न जिलों में भी पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था।

मुख्यमंत्री दें इस्तीफा

जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। जेएमएम और कांग्रेस छात्रों के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। छात्रों ने राहुल गांधी से भी अपील की कि यदि मुख्यमंत्री उनकी बात नहीं सुन रहे हैं तो कांग्रेस को सरकार से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती, आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। सीएम सोरेन इस्तीफा दें।

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर आशीष की 'मौत'

सीएम सुवेंदु ने मौत पर जताई आशंका, जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और तृणमूल कांग्रेस नेता आशीष बनर्जी रविवार को बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित पार्टी कार्यालय में मृत पाए गए। आशीष की मौत पर मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी कि क्या उन्हें किसी ने धमकी दी थी। मैंने कुछ देर पहले उनके परिवार से बात की। वे एक अच्छे राजनेता थे। उनके विधानसभा क्षेत्र से चुने गए भाजपा विधायक उनसे मिलने गए और उनके पैर छुए।

मौत के कुछ देर पहले की थी बात, जांच में मदद करें

कॉल रिकॉर्ड और सुसाइड नोट की होगी जांच

सुवेंदु ने कहा कि मामले में कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जानी चाहिए। उनके हाथ से लिखे सुसाइड नोट की भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट लेटरहेड पैड पर लिखा गया है और इसकी जांच की जाएगी कि उसमें क्या लिखा है और उसके पीछे क्या कारण था। मैंने उनके परिवार से पुलिस के साथ सहयोग करने को कहा है। टीएमसी के भ्रष्ट लोग उन्हें डराने की कोशिश कर सकते हैं।

सुसाइड नोट में लिखा: भ्रष्टाचार से लेना-देना नहीं

आशीष का एक कथित सुसाइट नोट भी सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा कि मेरा भ्रष्टाचार से कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी मुझे बदनाम करने के लिए ये सारे पूरी तरह से झूठे आरोप लगाए गए। मैं छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़ा रहा हूं।

बार-बार बदनाम किया गया झूठे आरोप लगाए गए: ममता

टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने आशीष के निधन पर दुख जताया। ममता ने कहा आशीष ने जीवन का अधिकांश समय समर्पण के साथ पढ़ाने और समाज की सेवा में बिताया। वह अपने सरल स्वभाव और रामपुरहाट तथा बीरभूम के लोगों के साथ करीबी संबंधों के लिए हमेशा जाने जाते थे।अंतिम दिनों में आशीष ने जिस मानसिक और भावनात्मक दबाव का सामना किया, वह बहुत ज्यादा था। था। उन्हें बार-बार बदनाम किया गया।

फिजी

फिजी से शुरू होकर अमेरिका तक 54 देशों से होकर गुजरी यात्रा

सूर्यपथ तिरंगा अभियान से दुनियाभर में लहराया भारत का राष्ट्रीय ध्वज, दिखी 'वसुधैव कुटुंबकम' की झलक

अमेरिका

- सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में शनिवार रात 8:30 बजे पूरा हुआ अभियान
- 80वें स्वतंत्रता दिवस पर सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले का आयोजन हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिरंगे ने दुनियाभर में पूरब से पश्चिम की ओर प्रतीकात्मक यात्रा की और फिजी से लेकर सैन फ्रांसिस्को तक दुनियाभर में मौजूद भारतीय मिशनों में इसे बारी-बारी से फहराया गया। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर 'सूर्यपथ तिरंगा' ग्लोबल रिले का आयोजन किया गया। इस पहल के जरिये प्रतीकात्मक रूप से अलग-अलग टाइम जोन में उगते सूरज की यात्रा को दर्शाते हुए महाद्वीपों तक भारत की आजादी, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को पहुंचाया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को घोषणा की कि सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले यात्रा पूरी हो गई है। यह यात्रा फिजी से शुरू होकर पश्चिम में अमेरिका तक 54 देशों और कई टाइम ज़ोन से गुजरी।

इस्लामाबाद

ये है पहला ग्लोबल रिले

सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा भारतीय समयानुसार रात लगभग 8:30 बजे तिरंगा फहराने के साथ यह अभियान समाप्त हुआ। हर घर तिरंगा 2026 के तहत पूरब से पश्चिम की ओर बढ़ते सूरज के साथ, अपनी तरह की इस पहली ग्लोबल रिले के जरिए भारतीय मिशनों ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ, हमारी साझा विरासत और हमारे अटूट राष्ट्रीय गौरव का सामूहिक जश्न मनाया। बीजिंग में, भारतीय समुदाय के सदस्यों की मौजूदगी में, बारिश के बावजूद राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने भारतीय दूतावास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रपति के संबोधन के कुछ अंश पढ़कर सुनाए।

राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति का संबोधन पढ़कर सुनाया

टोक्यो में, भारतीय राजदूत नगमा मलिक ने दूतावास में तिरंगा फहराया और राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति का संबोधन पढ़कर सुनाया। भारत के संस्कृति मंत्रालय ने कहा था कि इस पहल का मकसद स्वतंत्रता दिवस समारोहों में भारतीय मिशनों और दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय की भागीदारी के साथ अलग-अलग टाइम जोन में साझा, लगातार चलने वाले जश्न का अहसास पैदा करना है। यह पहल इस संदेश देती है कि तिरंगा भौगोलिक सीमाओं से परे है।

दुनियाभर में रह रहे भारतीय हुए प्रोत्साहित

यह पहल हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है और भारतीयों और विदेश में रहने वाले भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस मनाते समय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। फिजी में भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे (वहां के समय के अनुसार सुबह आठ बजे) शुरू हुई तिरंगे की यह यात्रा भारतीय मिशनों के ज़रिए पश्चिम की ओर बढ़ी और न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, उज्बेकिस्तान, ओमान, यूएई, कतर, कुवैत और सऊदी अरब में भारतीय स्वतंत्रता का जश्न मनाया गया।

इस्लामाबाद में फहराया गया तिरंगा

इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में भी आजादी का जश्न जोरों शोरों से मनाया गया। बापू की आदमकद मूर्ति पर चार्ज डी अफेयर्स (कार्यवाहक उच्चायुक्त) डॉ. सत्यांजल पांडे ने फूल समर्पित किए और प्रांगण में तिरंगा फहराया। एक्स पर तस्वीरों के साथ उच्चायोग ने बताया कि सत्यांजल पांडे ने भारत की माननीय राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन पढ़ा. इस शुभ अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी बधाई दी।

खबर संक्षेप

सेना प्रमुख सेठ काठमांडू पहुंचे, मिलेगा मानद पद

काठमांडु। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ रविवार शाम नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। वह आज सोमवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा आयोजित विशेष समारोह में नेपाली सेना के मानद जनरल की उपाधि प्राप्त करेंगे। यह दौरा नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल के निमंत्रण पर हो रहा है। भारत और नेपाल के बीच 1950 से एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल पद देने की ऐतिहासिक परंपरा चली आ रही है। इससे पहले दिसंबर 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनरल सिग्देल को भारतीय सेना का मानद पद दिया था।

अब पाक को नतीजे भुगतने होंगे: तालिबान

काबुल। अफगानिस्तान के तालिबान शासन के रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है। सीमा पर जारी गंभीर तनाव के बीच मुजाहिद ने कहा कि यदि इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान की संप्रभुता या क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ कोई भी सैन्य कदम उठाया, तो उसे इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने पाकिस्तान को रेड लाइन की चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि अब बहुत हो चुका। तालिबान किसी भी हमले का जवाब जल्दबाजी में नहीं, बल्कि सोच-समझकर और पूरे दृढ़ संकल्प के साथ देगा।

देश में लड़ाकू-जेट क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

सहमति: फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए रिलायंस और रोल्स-रॉयस करेंगे साझेदारी

भारत में 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रोल्स-रॉयस साथ मिलकर भारत में अत्याधुनिक मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) का इंजन तैयार करेंगे। दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।

यह भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनी और ब्रिटेन की प्रसिद्ध विमान इंजन निर्माता द्वारा देश में स्वदेशी लड़ाकू-जेट प्रणोदन क्षमता विकसित करने का प्रयास है। इस साझेदारी के तहत इंजन के डिजाइन, विकास, निर्माण और आपूर्ति में साथ काम करने का रणनीतिक इरादा जताया गया है।

दोनों कंपनियां देश में एक समर्पित एयरोस्पेस गैस टरबाइन परिसर बनाने की संभावना भी तलाशेंगी। इसे पावर और प्रोपल्शन प्रौद्योगिकी के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। प्रस्तावित साझेदारी में रोल्स-रॉयस की विमान इंजन तकनीक और विशेषज्ञता को रिलायंस की तकनीक, विनिर्माण और बड़े पैमाने पर उत्पादन तथा परियोजना को पूरा करने की क्षमता के साथ जोड़ा जाएगा।

हिंदुस्तान की रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

एआई इमेज

इंजन विकसित करने की क्षमता

दोनों कंपनियों का लक्ष्य भारत में ही एएमसीए के लिए इंजन विकसित करने की क्षमता तैयार करना है। यह पहल भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा है। एएमसीए भारत का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान कार्यक्रम है। इसके लिए देश में ही इंजन विकसित करना लंबे समय से रक्षा क्षेत्र का लक्ष्य रहा है। इसे वायु सेना की ताकत के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दोनों कंपनियों ने साझेदारी का किया ऐलान

रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने कहा कि भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों में देश की अपनी क्षमता होना जरूरी है। उनके अनुसार, यह साझेदारी भारत में एयरो-इंजन का मजबूत आधार तैयार करने के लिए रोल्स-रॉयस की विशेषज्ञता को रिलायंस की तकनीक, विनिर्माण, बड़े पैमाने और परियोजना को अमल में लाने की क्षमता से जोड़ेगी। वहीं, रोल्स-रॉयस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तुफान एरगिनबिलगिक ने इसे भारत में मजबूत और आत्मनिर्भर एयरोस्पेस क्षेत्र तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत में बनने वाले 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान यानी एएमसीए के उत्पादन मॉडल को पिछले साल मई में मंजूरी मिली थी, जिस पर काम किया जा रहा है। एएमसीए को भारतीय वायुसेना और नौसेना में तैनात किए जाने की योजना है। यह 2035 तक उपलब्ध हो सकेगा।

अमेरिका से निर्भरता कम करने की रणनीति

अमेरिकी मीडिया आउटलेट ब्लूमबर्ग ने पिछले साल 25 मई को अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत कम से कम तीन अन्य देशों के निर्माताओं के साथ लड़ाकू विमानों के इंजन संयुक्त रूप से बनाने को लेकर बातचीत कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने लिखा था, क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अपनी क्षमताओं की कमियों को दूर करने के लिए भारत अमेरिका से आगे भी अपने रक्षा साझेदारियों का विस्तार कर रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस और जापान के इंजनों पर विचार किया जा रहा है और भारत इस परियोजना को जल्द शुरू करना चाहता है। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन डीआरडीओ करेगा। अमेरिका के साथ जेट इंजन का संयुक्त निर्माण दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने की व्यापक कोशिश का हिस्सा है। हालांकि, महत्वपूर्ण तकनीकों के लिए अमेरिका से आगे दूसरे देशों की ओर भारत का रुख अमेरिका के साथ संबंधों में तनाव का संकेत नहीं माना जाना चाहिए। बल्कि यह भरोसेमंद सप्लाई चेन सुनिश्चित करने पर भारत के जोर को दर्शाता है।

आगे की भी बड़ी योजना

दोनों कंपनियों ने साफ किया है कि यह साझेदरी सिर्फ सेना के लड़ाकू विमानों तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में इसके जरिए आम यात्री विमान प्लेन और नई विद्युत प्रणाली बनाने के क्षेत्र में भी मिलकर काम किया जाएगा। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि भविष्य में भारत के घरेलू यात्री विमानों को भी देश में बने 'मेड इन इंडिया' इंजनों का विकल्प मिल सकेगा।

तीनों सेनाओं की ताकत बढ़ा रहे स्वदेशी हथियार

भारत रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारतीय सेना के तीनों अंगों के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों का निर्माण देश में ही किया जा रहा है। स्थल सेना की कमान मजबूत करने के लिए अर्जुन एमके-1ए टैंक, अटागस 155 एमएम तोप, के-9 वज्र, पिनाका रॉकेट सिस्टम और एके-203 असॉल्ट राइफल का निर्माण हो रहा है। वायुसेना के लिए तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान, प्रचंड हल्का हमलावर हेलीकॉप्टर, अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल, आकाश-एनजी वायु रक्षा प्रणाली और दिव्यास्त्र एमके-3 लोइटरिंग म्यूनिशन तैयार किए जा रहे हैं। नौसेना की शक्ति बढ़ाने के लिए आईएनएस विक्रांत विमानवाहक पोत, अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियां, विशाखापटनम क्लास विध्वंसक पोत, ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल और वरुणास्त्र टॉरपीडो का निर्माण भारत में सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

हसीना की पीसी से प्रभावित हुई वार्ता

बांग्लादेशी पीएम ने भारत यात्रा से पहले रखी शर्त, कहा-शेख हसीना का प्रत्यर्पण करे भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित भारत यात्रा को एक बार फिर शेख हसीना और अन्य फरार अपराधियों के प्रत्यर्पण से जोड़ दिया है। इससे लगता है कि अगले महीने ब्रिक्स सम्मेलन से पहले पीएम रहमान की भारत यात्रा अब शायद ही संभव हो पाएगी।

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि दोनों देशों के अधिकारी कई हफ्तों से पीएम रहमान की द्विपक्षीय यात्रा की संभावना पर बातचीत कर रहे थे, लेकिन 5 अगस्त को शेख हसीना की खुली प्रेस कांफ्रेंस ने इस प्रक्रिया को बिगाड़ दिया। प्रवक्ता ने कहा, हमने इस मुद्दे पर अपना रुख साफ कर दिया है। यात्रा के लिए अनुकूल माहौल बनाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से हमने भारतीय अधिकारियों से शेख हसीना और अन्य फरार अपराधियों के प्रत्यर्पण तथा हादी की हत्या के आरोपी हत्यारों को सौंपने का अनुरोध किया है।

हसीना ने पीएम रहमान पर लगाए थे आरोप

इसी बीच 5 अगस्त 2026 को उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि वे दिसंबर 2026 में ढाका लौटेंगी व बांग्लादेश में लोकतंत्र की रक्षा करेंगी। पूर्व पीएम हसीना ने रहमान सरकार व इसके पहले की अस्थाई प्रोफेसर मोहम्मद युनूस की सरकार पर कई आरोप लगाए थे। बांग्लादेश अब कह रहा है कि शेख हसीना के बयानों से यात्रा की प्रक्रिया को प्रभावित किया है। दरअसल, पीएम तारिक रहमान पहले ही चीन की यात्रा कर चुके हैं और वहां कई समझौते भी किए हैं। इनमें से कई समझौते ऐसे हैं जिसको लेकर भारत बहुत खुश नहीं है।

जवाब के इंतजार में बांग्लादेश

बांग्लादेश ने कहा हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि रहमान सरकार 'बांग्लादेश फर्स्ट' नीति के तहत संप्रभुता, समानता, राष्ट्रीय गरिमा, एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और आपसी लाभ के आधार पर पड़ोसी देशों सहित अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध आगे बढ़ाएगा। गौरतलब है कि भारत ने पीएम तारिक रहमान को ब्रिक्स सम्मेलन में अतिरिक्त सहयोगी देश के प्रमुख के रूप में निमंत्रण दिया था। लेकिन ढाका में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश सरकार की तरफ से बताया कि किसी सम्मेलन में शामिल होने के बजाय पीएम रहमान अलग से द्विपक्षीय यात्रा करना चाहेंगे। समस्या यह है कि उनकी सरकार इस यात्रा को शेख हसीना के प्रत्यर्पण से जोड़ रही है।

इंडोनेशिया में 7.7 तीव्रता का आया भूकंप

51 की मौत, 5 हजार लोग बेघर 341 बार लगे भूकंप के झटके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में शनिवार को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई है।

इस आपदा में कम से कम 51 लोगों की जान चली गई, जबकि 113 लोग घायल हुए हैं। मुख्य झटके के बाद 341 से अधिक आफ़्टरशॉक्स दर्ज किए गए। सड़कें टूटने और भूस्खलन के कारण राहत कार्यों में रुकावट आ रही है। आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनबीपी) के अनुसार, 5,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

1,300 से अधिक घर हुए क्षतिग्रस्त

1,300 से अधिक घर क्षतिग्रस्त होने के कारण सिक्का क्षेत्र में 3,300 लोगों ने खेल परिसर और तिरपाल के अस्थायी टेंटों में शरण ली है। मौमेरे में अस्पताल की इमारत को खतरा देखते हुए बाहर टेंट लगाकर घायलों का इलाज चल रहा है। 2022 के पश्चिम जावा भूकंप के बाद यह देश की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा है। मलबे में दबे लोगों की तलाश और राहत कार्य के लिए 3,500 से अधिक सेना व पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। बिजली सप्लाई ठप होने से 20 पेट्रोल पंप बंद पड़े हैं। प्रांतीय सरकार तेजी से फंड और संसाधन जुटाने के लिए आपातकाल (इमरजेंसी) घोषित करने पर विचार कर रही है।

तिरंगे के रंग में रंगा बुर्ज खलीफा

दुबई। मशहूर बुर्ज खलीफा शुक्रवार रात को भारतीय राष्ट्रीय झंडे के रंगों में जगमगा उठा, जो भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न में शामिल हुआ और भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच करीबी रिश्तों का प्रतीक बना।दुबई में भारत के कॉन्सुलेट जनरल द्वारा शेयर की गई तस्वीरों और वीडियो में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत को केसरिया, सफेद और हरे रंग से रोशन दिखाया गया, जिसे देखने वालों ने खूब तालियां बजाईं।

ट्रंप को लगातार आईना दिखा रहा ईरान

ट्रंप बोले-होर्मुज अमेरिका का होगा, ईरान ने कहा-सोशल पोस्ट से कब्जा नहीं होता

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान को हराने के बाद वे होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का'इलाका' विधिवत घोषित करेंगे। उन्होंने न्यूयॉर्क में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए ये बात कही। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान करीब छह महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए समझौते की कोशिश कर रहे हैं। उनके इस बयान के बाद ईरान ने भी पलटवार किया। उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि होर्मुज ईरान का था, है और रहेगा। इसे किसी ट्वीट या चुनावी भाषण के जरिए नहीं कब्जाया जा सकता। ईरान न तो धमकियों से डरता है और न ही किसी ताकत के आगे झुकता है।

युद्धपोत से समंदर में कूद रहे अमेरिका सैनिक

ईरान के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप के महंगे और लंबे युद्ध से अमेरिकी सैनिक इस हद तक परेशान हो चुके हैं कि वे खुद मौत के करीब जाने लगे हैं, उनमें सुसाइड करने की प्रवृति दिखाई देने लगी है। फाइटर जेट ले जाने में सक्षम अमेरिका के जंगी जहाज, यूएसएस अब्राहम लिंकन पर तैनात करीब 5,000 सैनिकों के परिवारों का कहना है कि 9 महीने से समुद्र में रहने, खराब सुविधाओं और बार-बार बढ़ाई जा रही तैनाती ने सैनिकों को मानसिक रूप से तोड़ दिया है।

खनौरी बॉर्डर सील, बातचीत जारी

किसानों का दिल्ली मार्च रोका नेताओं के घरों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ खनौरी

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध और अन्य कृषि मुद्दों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों का प्रयास हरियाणा पुलिस ने नाकाम कर दिया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के प्रतिनिधि जगजीत सिंह डल्लेवाल की अगुवाई में 51 किसानों का जत्था खनौरी के दाता सिंह वाला बॉर्डर की ओर रवाना हुआ था, लेकिन सीमा पर ही उन्हें रोक दिया गया। हरियाणा प्रशासन ने कंक्रीट के बैरिकेड्स, बड़े पत्थरों और लोहे की वेल्डिंग करके बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिया है। किसान नेताओं की पांच सदस्यीय टीम पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता कर रही है।

किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन लोकतंत्रिक अधिकारों का हनन कर रहा है। ब्लॉक स्तर तक के नेताओं के घरों पर पुलिस की छापेमारी की गई है और कई किसान साथियों को नजरबंद किया गया है।

डीआरडीओ की यूएलपीजीएम-वी 3 मिसाइल ने भी साधा अचूक निशाना

पहली सफल उड़ान से डिफेंस सेक्टर में रचा इतिहास

आसमान में भारत का दिव्यास्त्र: 100 प्रतिशत स्वदेशी जेट लोइटरिंग म्यूनिशन ने भरी उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत बड़ी छलांग लगाई है। देश के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को उस वक्त अभूतपूर्व मजबूती मिली, जब 11 अगस्त 2026 को कवा यूएवी प्राइवेट लिमिटेड ने 100% स्वदेशी तकनीक से निर्मित अगली पीढ़ी के जेट-संचालित लोइटरिंग म्यूनिशन दिव्यास्त्र एमे 3 की पहली सफल उड़ान पूरी की। इसके साथ ही रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल का सफल परीक्षण कर देश की सैन्य क्षमता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

महज एक साल में तैयार दिव्यास्त्र एमके3

सार्वजनिक और निजी रक्षा क्षेत्र की अभूतपूर्व मिसाल

यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल प्रणाली का विकास सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के मजबूत तालमेल को दर्शाता है। डीआरडीओ ने इसके निर्माण हेतु भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) तथा अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जबकि परीक्षण के दौरान इसे बेंगलुरु की न्यूस्पेस रिसर्च द्वारा विकसित यूएवी पर एकीकृत किया गया था। इन अत्याधुनिक स्वदेशी प्रणालियों के सफल आगमन से पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की चिंताएं बढ़ना तय है।

एक वर्ष में विकसित स्वदेशी जेट हथियार

कवा यूएवी (हॉवरइट) द्वारा निर्मित दिव्यास्त्र एमके 3 भारत का पहला ऐसा स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन) है, जो जेट इंजन से संचालित होता है। इस परियोजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसकी संकल्पना से लेकर पहली सफल उड़ान तक का पूरा सफर महज एक कैलेंडर वर्ष में पूरा किया गया। इसमें किसी भी विदेशी घटक या आयातित क्रिटिकल सबसिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसे ताकत देने वाला जेट इंजन भी पूर्णतः स्वदेशी रूप से डीजी प्रोपल्शन द्वारा विकसित किया गया है। कंपनी के सह-संस्थापकों के अनुसार, यह केवल एक टेस्ट फ्लाइट नहीं बल्कि भारत के इरादों की वैश्विक घोषणा है। भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह अपनी सीमाओं के भीतर ही अत्यधिक जटिल, तेज और समझदार जेट-संचालित प्रेसिजन स्ट्राइक सिस्टम की इंजीनियरिंग और निर्माण रिकॉर्ड समय में कर सकता है।

यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल के फाइनल ट्रायल्स सफल: इसी कड़ी में डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित टेस्ट रेंज में अनमैन्ड एरियल व्हीकल लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम-वी3) के फाइनल डिलीवरेबल कॉन्फिगरेशन डेवलपमेंट ट्रायल्स सफलतापूर्वक संपन्न किए। इस दौरान मिसाइल का मूल्यांकन एयर-टू-ग्राउंड (हवा से सतह) और एयर-टू-एयर (हवा से हवा) दोनों मोड में किया गया।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश के लिए शहादत देने वाले वीरों को किया याद, जागी देशभक्ति

कलेक्ट्रेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान हुआ। ध्वजारोहण के बाद कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें एकजुट होकर देश की प्रगति और विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

उपभोक्ता, श्रम व वक्फ़ न्यायाधिकरण में ध्वजारोहण

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस पर राज्य उपभोक्ता न्यायालय में अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुनीता यादव श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय में सदस्य न्यायाधीश निहारिका सिंह एवं वक्फ़ न्यायाधिकरण में सदस्य न्यायाधीश हरिओम अतलसिया ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अधिवक्ता गण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय कार्यालय डी 7, 74 बंगले में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ अमर बलिदानियों को नमन किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। अंत में शुभकामनाओं के साथ प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, प्रांत मेला प्रमुख अरविंद, विश्वरूपा, प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, अश्विनी सिन्हा, सह-प्रमुख संगीता तिवारी, नंदिनी व्यास, स्वतंत्रता करगोटकर, अभिनव, किशोर बागड़े, व्यास, नमो पराशर, पुनीत तिवारी एवं जयंत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महापौर और परिषद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

निगम मुख्यालय अटल भवन और सेंट्रल वर्कशॉप में फहराया राष्ट्र ध्वज

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर मालती राय ने निगम मुख्यालय अटल भवन में निगम आयुक्त संस्कृति जैन की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। वहीं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम की सेंट्रल वर्कशॉप में राष्ट्र ध्वज फहराया। धध्वजारोहण उपरांत मिष्ठान वितरण भी किया गया। नगर निगम अध्यक्ष किशना सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम की केन्द्रीय कर्मशाला परिसर में ध्वजारोहण किया।

देश भक्ति के भाव से भर उठा पूरा परिसर

डीआरएम में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की गूंज, निकली परेड

भोपाल। भोपाल रेल मंडल कार्यालय में हर्षोल्लास से 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। डीआरएम ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से भर उठा। इस मौके डीआरएम ने परेड का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। डीआरएम ने पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर मिश्रा समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

संभागायुक्त शर्मा ने कमिशनर कार्यालय में किया ध्वजारोहण

भोपाल। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व भारती देवी मिश्रा, अपर आयुक्त शिवराज वर्मा सहित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने किया सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सम्मानित

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में आयोजित समारोह में कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया।

श्री द्विवेदी को कंपनी में स्मार्ट मीटर के प्रति आमजन एवं उपभोक्ताओं में सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित करने तथा स्मार्ट मीटर मीडिया वर्कशॉप अभियान के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में कुलगुरु अनुपम राजन ने किया ध्वजारोहण

भोपाल। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु अनुपम राजन ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. समर बहादुर सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं, छात्रावासों के विद्यार्थी तथा विश्वविद्यालय परिसर के आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

देशभक्ति, एकता, संस्कृति का दिखा संगम

डब्ल्यूपीआईएफडी और सौम्या महिला मंडल समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। डब्ल्यूपीआईएफडी (वूमंस पैराडाइज इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन एवं सौम्या महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस विशेष समारोह देशभक्ति, एकता, संस्कृति एवं उत्साह के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि तोशिबा कोहली खरे, रोहिणी शर्मा, रंगकर्मी अभिनेता सुनील सोन्हिया, मोटीवेशनल स्पीकर राजेंद्र सक्सेना एवं संस्था के संस्थापक परमेश्वर वेलेकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नेहा त्रिपाठी, ज्योति इनवाती, संगीता चौरसिया यशोधरा सिंह, खुशबू द्विवेदी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वहीं, संगीता चौरसिया, वर्षिता त्रिपाठी, लहेर, हिमानी दामाड़े, अथर्व, भव्यांश, परी, विनम्रता त्रिपाठी को भी अवॉर्ड दिए गए। डब्ल्यूपीआईएफडी की निदेशक एवं फैशन डिज़ाइनर सुनीता वेलेकर ने आभार व्यक्त किया।

सोम हाई स्कूल में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। आशा मोहन फाउंडेशन द्वारा संचालित सोम हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमामय एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक जेके अरोड़ा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ।

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ समस्त विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरे समारोह में राष्ट्रप्रेम, एकता और देशभक्ति का संदेश दिखाई दिया। सोम हाई स्कूल परिवार ने स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और गौरव की भावना को और मजबूत किया।

ट्रिपल आईटी में उल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने आईसीटी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति, इंजीनियरों की विशाल संख्या, और भारत में एमएनसीज द्वारा स्थापित हो रहे ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पर प्रकाश डाला। अंत में उन्होंने जेन-ज़ी से तकनीकी कुशलता को राष्ट्र-निर्माण की भावना से जोड़ने का आह्वान किया।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्यालय में फहराया तिरंगा

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। समारोह में कंपनी के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 139 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, नकद राशि एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खजूरी हाउसिंग सोसाइटी में धूमधाम से फहराया तिरंगा

भोपाल। हाउसिंग बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम अवधपुरी स्थित नवनिर्मित खजूरी हाउसिंग सोसाइटी में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन और आयुक्त गौतम सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी।

18 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट और निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले हाउसिंग बोर्ड के 18 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सोसाइटी परिसर में लगाए पौधे

हाउसिंग बोर्ड ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सोसाइटी परिसर में 100 से ज्यादा पौधे लगाए। बोर्ड ने इस बार शहर से बाहर पौधारोपण करने के बजाय नवनिर्मित कॉलोनी को ही हरा-भरा बनाने का निर्णय लिया।

शिव रॉयल पार्क कॉलोनी में बच्चों और महिलाओं ने दीं देशप्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

भोपाल। शिव रॉयल पार्क कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक समारोह में सहभागिता की। तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह में कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों और देश के वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया गया।

निटर में उत्साह से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने पूर्व एवं वर्तमान अधिकारी, संकाय सदस्यों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवा साथियों को संबोधित किया।

दमोह में शिक्षिका ने दिया ईमानदारी का संदेश

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस पर दमोह के शासकीय स्कूल में ध्वजारोहण के पश्चात स्कूल में पदस्थ शिक्षिका ने स्कूली बच्चों को दिया ईमानदारी का संदेश। मंच से शिक्षिका ने स्कूल के प्राचार्य का नाम लेकर कहा कि इतनी ज्यादा पढ़ाई करें कि इस प्राचार्य जैसा भ्रष्टाचार करने की जरूरत नहीं पड़े।

हॉलीक्रास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। हॉलीक्रास सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोलार में स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि केनरा बैंक के डीजीएम टी रविचंद्रन, विशिष्ट अतिथि केनरा बैंक बैरागढ़ चीचली के ब्रांच हेड संजय कुमार पाण्डेय, संस्था प्राचार्या डॉ. सिस्टर ऊषा एंथनी, समस्त टीचिंग स्टॉफ, उपस्थित जनसमुदाय- अभिभावकगणों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न हुआ।

अंकुर स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। अंकुर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रचना सिंह के साथ शिखा मनु गोयल एवं अनूप गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। बच्चों के जोशीले एवं मधुर देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत हो गया।

आरजीपीवी में ग्वालियर के छात्रों गाया वंदेमातरम

भोपाल। आरजीपीवी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। विवि के कुलगुरु प्रो आलोक शर्मा ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में ग्वालियर से आए छात्रों के दल ने वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में यूआईटी आरजीपीवी निदेशक प्रो सुधीर भदौरिया सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, अधिकारी- कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

राष्ट्र गीत वंदे-मारतम के गायन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में गिनाईं उपलब्धियां और बताए आगामी लक्ष्य

सीएम डॉ. यादव ने ध्वजारोहण कर गाया राष्ट्रगान, ली परेड की सलामी

परेड का निरीक्षण करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इससे पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र गान जन-गण-मन की धुन बजाई गई। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और परेड सलामी ली।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रदेशवासियों के नाम संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को सर्वप्रथम आदरांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता के संग्राम में रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाई, महाराजा छत्रसाल और टंट्या मामा भील से लेकर शहीद चंद्रशेखर आजाद तक मध्यप्रदेश के अनगिनत वीर सपूतों ने अपनी आहुतियां दीं।

लोक का तंत्र पर भरोसा ही सुशासन की पहली सीढ़ीः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों और वंचितों की सरकार है। समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ ही तेज गति से विकास करते हुए हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। लोक का तंत्र पर भरोसा ही सुशासन की पहली सीढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 8 हजार स्टार्ट-अप संचालित हैं।

डिजीटल कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मानित करेगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स के इस युग में ऑरेन्ज इकॉनामी के विकास की ओर भी, तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसके अंतर्गत मल्टीमीडिया, गेमिंग, कला, मीडिया, मनोरंजन जगत, संस्कृति, अध्यात्म एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां शामिल है। सरकार ने समाज को दिशा देने वाले डिजीटल कंटेंट क्रिएटर्स को विभिन्न केटेगरी में सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है।

पढ़ाई छोड़ने वालों को बनाया जाएगा सशक्त

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अगले ढाई वर्ष में, उन युवाओं पर विशेष रूप से फोकस करने जा रही है, जो किसी कारण से 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए अथवा जिन्होंने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी है।

वर्ष 2027 में फिर भोपाल में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए वर्ष 2027 में भोपाल में फिर ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट आयोजित की जाएगी।मप्र के सभी 55 जिलों को निर्यात हब बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी जिलों की निर्यात कार्य योजनाएं तैयार किए जाने की जानकारी दी गई। 'वोकल फॉर लोकल, लोकल गोज ग्लोबल' के तहत प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

छह माह में एक हजार डॉक्टरों की नियुक्ति होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में 1 नवंबर 2026 से मरीजों की जांच को पेपरलेस बनाने की घोषणा की गई। मरीजों की जांच और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगी तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों का ऑनलाइन परामर्श उपलब्ध कराने की योजना है। डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए अगले 6 माह में एक हजार और डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी।

हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा स्टेडियम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री युवा शक्ति योजना में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्टेडियम बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

किसानों को 4 गुना मुआवजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कृषि भूमि के भू-अर्जन पर किसानों को 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया है। वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को खाद-बीज, बिजली, सिंचाई, समर्थन मूल्य पर उपार्जन, भावांतर, फसल बीमा, राहत और किसान सम्मान निधि सहित योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं भी की

- प्रदेश की सिंचाई क्षमता 100 लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य-
- भोपाल और इंदौर के सुनियोजित विकास के लिए मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और पर्यावरण अनुकूल आधारभूत सुविधाओं पर जोर रहेगा।
- महाविद्यालयों में प्रत्येक 100 बेटों की तुलना में 171 बेटियों का दाखिला हुआ है। प्रदेश में कुल 73 विश्वविद्यालय, 01 हजार 400 से अधिक महाविद्यालय प्रदेश के 16 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य को गढ़ रहे हैं। वर्ष 2026-27 में कॉलेजों में रिकार्ड ई-प्रवेश हुए हैं।
- राज्य सरकार मप्र को देश की मिल्क-कैपिटल बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में दुग्ध संकलन आज लगभग 12 लाख लीटर प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच चुका है।
- विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण और परिसीमन लागू करने संबंधी नारी शक्ति वंदन संकल्प पारित किया गया है।
- फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत शत-प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में मप्र अव्वल रहा। भोपाल में पहले 'सायबर पंजीयन कार्यालय' का शुभारंभ किया गया है।
- अब तक प्रदेश भर में 67 हजार से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिलाया जा चुका है।

मंत्री सारंग ने नर्मदापुरम में तो भूरिया ने झाबुआ में फहराया तिरंगा

नर्मदापुरम में ध्वजारोहण करते मंत्री सारंग।

भोपाल। प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालयों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया गया। सभी जिला मुख्यालयों पर जिलों की विकास पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। सभी जिला मुख्यालयों पर ध्वजारोहण, आकर्षक परेड के साथ राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी - कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्वालियर में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

किस मंत्री ने कहां किया ध्वजारोहण

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह खंडवा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय देवास, पंचायत, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, लोनिवि मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, मंत्री करन सिंह वर्मा हरदा, उदय राव प्रताप सिंह छिंदवाड़ा, सम्पतिया उइके मंडला, तुलसीराम सिलावट इंदौर, ऐदल सिंह कंषाना मुरैना, निर्मला भूरिया झाबुआ, गोविंद सिंह राजपूत सागर, विश्वास कैलाश सारंग नर्मदापुरम, नारायण सिंह कुशवाह दतिया, नागर सिंह चौहान आलीराजपुर, राकेश शुक्ला श्योपुर, इन्दर सिंह परमार पन्ना में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने सीहोर में ध्वजारोहण किया।

लोकभवन में मनाया स्वतंत्रता दिवस

राज्यपाल ने लोकभवन में किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोकभवन में ध्वजारोहण किया। लोकभवन के स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सदस्य सचिव जनजाति प्रकोष्ठ श्रीमती मीनाक्षी सिंह, राज्यपाल के उप सचिव सुनील दुबे मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने राष्ट्रीय उत्सव स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय समारोह में आकाश में तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। समारोह में पुलिस बैंड ने राष्ट्र धुन बजाई गई। समारोह में ध्वजारोहण से पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन हुआ। सुरक्षा बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल पटेल ने लोकभवन सचिवालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी समेत जनजाति प्रकोष्ठ के सदस्य, लोकभवन के चिकित्सक गण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

आयुक्त सिंह जनसंपर्क कार्यालय में फहराया तिरंगा

भोपाल। आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद आयुक्त सिंह के साथ उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर संचालक जनसंपर्क अरविंद कुमार दुबे, अपर संचालक जीएस वाधवा और संजय जैन सहित संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने किया ध्वजारोहण

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरपी सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सुरभि तिवारी, राजेश यादव, संजय श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा नेता दवे ने सिंधिया मैदान में फहराया तिरंगा

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस पर हर्षवर्धन नगर स्थित राजमाता सिंधिया मैदान में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे ने ध्वज का आरोहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक आर. एस. शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नथानी थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों में शरद माहुरकर, भाजपा नेता हरीश शर्मा, प्रकाश मोटवानी, समाजसेवक राजेश हिरवे एवं ज्योति पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

राष्ट्रपति पदक से अलंकृत पुलिस-होमगार्ड्स के 47 अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान

देशभक्ति, कर्तव्य और जनसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है सेवा पदक, वर्दी पर सजे पदक निष्ठा और साहस के प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वाधीनता दिवस-2026 के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा पदक, सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा पदक एवं सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से अलंकृत पुलिस और होमगार्ड्स के 47 अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। इस दौरान पुलिस आर्केस्ट्रा ने देशभक्ति गीतों, पुलिस के

नवागत एवं प्रशिक्षु आरक्षकों ने श्रीकृष्ण लीला एवं जनजातीय पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रस्तुति देने वाले पुलिस जवानों की सराहना की और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े पुलिस जवानों के दल को विशेष पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की।

पुलिस, प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की असली रीढ़

समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की असली रीढ़ है। मप्र करीब 35 साल बाद नक्सल मुक्त हुआ है। पुलिस ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर अनमोल तोहफा दिया है। नक्सलवाद मुक्त भारत का संकल्प लिया था। इस संकल्प के साथ मप्र सरकार कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए आगे बढ़ी। सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला देश का अग्रणी राज्य बना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने की केंद्रीय मंत्री चौहान से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेवाल से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल स्थित निज निवास पहुंचकर सौंजन्य मुलाकात की।

अजाक्स भवनः प्रांताध्यक्ष की मौजूदगी में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नवीन अजाक्स भवन सेकंड स्टॉप में प्रांताध्यक्ष मुकेश मौर्य की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह यादव, अध्यक्ष एवं प्रशासक अपेक्स बैंक, मुख्य आतिथ्य मान दाहिमा, अक्षय कुमार सिंह, श्याम लाल

डोहरिया द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अरेरा हिल्स स्थित शौर्य स्मारक के समीप आयोजन

सीएम ने शौर्य स्मारक के समीप स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री रविवार को डॉ. मोहन यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की। अरेरा हिल्स शौर्य स्मारक के समीप अटल बिहारी वाजपेयी चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती के अलावा डॉ.महेन्द्र सिंह, राहुल कोठारी, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदों सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य लोग मौजूद थे।

वाजपेयी चौराहे पर आयोजन में सांसद, महापौर विधायक समेत अनेक जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

वीरांगना रानी अवंती बाई की जयंती पर सीएम ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

भोपाल। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यादव ने सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती की उपस्थिति में माता मंदिर चौराहा स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रोफेसर कॉलोनी में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

भोपाल। शहर की प्रोफेसर कॉलोनी स्थित पार्क के समीप नव स्थापित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण रविवार को विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने किया। उन्होंने विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में रिमोट का बटन दबाकर किया और भारत रत्न स्व. श्री वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। नगर निगम द्वारा वार्ड-24 के तहत प्रोफेसर कालोनी में स्व. श्री अटल बिहारी वाजपयी के नाम पर पार्क विकसित किया गया है। इसी पार्क के समीप प्रतिमा भी स्थापित की गई है। अनावरण के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती के अलावा डॉ. महेन्द्र सिंह, राहुल कोठारी, आशीष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद थे।

उपनगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम और उल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, जगह- जगह पर लहराया तिरंगा

मातृशक्ति ने मनाया स्वाधीनता दिवस

औबेदुल्लागंज। स्वतंत्रता दिवस पर जिला महिला मंडल ने ध्वजारोहण कार्यक्रम किया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने झंडे को सलामी और राष्ट्रगान किया। जय हिंद जय भारत जिला महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, अनीता, सुषमा, मानसी मित्तल, शोभा, निशा मित्तल ममता अग्रवाल, विमल विजय चौरसिया, उषा साहू, प्रियंका गुप्ता, हेमलता चौरसिया एवं महिलाएं उपस्थित रही।

स्वतंत्रता दिवस पर अध्यक्ष लक्ष्मी ने नगर परिषद में किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर नगर परिषद औबेदुल्लागंज ने ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। नपा अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तिरंगे को नमन कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ किरण रहंगडाले, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद दीपू परमार, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू, आरती यादव, राहुल प्रजापति, रवि शंकर राय, आमिर सना ममनून आदि मौजूद रहे।

बस स्टैंड पर फहराया राष्ट्रध्वज

औबेदुल्लागं। औबेदुल्लागंज बस स्टैंड पर सुरेंद्र सिंह थानेदार सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की छात्राओं के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान का गायन किया।

पटवा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी को दी श्रद्धांजलि

औबेदुल्लागंज। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्रसेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद के प्रति उनका समर्पण सदैव हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस पर पार्षदों ने किया झंडावंदन

स्वतंत्रता दिवस पर नगर परिषद के 8 पार्षदों ने ध्वजारोहण किया, जिसमे नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिस अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद दीपू परमार, हेमलता मनोज चौरसिया, भारती नरेश सेठी, आमिर सना ममनून, प्रीति अनूप चौधरी, सरोज रामेश्वर नागर, शंकर लाल इरपाचे मौजूद रहे।

आजादी के पर्व पर नगर परिषद में हुआ ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर नगर परिषद में तीसरी बार झंडा वंदन हुआ। इसमें नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक, नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले झंडावंदन में मौजूद रही।

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में फहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस पर जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में झंडावंदन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान और जनपद कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ ने किया ध्वजारोहण

औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ ने स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य चौराहे पर सिद्धार्थ मित्तल की दुकान के प्रांगण में झंडावंदन किया। विजय जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ ने मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर, देवेंद्र सिंह राजू, विवेक मित्तल, प्रदीप अरोड़ा, आशीष दीक्षित, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, मनोज मेघानी, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, अशोक सेठी, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, बल्लू अरोड़ा, अशोक जायसवाल, अमित राय, जनक रामानी, नीरज वासवानी, रमेश वासवानी, बबलू कहार आदि मौजूद रहे।

शर्मा निवास पर मनाया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस पर जय प्रकाश शर्मा के निवास पर ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। शर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को नमन किया। इसके पश्चात भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन किया। उपस्थितों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सम्मान के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी शर्मा, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, पवनजोत सिंह, मनीष गोशिंदे, बंटी जोशी, राहुल प्रजापति, दिनेश दाण्डगे उपस्थित रहे।

इंस्टाग्राम पर रील देखकर टेलीग्राम पर किया संपर्क

सोशल मीडिया पर बॉडी मसाज का झांसा देकर युवक से जालसाज ने ठग लिए एक लाख रुपए

- होटल पहुंचने पर कॉल कर ठग ने कई बार रुपए ट्रांसफर कराए
- सैलून में काम करता है रत्नागिरी निवासी युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंस्टाग्राम पर डेढ़ हजार रुपए में एक घंटे की बॉडी मसाज की रील देखकर युवक साइबर जालसाज के झांसे में आ गया। आरोपी ने लोकेशन देकर उसे एक होटल के नीचे बुलाया और अलग-अलग बहाने बनाकर 16 बार में एक लाख एक हजार रुपए की ऑनलान ठगी कर ली।

पिपलानी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रत्नागिरी निवासी 22 साल का एक युवक सैलून में काम करता है। विगत 8 अगस्त को उसने इंस्टाग्राम पर बॉडी मसाज से संबंधित एक रील देखी। इंस्टाग्राम पर दी पोस्ट के आधार पर उसने टेलीग्राम पर संपर्क किया। टेलीग्राम सर्विस में एक घंटे की बॉडी मसाज 1500 रुपए में होने की बात कही गई थी। उसके बाद फरियादी को एक होटल की लोकेशन बताकर वहां आने के लिए कहा गया। लोकेशन पर पहुंचने के बाद युवक ने मैसेज किया कि वह होटल के नीचे खड़ा है। इस पर एक मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आया और एक यूपीआई कोड भेजकर साढ़े छह हजार रुपए पेमेंट करने के लिए कहा गया। फरियादी ने यूपीआई से पैसे ट्रांसफर किए तो फिर मैसेज आया कि आपका कोड कन्फर्म नहीं हुआ है। इसके बाद अलग-अलग बहाने बनाकर साइबर जालसाज ने फरियादी से 16 बार में एक लाख एक हजार दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का आभास होने पर फरियादी ने साइबर सेल में शिकायत की थी। वहां से जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी पिपलानी थाने भेजी गई है।

रिटायर्ड भेलकर्मी का मोबाइल हैक कर दो लाख रुपए की ठगी

पिपलानी पुलिस के अनुसार सुख सागर नरेला शंकरी निवासी घनश्याम विछेले (67) भेल से रिटायर्ड हैं। विगत 22 जुलाई को अचानक उनका मोबाइल हैंग हो गया। उन्होंने कई बार प्रयास किया, लेकिन मोबाइल नार्मल नहीं हो सका। एक बार प्रयास करने पर उन्हें नेपाल जैसे भाषा सुनाई दी। देर शाम उन्होंने अपने पड़ोस के एक युवक को बुलाकर मोबाइल चेक कराया। री-स्टार्ट करने पर मोबाइल नार्मल हो गया। फरियादी ने मोबाइल चेक किया तो उनके खातों से तीन बार में एक लाख 90 हजार 888 रुपए निकाल लिए गए थे। उन्होंने बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि साइबर जालसाज ने उनका मोबाइल हैक कर करीब दो लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की थी। पिपलानी पुलिस ने केस दर्ज किया है।

टेलीग्राम ग्रुप पर पैसे कमाने का झांसा दिया

टास्क पूरा करने का झांसा देकर युवक से पौने छह लाख रुपए की धोखाधड़ी

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित सोमेश होम्स वैभव विहार में रहने वाले एक युवक के साथ साइबर जालसाजों ने पौने छह लाख रुपए की ठगी कर दी। युवक को साइबर ठगी में फंसने का विश्वास हुआ और उसने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। पुलिस के अनुसार लक्ष्मीनारायण सिंह (39) सोमेश होम्स, वैभव विहार फेस टू, अवधपुरी में रहता है। 21 जुलाई की सुबह दस बजे उसे टेलीग्राम एप पर गोपिका रविकुमार एवं सजनी मनोहर का मैसेज आया। चेटिंग में बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि टेलीग्राम एप के माध्यम से रुपए कमाना चाहते हो। मैंने हां कह दिया। इसके बाद आरोपियों ने एक वेबसाइट पर मुझे रजिस्ट्रेशन कर काम करने का कहा। जालसाजों के कहने पर पहली बार लक्ष्मीनारायण ने यूटीआर नंबर से तीस हजार रुपए जमा किए। उसी वेबसाइट पर एक और टास्क दिया और 64281 रुपए एसबीआई के खाते से जमा किए। दो टास्क देने के बाद तीसरा टास्क भी दिया गया। बदले में 1 लाख 74 हजार 947 रुपए की मांग की। लक्ष्मीनारायण ने कहा कि आप मेरे से बस रुपए जमा करवा रहे हो। मेरा पैसा कब वापस होगा। उन्होंने कहा कि एक लास्ट टास्क है, जिसके बाद आपको मुनाफे के साथ रकम मिल जाएगी। 23 जुलाई को लक्ष्मीनारायण द्वारा 3 लाख 22 हजार 482 रुपए और जमा कराए गए। अब फिर रुपए वापस मांगने का कहा तो वह कहने लगे कि आपके 10 लाख 24 हजार रुपए जमा हो चुके हैं। आपको 5 लाख 12 हजार रुपए की सिक्योरिटी देने पड़ेगा। सिक्योरिटी देने के बाद आपके पैसे निकल जाएंगे। कुछ समय बाद आप अपनी सिक्सोरिटी के रूप में दी गई रकम भी अकाउंट में आ जाएगी। लक्ष्मीनारायण ने कहा कि इतने रुपए नहीं है। इस पर आरोपियों ने उसे टेलीग्राम ग्रुप से हटा दिया।

सरजमीं का परचम लहरा दो, तेरी मिट्टी में मिल जावां जैसे देशभक्ति गीतों से गूंज उठा आसमान

संतनगर में स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने दी देशभक्ति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संतनगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ देश भक्ति से ओतप्रोत कई आयोजन के साथ मनाया गया। विद्यासागर पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंगों से सजाया गया था। नन्हें-मुन्ने बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में तिरंगा हाथ में लिए उत्साहित थे।

ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी एवं विशिष्ट अतिथि मोनिश आवतरामानी, चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं मयूरी तलरेजा, चार्टर्ड एकाउंटेंट उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी की भी उपस्थिति रही। साधु वासवानी स्कूल से रैली निकाली गई। विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पार्षद अशोक मारण, कमल वीधानी, महेश खटवानी, चंद्र ईसरानी, लखन भागचंदानी, आइलदास साधवानी, कन्हैयालाल रामनानी ने झंडावंदन किया। केएस मूर्ति ने पीटी व मार्च पास्ट का प्रदर्शन करवाया। स्कूल के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने स्वागत किया। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम लहरा दो लहरा दो सरजमीं का परचम एवं तेरी मिट्टी में मिल जावां पर प्रस्तुतियां दी। सिंधु नवजागरण समिति, स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट व सिंधु जाग्रति सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष नरेश चोटरानी ने झंडावंदन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिलोकचंद दीपानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी व राहुल राजपूत, माधू चांदवानी, महेश खटवानी, घनश्याम लालवानी, सोनू तोमर, रमेश जनयानी, आसनदास वाधवानी, हीरो हिन्दू, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, कमलेश छुगानी, लीलाधर पंवार मौजूद थे।

स्कूलों में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रेलवे स्टेशन पर प्रेस क्लब ने झंडा वंदन किया गया। गांधीनगर के लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उमा विद्यालय, एलवी एस प्ले ग्रुप स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल और प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में सिद्ध भाऊ ने झंडावंदन कर झंडे को सलामी दी तथा छात्राओं की परेड की सलामी ली। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोहर वासवानी, खजूरी थाना प्रभारी नीरज वर्मा, वार्ड पार्षद लक्ष्मण राजपूत, संस्था के सचिव एवं संचालक रमेश हिंगोरावी एवं नागरिक उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस पर मप्र सरकार ने किया मीसाबंदियों का सम्मान

मीसाबंदी व वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का सम्मान करते तहसीलदार निलेश सरवटे।

तहसीलदार निलेश मीसा बंदी रामकिशोर शर्मा का सम्मान करते हुए। इस मौके पर उनके पुत्र जयप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

स्वतंत्रता दिवस पर मप्र शासन की ओर से मीसाबंदियों के सम्मान की पहल की गई। तहसीलदार नीलेश सरवटे ने उनके निवास पर पहुंचकर मीसाबंदी एवं वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन तथा पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा का शॉल, श्रीफल भेंट प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर तहसीलदार नीलेश सरवटे ने मीसाबंदियों के संघर्ष एवं लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान का स्मरण करते हुए सम्मान व्यक्त किया। सम्मान के दौरान रामकिशोर शर्मा के पुत्र जयप्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस पर शासन द्वारा मीसाबंदियों के घर पहुंचकर किया गया यह सम्मान उनके संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा।

म्यूल बैंक खातों का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह को पकडा

गैंग ने लोगों से दस्तावेज लेकर 16 से ज्यादा फर्जी फर्मों के नाम पर खुलवाए बैंक अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर ठगी से मिलने वाली रकम को अलग-अलग बैंक खातों में भेजकर उसका सर्कुलेशन करने वाले गिरोह का सागर पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

गिरोह बेरोजगार और सामान्य लोगों के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर फर्जी फर्म और बैंक खाते खुलवाता था। इन खातों का इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के रूप में किया जा रहा था। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन की तलाश जारी है। मामले का खुलासा 13 अगस्त को मकरोनिया थाने में रोहित पटेल की शिकायत के बाद हुआ। रोहित ने बताया था कि उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उसके नाम से फर्जी फर्म बनाई गई और फेडरल बैंक की मकरोनिया शाखा में करंट अकाउंट खोला गया।

5.50 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन का खुलासा

जांच में खाते से फरवरी 2026 से करीब छह महीने में 90 लाख रुपए का लेन-देन मिला। जांच में अब तक 16 से ज्यादा फर्जी फर्म और उनसे जुड़े खातों में 5.50 करोड़ रुपए से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और बैंक खातों की जांच कर रही है।

श्री झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव की धूमः पूज्य बहिराणा साहिब का आयोजन

भगवान झूलेलाल के सिंधी भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत हिरदाराम नगर स्थित सबसे प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव की धूम मची हुई है। प्रातः व सांय काल धार्मिक आयोजन होते है। इसके अंतर्गत रविवार को पूज्य बहिराणा साहिब का आयोजन किया गया। बहिराणा साहिब की ज्योत पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी व मंदिर सेवादारी अशोक मोतियानी ने प्रज्जवलित की व पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर भगवान झूलेलाल के सिंधी भजनों का कार्यक्रम हुआ। जिसमें धर्मप्रेमी बंधु झूम उठे। अखा डालने के बाद बहिराणा साहिब का विसर्जन शीतलदास की बगिया में किया गया।

भगवान के प्रसाद का भक्तों को किया वितरण

कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी, सेवादारी अशोक मोतियानी, परसराम तनवानी, ठाकुर लालवानी, वासदेव मोतियानी, अशोक हरंचदानी, सागर लालवानी, हरीश मूलचंदानी, मोना मोतियानी, भारती चांदवानी, सीमा रामानी सहित सश्रद्धालु उपस्थित थे। अंत में प्रसादी वितरण किया गया।

भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार छोटी सोच से मुक्त होने में हैः सतगुरु माता सुदीक्षा

स्वतंत्रता दिवस पर संत निरंकारी मिशन ने ब्रह्मज्ञान द्वारा प्रदत्त आंतरिक स्वतंत्रता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। यह पर्व इस सत्य को साकार करता है कि वास्तविक मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि अज्ञान, अहंकार और भेदभाव से मुक्त होकर आत्मबोध एवं परमात्मबोध की अनुभूति में निहित है। मुक्ति पर्व का यह पावन अवसर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में दिल्ली स्थित निरंकारी सरोवर के समक्ष, निरंकारी चौक के साथ ही भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में श्रद्धापूर्ण वातावरण में हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। इस अवसर पर भक्तों ने उन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए, जिनके त्याग एवं समर्पण ने मानवता को मुक्तिमार्ग की ओर अग्रसर किया।

कुंती लीला-नाट्य के साथ डंडा और गदली नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' के तहत हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन और वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' के तहत रविवार को कुंती लीला-नाट्य के साथ डण्डा और गदली नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। मणिपुर की डॉ. सिनाम बासू सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत 'कुंती' लीला-नाट्य में महाभारत की कुंती के जीवन, संघर्ष, त्याग, मातृत्व और साहस को मंच पर जीवंत किया गया। करीब एक घंटे 40 मिनट की प्रस्तुति में मणिपुरी नृत्य शैली, पारंपरिक वेशभूषा, संगीत और भाव-भंगिमाओं का प्रभावी समावेश रहा। नाट्य में कुंती के युवावस्था में मिले वरदान, कर्ण के जन्म, पांडवों की माता के रूप में उनकी भूमिका और महाभारत के संघर्षों के बीच उनके कठिन निर्णयों को दिखाया गया।अकादमी द्वारा

पंचकन्याओं के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कुंती लीला-नाट्य को तैयार किया गया है। इसका संगीत एच. अनिल सिंह और आलेख योगेश त्रिपाठी ने किया है।

कलाकारों ने किया सामूहिक नृत्य

हरदा के सुमित शर्मा और साथियों ने गोण्ड जनजातीय डण्डा नृत्य प्रस्तुत किया। ढोल, मांदल, झांझ, मंजीरा और बांसुरी के साथ डण्डों की ताल पर कलाकारों ने सामूहिक नृत्य किया। वहीं हरदा के गोपाल कोरकू और साथियों ने कोरकू समुदाय का गदली नृत्य प्रस्तुत किया। विवाह अवसरों पर किया जाने वाला यह नृत्य महिलाओं की आकर्षक मुद्राओं और पुरुष वादकों की लोकधुनों से दर्शनीय बना।

लायन जटिया ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

लायंस ऑफ भोपाल ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2 के अंतर्गत लायंस ऑफ भोपाल द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चुना भट्टी-कोलार रोड स्थित लायंस ऑफ भोपाल के वरिष्ठ नागरिक गृह परिसर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति, सामाजिक सेवा और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन महेश मालवीय, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया। कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल से जुड़े पदाधिकारियों

- कार्यक्रम में देशभक्ति, सामाजिक सेवा और राष्ट्रप्रेम का दिया गया संदेश

एवं सदस्यों सहित करीब 150 लायंस परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। इनमें पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन बीसी जैन, लायन डॉ. आरके चौरसिया, लायन मुकेश माथुर, लायन प्रकाश सेठ, लायन रवि सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक लायन हरिओम जटिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा समाजसेवा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

देशभक्ति गीतों से गूंजा परिसर

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां भी हुईं। भोपाल के प्रसिद्ध गायक आरके शर्मा एवं उनकी टीम ने देशप्रेम से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। गीत-संगीत का यह सिलसिला देर शाम तक चला।

कार्यक्रम में देखने को मिला सखी संस्कार मंच का उत्साह और उल्लास

सखियों ने झूले में सावन गीत गाकर मनाया हरियाली तीज महोत्सव

अपने हाथों में रची मेहंदी दिखाते हुए हरियाली तीज मनातीं सखी संस्कार ग्रुप की महिलाएं।

सखी संस्कार मंच के भजनों, नृत्य, क्विज, झूले और तीज क्वीन प्रतियोगिता ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सखी संस्कार मंच के तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन मां दुर्गा झांकी परिसर, डीके-5, दानिश कुंज, कोलार रोड में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। आयोजन में करीब 100 महिलाओं ने भागीदारी की। धार्मिक आस्था, भारतीय परंपरा और मनोरंजन से भरपूर इस आयोजन में महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

महोत्सव की शुरुआत हरियाली तीज के भजनों के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में रंग जमा दिया। हरियाली तीज और स्वतंत्रता दिवस पर आधारित रोचक क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। तंबोला और पारंपरिक झूले का महिलाओं ने जमकर आनंद लिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान, श्रृंगार, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का निर्णयन प्रसिद्ध संगीतज्ञ निर्मला उपाध्याय तथा वरिष्ठ पत्रकार दक्षा वैदकर और मधुरिमा राजपाल ने किया। निर्णायकों द्वारा विभिन्न मानदंडों पर प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया, जिसमें रचना श्रीवास्तव को 'तीज क्वीन' चुना गया।

समृद्ध परंपरा का प्रतीक

सखी संस्कार मंच की अध्यक्ष सुनीता सोनी ने कहा, हरियाली तीज हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा और नारी उत्सव का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने के साथ-साथ मिल-जुलकर उत्सवों का आनंद भी ले सकें। महोत्सव में महिलाओं की भागीदारी हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है। मंच भविष्य में भी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को जोड़ने का प्रयास जारी रखेगा।

तीज मेले ने सजाया संस्कृति और महिला उद्यमिता का रंग

रुचि लाइफस्केप्स में लोगों ने लिए स्वादिष्ट व्यंजनों, खरीदारी, खेल और मनोरंजन का आनंद

भोपाल। रुचि लाइफस्केप्स में रंग, संस्कृति और सामुदायिक उत्साह का खूबसूरत संगम देखने को मिला, जहाँ वार्षिक तीज मेला 2026 में हजारों लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों, खरीदारी, खेल और मनोरंजन का आनंद लिया। 26 सदस्यीय महिला टीम द्वारा आयोजित मेले में 50 स्टॉल, जिनमें 25 से अधिक फूड स्टॉल और कई महिला उद्यमियों के स्टॉल शामिल थे, विशेष आकर्षण रहे। आयोजन समिति की सदस्य डॉ. निधि जैन ने बताया कि मेले का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा और उद्यमिता को मंच प्रदान करना भी रहा। आयोजन समिति की सदस्य डॉ. रोली शर्मा और अंजू बावेजा ने बताया कि इस वर्ष एआई फोटो बूथ, सेल्फी पॉइंट, स्वादिष्ट व्यंजन और बाउंसी कैसल लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजन समिति की सदस्य ममता खैतान ने कहा, "हर वर्ष मेले को नया और आकर्षक बनाने के लिए कई सप्ताह की योजना और पूरी टीम की मेहनत लगती है।"

माउंटेनर ज्योति रात्रे की मौजूदगी रही खास

मेले के मुख्य अतिथियों में डॉ. नंदिता पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा तथा ज्योति रात्रे शामिल रहीं, जिन्होंने 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह कर वरिष्ठतम महिला पर्वतारोहियों में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की और महिलाओं को अपने सपनों को निडरता से पूरा करने की प्रेरणा दी।

विमेन ऑफ विजडम एसोसिएशन ने मनाई चरक जयंती

डॉ. बसंती बनीं सावन क्वीन, 50 महिला डॉक्टर्स ने गाए देशभक्ति गीत

फीमेल आयुर्वेद डॉक्टर्स के विमेन ऑफ विजडम एसोसिएशन ने रविवार को चरक जयंती का उल्लासपूर्ण आयोजन कोलार के होटल वेस्टर्न में आयोजित किया, जिसमें उज्जैन के डॉ विनीथ ने ज्वाइंट डिसऑर्डर्स पर केरलीय पंचकर्म थेरेपी पर व्याख्यान दिया। र्यक्रम में डॉक्टर्स ने हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कार्यक्रम सावन क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जिसमें खुशी लाल संस्थान की स्त्रीरोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ बसंती गुरु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सावन क्वीन का ताज अपने नाम किया।

आलोक धाम गार्डन में प्राइम एवेन्यू क्वींस ग्रुप की 50 महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज

भोपाल। कोलार रोड स्थित आलोक धाम गार्डन में 15 अगस्त को प्राइम एवेन्यू क्वींस ग्रुप द्वारा हरियाली तीज का भव्य आयोजन किया गया। ग्रुप का यह लगातार चौथा वर्ष था, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। तीज महोत्सव के दौरान कई मनोरंजक इनडोर गेम्स, डांस और डीजे नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने एक साथ सहभोज (लंच) का आनंद लिया। इसके पश्चात आयोजकों द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं को हल्दी कुमकुम और उपहार (गिफ्ट्स) भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. विभा, प्रियंका, इशु, अर्पिता, नेहा, लीना, सोनल, नीतू, अनुपमा, विमला, वर्षा, हिना , मोना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

अग्रवाल महिला मंडल भेल ने मनाया तीज उत्सव

भोपाल। अग्रवाल महिला मंडल भेल के सदस्यों द्वारा गत दिवस हरियाली तीज का उत्सव मनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग समाज की 100 महिलाओं ने भाग लियाञ इसमें सभी सदस्यों को मेहंदी लगाई गई एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान सावन के गीतों पर नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

महापौर ने किया सावन महोत्सव का शुभारंभ

भोपाल। महापौर मालती राय ने रविवार को जवाहर चौक स्थित नामदेव समाज सामुदायिक भवन में सावन महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। महापौर राय ने नामदेव समाज महिला मंडल आयोजित महोत्सव में विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बाबीसा सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति की सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाषा, संस्कार और शब्दों की मर्यादा रखना बेहद जरूरी

उर्दू अकादमी की वार्षिक कार्यशाला में भाषा की शालीनता और सामाजिक जिम्मेदारी पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उर्दू अकादमी की वार्षिक कार्यशाला में 'भाषा, संस्कार और शब्द की मर्यादा' विषय पर चर्चा हुई। अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि भाषा केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे संस्कार, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी का आईना है। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन इसका मतलब भाषा की मर्यादा खत्म होना नहीं है।

उन्होंने कहा कि विरोध और असहमति जताने के लिए गाली-गलौज या अश्लील भाषा का इस्तेमाल जरूरी नहीं है। कबीर, गांधी, मौलाना आजाद, प्रेमचंद और दुष्यंत कुमार जैसे साहित्यकारों ने

अपने समय के सवालों को मजबूती से उठाया, लेकिन उनकी भाषा में विचार, तर्क और गरिमा बनी रही।

कार्यशाला में भाषा की शालीनता, संवाद की संस्कृति, साहित्य की सामाजिक भूमिका और सार्वजनिक जीवन में भाषा की जिम्मेदारी पर विचार हुआ। साथ ही वर्ष 2026-27 में प्रदेश के सभी जिलों में होने वाली 'सिलसिला' और 'तलाशे-जौहर' संगोष्ठियों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

साहित्य, कला और सिनेमा प्रेमियों की मौजूदगी में शुभारंभ

पुस्तकों, कविता, सिनेमा और संवाद का नया ठिया : 'इग्नाइटिंग माइंड्स'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में साहित्य, सिनेमा, कला और विचारशील संवाद को समर्पित एक नए सांस्कृतिक एवं बौद्धिक मंच 'इग्नाइटिंग माइंड्स – ए स्पेस फॉर क्यूरियस माइंड्स' का शुभारंभ 15 अगस्त की शाम को हुआ। इस अवसर पर शहर के साहित्य, कला और सिनेमा प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरंभ युवा कवियों हेमंत देवलेकर और वैशाली थापा के काव्य पाठ से हुआ। दोनों कवियों ने अपनी संवेदनशील और समकालीन रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को विचार और भावनाओं की एक नई दुनिया से परिचित कराया।

फिल्म 'आई एम कलाम' का प्रदर्शन

इसके पश्चात इग्नाइटिंग माइंड्स और सिने' क्लासिक द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'आई एम कलाम' का प्रदर्शन किया गया। निर्देशक निला माधब पांडा की यह चर्चित फिल्म एक गरीब बालक के सपनों, शिक्षा के प्रति उसकी ललक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से मिली प्रेरणा की मार्मिक कहानी है। फिल्म की संवेदनशील पटकथा, प्रभावी अभिनय, सुंदर सिनेमैटोग्राफी और सशक्त संदेश ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।

फिल्म के बाद चर्चा

फिल्म प्रदर्शन के बाद आयोजित चर्चा में उपस्थित दर्शकों ने शिक्षा, अवसरों की समानता, बच्चों के अधिकार और सपनों की शक्ति जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे भोपाल के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक जोड़ बताया।

कार्यक्रम का समापन चाय के साथ अनौपचारिक संवादों में हुआ, जहां साहित्य, सिनेमा, कला और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

कविता कृष्णमूर्ति के सदाबहार गीतों से गूंजा रवीन्द्र भवन

दिल दिया है जां भी देंगे... से शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग शासन द्वारा स्वाधीनता दिवस अवसर हंसध्वनि सभागार में आयोजित आज़ादी का महापर्व कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में गायिका कविता कृष्णमूर्ति, कुमार सानू के पुत्र जान सानू एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति एवं लोकप्रिय गीतों का दर्शकों ने स्वागत किया। हंसध्वनि सभागार में दर्शकों की भारी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने क्रांतिवीरों का स्मरण करते हुए कहा कि हम उन सभी अमर सेनानियों वीरांगनाओं को नमन करते हैं जिन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूमा और हमें स्वतंत्र भारत में सांस लेने का सौभाग्य दिया।

भक्तिमय हुआ भवन...

कविता कृष्णमूर्ति ने शिव का ध्यान करते हुए ओम नमः शिवाय गीत से कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कर्मा फिल्म का देशभक्ति गीत हर करम अपना करेंगे प्रस्तुत कर दर्शकों में जोश और उमंग भर दिया। इसके बाद दिल ने कहा चुपके से, हवा हवाई, जैसे कई गीत प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंत में आई लव माय इंडिया गीत गाकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

सीएम बोले-भोपाल को बनाएंगे खेलों की राजधानी, खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय मंच देना हमारी प्राथमिकता

बड़ी झील की लहरों पर दिखा हुनर, राष्ट्रीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजा भोज मल्टीक्लास नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप (राष्ट्रीय रैंकिंग) के तीसरे संस्करण का रविवार को बड़ा तालाब स्थित जल क्रीड़ा केन्द्र (बोट क्लब) में समापन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चैम्पियनशिप की विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया। इस राष्ट्रीय रैंकिंग में भोपाल की सेलिंग टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह चैम्पियनशिप जीती। गोवा की सेलिंग टीम उपविजेता रही और सिकन्दराबाद की सेलिंग टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोट क्लब परिसर से सेलिंग टीमों की प्रदर्शन बोट्स का मुआयना भी किया।

भोपाल टीम ने जीती तीसरी राजा भोज मल्टी क्लास सेलिंग चैम्पियनशिप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत

सीएम और मंत्री सारंग ने भोपाल टीम और उपविजेता गोवा की टीम को पुरस्कृत किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं खेल मंत्री सारंग ने चैम्पियनशिप की विजेता भोपाल टीम और उपविजेता गोवा की टीम को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने विजेता टीम के खिलाड़ियों वासु चन्द्रवंशी, माही वर्मा, तुलसी पटले, एकलव्य बाथम, वंशिका सिकरवार, इयान पाटीदार, प्रार्थना भोई, अंकित सिसौदिया, समर पंचेश्वर एवं सिद्धि टंडन सहित टीम के सभी प्रशिक्षकों जीएल यादव, राम मिलन, नरेन्द्र एस राजपूत एवं अनिल शर्मा को मंच से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ग्लासगो में हाल ही में सम्पन्न हुए कॉमनवेल्थ गेम्स - 2026 के प्रतिभागी मध्यप्रदेश के विजेता खिलाड़ियों कुमारी यामिनी मौर्य (जूडो-रजत पदक), श्री समरदीप सिंह गिल (एथलेटिक्स-पुरुष शॉट पुट-सातवां स्थान), श्री देवकुमार मीणा (एथलेटिक्स-पुरुष पोल वॉल्ट-चौथा स्थान) एवं कुलदीप कुमार (एथलेटिक्स-पुरुष पोल वॉल्ट-छठा स्थान) को सम्मानित किया।

अब हम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं की मेजबानी के लिए आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल हमारी पहचान हैं। बीते कुछ सालों से भोपाल में खेल गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। भोपाल में 18 प्रमुख खेलों में से 11 खेलों की अकादमियां संचालित है। राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं की मेजबानी के बाद अब हम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं की मेजबानी के लिए आगे बढ़ रहे है।

नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल की टीम ने जीते 20 मेडल

उल्लेखनीय है कि विगत 11 से 16 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में देश के 12 सेलिंग क्लब्स ने सहभागिता की। नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल की टीम ने 20 मेडल हासिल कर पहला स्थान, नेवी यूथ स्पोर्ट्स कंपनी गोवा की टीम ने दूसरा स्थान और सिकन्दराबाद सेलिंग क्लब, सिकन्दराबाद की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। चैम्पियनशिप में सभी 12 सेलिंग क्लब्स के कुल 87 सेलर्स (खिलाड़ियों) ने भाग लिया।

भोपाल में खेल संग्रहालय भी बनाएंगे: सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने कहा कि खेलों के विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का रूझान सराहनीय है। हम भोपाल में एक खेल संग्रहालय भी बनाएंगे।

खबर संक्षेप

आज से विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप, सिंधू पर नजर

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने नए आत्मविश्वास के साथ इतिहास रचने की कोशिश करेंगी। भारत 17 साल बाद इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है सिंधू सहित भारतीय खिलाड़ी इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सिंधू अब तक विश्व चैंपियनशिप में पांच बार पदक जीत चुकी हैं और वह रिकॉर्ड छठा पदक जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। सिंधू के अलावा चीन के लिन डैन और झाओ युनलेई (तीन मिश्रित युगल और दो महिला युगल खिताब) ने ही विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं।

फॉर्मूला ई भारत में वापसी के लिए उत्सुक

लंदन। फॉर्मूला ई के सह-संस्थापक अल्बर्टो लोंगो ने कहा कि यह चैंपियनशिप भारत में वापसी करने के लिए उत्सुक है, लेकिन भारत के किसी शहर को मेजबानी की इच्छाशक्ति दिखानी होगी। ऑल-इलेक्ट्रिक विश्व चैंपियनशिप ने फरवरी 2023 में हैदराबाद ई-प्री के साथ भारत में अपनी शुरुआत की थी, लेकिन तेलंगाना में सरकार बदलने के बाद अगले वर्ष इस रेस को रद्द कर दिया गया, क्योंकि नई सरकार ने इसमें किसी तरह की दिलचस्पी नहीं दिखाई। लोंगो ने कहा कि फॉर्मूला ई अब भी उस बाजार में वापसी करने के लिए तैयार है, जिसे वह 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी' के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक मानते हैं। लोंगो ने कहा, 'हम भारत वापस जाना चाहेंगे लेकिन दुर्भाग्य से अभी इसको लेकर हमारी कोई बातचीत नहीं चल रही है। फॉर्मूला ई के लिए यह इतना महत्वपूर्ण बाजार है कि हम निश्चित रूप से वहां वापस जाना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, ' फॉर्मूला ई प्रतियोगिता की मेजबानी करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

पहला टेस्ट : भारत ने 9 विकेट पर बनाए 460 रन, पडिक्कल ने बनाए 167

पडिक्कल के शतक के दम पर टीम इंडिया ने खड़ा किया विशाल स्कोर

जुरेल ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| गॉल

देवदत्त पडिक्कल की 167 रन की शानदार पारी भारत के बूते भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन रविवार को श्रीलंका के खिलाफ दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 460 रन बना लिए। रविवार को सिर्फ 43 ओवर का खेल संभव हुआ और इस दौरान श्रीलंका के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया स्टंप्स के समय कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा एक रन बनाकर क्रीज पर थे।

पडिक्कल ने पूरा किया अपना पहला 150 रन

131 रन से आगे खेलने उतरे पडिक्कल ने तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो की गेंद पर चौका लगाकर 215 गेंदों में अपना पहला 150 रन पूरा किया। उनकी इस उपलब्धि पर पहुंचने से पहले ही भारत को ऋषभ पंत के रूप में बड़ा झटका लग चुका था। दिन की शुरुआत 27 रन करने वाले पंत को आक्रामक तेवर अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑफ स्पिनर केशरा नुवंता की गेंद पर उनका हवा में लहराया गया कमजोर शॉट मिडऑफ की दिशा में सोनल दिनुषा के हाथों में थमा गया। इसके बाद केएल राहुल बल्लेबाजी के लिए आए। पिछले दिन ऐंठन के कारण 77 रन पर रिटायर हर्ट हुए राहुल अपने स्कोर में सिर्फ पांच रन जोड़ सके। नुवंता की गेंद के टर्न और उछाल को वह समझ नहीं पाए और शॉर्ट लेग पर निशान मधुशंका को आसान कैच दे बैठे। महज 12 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल करने से श्रीलंकाई गेंदबाजों का आत्मविश्वास बढ़ा। भारत चाय तक पांच विकेट पर 364 रन बना चुका था। इसके बाद रविंद्र जडेजा को नुवंता (13) ने पगबाधा किया।

जुरेल ने खेली 51 रन की उपयोगी पारी

पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जुरेल ने शानदार वापसी करते हुए 51 रन की उपयोगी पारी खेली। उनकी पारी में किस्मत का भी साथ रहा। 29 रन के निजी स्कोर पर स्लिप में श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि सिल्वा ने जयसूर्या की गेंद पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। जुरेल ने इस जीवनदान का फायदा उठाते हुए आठ पारियों के बाद पहली बार अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने नुवंता की गेंद को मिडविकेट के ऊपर से छक्का जड़ा और लाहिरू कुमारा की गेंद पर चौका भी लगाया।

जुरेल ने सुथार के साथ जोड़े 55 रन

जुरेल ने मानव सुथार (24) के साथ सातवें विकेट के लिए 55 रन जोड़े। जयसूर्या की गेंद पर धनंजय डि सिल्वा ने जुरेल का शानदार कैच लपक कर अपनी पिछली गलती की भरपाई कर दी। सुथार ने इसके बाद मोहम्मद सिराज (11) के साथ टीम के स्कोर को 447 रन तक पहुंचाया लेकिन इसी स्कोर पर दोनों बल्लेबाज आउट हो गए।

भारतीय महिला टीम का दमदार आगाज चीन को जीत से रोका

एजेंसी ▶▶| एक्सटेलवीन

महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में महिला टीम इंडिया ने चीन के सामने दमदार प्रदर्शन किया। भारत ने चीन के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला, जिसके चलते भारतीय महिला टीम वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार चीन को किसी मैच में हराने से चूक गई। लेकिन चीन के दबदबे को देखा जाए तो भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह ड्रॉ किसी जीत से कम नहीं है. क्योंकि चीन वर्ल्ड नंबर चार की टीम है और उसे जीत से दूर रखकर महिला टीम इंडिया ने शानदार काम किया है। मगर भारतीय टीम साल 1998 से चली आ रही राइवलरी में 28 साल बाद भी हॉकी के खेल में चीन से जीत दर्ज नहीं कर सकी है। वहीं, महिला टीम ने शानदार डिफेंस का नजारा पेश किया और चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने वाली चीन सिर्फ एक में ही गोल कर सकी। मजबूत डिफेंस से टीम इंडिया ने चीन को जीत से दूर रखा।

पहले क्वार्टर में हुए दो गोल

चीन के खिलाफ मैदान में उतरी भारतीय महिला हॉकी टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही थी। मैच की शुरुआत में ही भारत की नवनीत कौर ने हॉकी स्टिक से जादू बिखेर दिया। मैच के पांचवें मिनट में जब भारत पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सका, तो इसके बाद आठवें मिनट में नवनीत ने चीन के डिफेंस को चकमा देते हुए बेहतरीन फील्ड गोल दाग दिया।

कनकश्री के स्वर्ण पदक सहित मप्र ने पुणे में जीते चार पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पुणे में आयोजित तीन दिवसीय सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम ने कुल चार पदक प्राप्त कर प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाया है। जूनियर वर्ग में कनकश्री धारवाल ने स्वर्ण पदक तथा सब जूनियर वर्ग में कु. अस्मी कटारिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया । वहीं अंडर 23 वर्ग में कु. दुर्विशा पवा एवं श्री सरगम बाथरे अंडर-19 में दोनों ने रजत पदक प्राप्त किया । टीम के कोच कमलेश बाथरे तथा मैनेजर तेज प्रकाश धारवाला थे ।टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ,भारतीय ट्रायथलॉन संघ के सह सचिव व प्रदेश उपाध्यक्ष जे.पी सक्सेना मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सह सचिव ओ.पी अवस्थी, संघ के सचिव उमाशंकर व्यास ,संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा,चंद्रशेखर अवस्थी, एस.एन पंडित, सुधीर नेमा, रघुवीर तिवारी, प्रभु मूलचंदानी सहित अनेक वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बधाई दी।

गुजरात, राजस्थान सहित अनेक टीमों के होंगे मैच

साई में सीबीएसई वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सीबीएसई वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को राजधानी स्थित साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया) के एस्ट्रो ट्रफ हॉकी मैदान में शुरू हुआ।

टूर्नामेंट में 4 राज्य के सीबीएसई स्कूलों के छात्र - छात्राओं के अलग-अलग वर्ग की टीमें हिस्सा ले रही हैं। रविवार को राजस्थान के पिलानी और एक अन्य टीम के बीच मैच खेला गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क प्रलय श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों को अध्ययन के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी भागीदारी का आह्वान किया तथा हॉकी जैसे खेल को अनुशासन, एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर बताया।

श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। उनके खेल जीवन से प्रेरणा लेकर हॉकी को हमें अपनाना चाहिए और इसमें महारत हासिल करना चाहिए।

खण्ड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन वन विभाग
कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16/स्टोर/2026/5127 दिनांक 13/08/2026 1. वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म०प्र० भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सामग्री का विवरण	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
01	किराया वाहन बोलेरो माडल 2023 से 2026 (Diesel Vehicle Top Model)	25000	500

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 14-08-2026 सांय 6.30 बजे से दिनॉक 29-08-2026 सांय 6.30 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं ।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः- https://mptenders.gov.in/

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)
G-17196/26

हॉकी वर्ल्ड कपः इंग्लैंड से आज होगी कांटे की टक्कर

30 साल का इतिहास बदलने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एक्सटेलवीन

निचली रैंकिंग वाली वेल्स के खिलाफ पहले मैच में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के सामने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में सोमवार को विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के रूप में पूल चरण की सबसे कठिन चुनौती होगी, जिसे विश्व कप में आखिरी बार उसने तीन दशक पहले हराया था।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने शनिवार को पहले मैच में विश्व रैंकिंग में अपने से छह पायदान नीचे 15वें स्थान पर काबिज वेल्स को 3 -1 से मात दी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए जबकि संजय ने भी पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। दूसरी ओर इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पूल डी के एक अन्य मैच में 4-1 से मात दी।

हम मैच दर मैच फोकस करेंगे : हरमनप्रीत

प्रो लीग के खराब प्रदर्शन के बारे में पूछने पर कप्तान हरमनप्रीत ने कहा,' खेल में उतार-चढाव आते रहते हैं लेकिन हमारा फोकस अभी विश्व कप पर है। हम बेहतर तैयारी के साथ आये हैं और टीम फॉर्म में है। हम मैच दर मैच फोकस करेंगे और गोल करने के ज्यादा से ज्यादा मौके बनाने पर फोकस होगा।' टूर्नामेंट शुरू होने से पहले मानसिक दृढता के लिए स्विटजरलैंड में तीन दिन के बूट कैम्प के अनुभव का इस्तेमाल भारत को इस मैच में करना पड़ेगा।

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(अधीक्षण शाखा)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
दूरभाष क्र.- 0755-2512077, 2512059

क्रमांक एफ 2/2/14/0003/2025-GAD-12(1)-01(GAD) भोपाल, दिनांक 12/08/2026

// तृतीय ई-निविदा सूचना //

मध्यप्रदेश मंत्रालय के विभिन्न तलों पर फोटोकॉपी मशीनें स्थापित कर फोटोकॉपी सबंधी कार्य किये जाने हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

01	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस	रुपए 1000/- (रुपये एक हजार मात्र)
02	निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय	दिनांक 13.08.2026 पूर्वान्ह 12.00 बजे से
03	निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय	दिनांक 04.09.2026 अपरान्ह 12.30 बजे तक।
04	निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि व समय	1. टेक्निकल बिड-दि. 08.09.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे 2. फायनेंशियल बिड- दि. 08.09.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे
05	प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष)
06	निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) (वल्लभ भवन क्रमांक-1)

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर ही जारी किये जायेगें। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग
जी - 17171/26
स्वच्छता ही सेवा

अब तक 10.42 लाख से अधिक पथ-विक्रेता हुए लाभान्वित

पथ विक्रेता खुशहालः पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मप्र देश में प्रथम, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन उज्जैन में आज करेंगे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से संचालित 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि' (पीएम स्वनिधि) योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन में मप्र निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। प्रदेश के सूक्ष्म कार्यक्षेत्रीय रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों एवं पथ-विक्रेताओं के सर्वांगीण आर्थिक स्वावलंबन के लिए संचालित इस कल्याणकारी योजना के माध्यम से अब तक 10.42 लाख से अधिक पथ-विक्रेताओं को लाभान्वित कर वित्तीय समावेशन का एक नया आयाम स्थापित किया है।

विशेष 'स्वनिधि पखवाड़े' में 16,500 से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरित

योजना में 40 प्रतिशत महिला हितग्राही हुई लाभांवित

उज्जैन में 17 अगस्त को होगी उच्च स्तरीय समीक्षा

योजना की पहुंच को और अधिक सर्वव्यापी, पारदर्शी तथा सुदृढ़ बनाने के ध्येय से एक से 15 अगस तक प्रदेश के समस्त जिलों, नगरीय निकायों तथा संबंधित सेन्सस टाउंस में मिशन मोड के तहत विशेष अभियान स्वनिधि पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ पात्र पथ-विक्रेताओं के नवीन ऋण आवेदन पत्र तथा क्रेडिट कार्ड के आवेदन तैयार कर त्वरित स्वीकृति के लिये बैंकों को प्रेषित किए गए। योजना के भावी रोडमैप एवं समीक्षा के लिए सोमवार 17 अगस्त को उज्जैन स्मार्ट सिटी में समस्त बैंकर्स हेड्स तथा नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक होगी।

4 हजार से अधिक नवीन पथ-विक्रेताओं को योजना की मुख्यधारा से जोड़ा

अभियान की अवधि में 12 हजार से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रेषित किए गए तथा 4 हजार से अधिक नवीन पथ-विक्रेताओं को योजना की मुख्यधारा से जोड़ा गया। प्रशासनिक मुस्तैदी और बैंकिंग समन्वय के फलस्वरूप 17,400 से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत हुए, जिनमें से 16,500 से अधिक हितग्राहियों को ऋण राशि का प्रत्यक्ष वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, 3 हजार से अधिक पथ-विक्रेताओं के क्रेडिट कार्ड स्वीकृत कर 1,000 क्रेडिट कार्ड्स को सफलतापूर्वक एक्टिवेट कराया जा चुका है।

नवीन योजना में यह सुविधाएं

नवीन एवं पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत पथ-विक्रेताओं के व्यवसाय संवर्धन के लिए विभिन्न चरणों में क्रमशः 15 हजार,25 हजार एवं 50 हजार तक की ऋण सहायता प्रदाय की जा रही है, जिसके साथ 30,000 की सीमा वाला यूपीआई-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराया जा रहा है। 31 मार्च 2030 तक प्रभावी इस महत्वाकांक्षी योजना में प्रदेश के अथक प्रयासों से अब तक कुल 16.55 लाख ऋण प्रकरणों का सफलतापूर्वक वितरण कर 2,852.03 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है। समावेशन एवं महिला सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के फलस्वरूप प्रदेश के 7.17 लाख से अधिक पथ-विक्रेता डिजिटल लेन-देन में सक्रियता से सहभागिता कर रहे हैं, जिन्हें अब तक 53.85 करोड़ रुपए से अधिक की राशि कैश बैक में मिली है।

सीपीसीटी पास और मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर 10 कोर्स पूरे करना जरूरी

अब कंप्यूटर चलाना नहीं, साइबर सुरक्षा भी जरूरी, ऑपरेटरों को 30 दिन का अल्टीमेटम

50 क्रेडिट पॉइंट नहीं जुटाए तो मानदेय-वेतन पर लग सकता है ब्रेक

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय निकायों में कंप्यूटर पर सरकारी कामकाज संभालने वाले ऑपरेटरों के लिए अब सिर्फ कंप्यूटर चलाने का अनुभव पर्याप्त नहीं होगा।

नगर पालिक निगम, नगरपालिका और नगर परिषदों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को तकनीकी दक्षता के साथ साइबर सुरक्षा की जानकारी भी साबित करनी होगी। इसके लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने 30 दिन की समय-सीमा तय की है। निर्धारित योग्यताएं पूरी नहीं करने वाले ऑपरेटरों के नियोजन और मानदेय अथवा वेतन भुगतान पर कार्रवाई की जा सकती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास की अपर आयुक्त मिशा सिंह की ओर से जारी आदेश प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों, संयुक्त संचालकों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को भेजा गया है। विभाग ने यह कदम निकायों में बढ़ते ऑनलाइन कामकाज और सरकारी डेटा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है।

नए निर्देश के तहत कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए तीन प्रमुख शर्तें अनिवार्य की गई हैं। पहली उन्हें सीपीसीटी (कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेशन टेस्ट) पास होना चाहिए। दूसरी केंद्र सरकार के आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर साइबर सिक्योरिटी और आईटी से संबंधित कम से कम 10 सर्टिफिकेट कोर्स पूरे करने होंगे।

ऑपरेटरों की होगी पासवर्ड से लेकर एआई तक की पढ़ाई

ऑपरेटरों को केवल पारंपरिक कंप्यूटर प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रखा गया है। निर्धारित पाठ्यक्रमों में बेसिक कंप्यूटर, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और एक्सेल के साथ साइबर सिक्योरिटी बेसिक्स, डिजिटल सेफ्टी एसेंशियल्स, डेटा मैनेजमेंट और डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया जैसे विषय शामिल हैं। आधुनिक तकनीक को देखते हुए एआई से संबंधित पाठ्यक्रम भी सूची में शामिल किया गया है।

सरकारी डेटा की सुरक्षा पर फोकस

विभाग के अनुसार नगरीय निकायों में योजनाओं, परियोजनाओं और विभिन्न शाखाओं का काम अब ऑनलाइन पोर्टल और आईटी सिस्टम के माध्यम से होता है। ऑपरेटर इन प्रणालियों को संचालित करते हैं, इसलिए उनके तकनीकी रूप से दक्ष होने के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना जरूरी है।

जमीनी विवाद में एएसआई ने चलाई गोली, 1 की मौत

राजगढ़। जिले के तलेन थाना क्षेत्र की इकलेरा ग्राम पंचायत में रविवार को सरकारी जमीन के पट्टे को लेकर दो पक्षों के बीच सालों से चला आ रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। कहा-सुनी के दौरान भड़की हिंसा में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, जिससे 35 वर्षीय दीपक (पिता कन्हैयालाल) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मुकेश जाटव (40) और सतीश जाटव (32) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर अस्पताल रेफर किया गया है। वारदात का मुख्य आरोपी दिलीप प्रजापति (45) है, जो शाजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसआई (सहायक उपनिरीक्षक) के पद पर तैनात है। आरोपी एएसआई को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, अस्पताल में भर्ती दोनों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

बिल देने के नाम कर्मी को साथ लेकर आया जालसाज

कर्मचारी को धोखा देकर बुटिक से ले गया आठ सूट, दो साड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित गुलमोहर में बुटिक से एक जालसाज ने आठ सूट और दो साड़ियों सहित हजारों रुपए का सामान खरीद लिया। नगदी नहीं होने और ऑनलाइन पेमेंट में दिक्कत होने का कहकर आरोपी बुटिक के कर्मचारी को अपने साथ सामान लेकर निकला था। रास्ते में कहा, रुको आगे कुत्ते हैं, तुम्हें काट लेंगे। मैं पैसे लेकर आता हूं। इसके बाद आरोपी कपड़े लेकर फरार हो गया। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार निखिल बंगलो जाटखेड़ी मिसरोद निवासी स्वाति जैसवाल पति अमित चौकसे (38) त्रिलंगा गुलमोहर कॉलोनी में ईलोरा डिजाइन स्टूडियो नाम से बुटिक चलाती हैं। विगत 7 अगस्त की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह अपने बुटिक पर थीं। इसी बीच केप और मुंह पर मास्क लगाए एक युवक बुटिक पर पहुंचा। उसने कपड़े पसंद किए। 8 सूट और दो साड़ियां पसंद करने के बाद बिल देने की बात आई तो वह कहने लगा कि मेरे पास नगद पैसे नहीं है। मेरा ऑनलाइन पेमेंट काम नहीं कर रहा है। आप अपने किसी कर्मचारी को मेरे साथ घर तक भेज दो। वहां मैं पेमेंट करवा दूंगा।

इस पर स्वाति जैसवाल ने बुटिक पर काम करने वाले मनोहर दद्दू को उस व्यक्ति के साथ भेज दिया। कुछ देर बाद मनोहर दद्दू ने वापस आकर बताया कि उस व्यक्ति ने धोखे से मुझे यह कहते हुए उतार दिया कि आगे कुत्ते हैं। तुम्हें काट लेंगे। तुम यहीं उतरो, मैं तुम्हें पैसे लाकर यही देता हूं। इसके बाद वह व्यक्ति वहां से चला गया और काफी देर बाद भी नहीं लौटा। फरियादिया का कहना है कि उस व्यक्ति के बारे में सोशल मीडिया पर भी उसके द्वारा की गई और भी घटनाओं के बारे में देखा। पुलिस का कहना है कि धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

दादा के साथ टीवी देखी सुबह फंदे पर लटकी मिली आठवीं के छात्र की लाश

भोपाल। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आंबेडकर कॉलोनी में शनिवार-रविवार दरमियानी रात आठवीं कक्षा के 14 वर्षीय छात्र ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह देर रात तक अपने दादा के साथ टीवी देख रहा था। टीवी देखते-देखते वहीं सो गया। सुबह जगह पर नहीं दिखने पर परिजनों ने कमरे में देखा। कमरा भीतर से बंद था। दरवाजा तोड़कर देखने पर वह फंदे पर लटका मिला। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन पूर्व में ही उसकी मौत हो चुकी थी। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पिल्ला मोहल्ला आंबेडकर नगर नजीराबाद निवासी राहुल अहिरवार पुत्र अर्जुन अहिरवार (14) चित्रांश स्कूल में कक्षा आठवीं का छात्र था और पिता की आठवीं संतान था। शनिवार 15 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह अपने दादा के साथ टीवी देख रहा था। नींद लगने पर वह वहीं सो गया। सुबह वह जगह पर नहीं देखा तो उसकी खोजबीन की गई। कमरा भीतर से बंद मिला।

खबर संक्षेप

गुलमोहर कॉलोनी में सजेगा गणेश दरबार

भोपाल। गणेश उत्सव को लेकर राजधानी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को वार्ड-50 के गुलमोहर कॉलोनी में भगवान श्रीगणेश की झांकी पंडाल की स्थापना के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। महापौर मालती राय ने पूजा-अर्चना के साथ झांकी पंडाल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान गणेश उत्सव को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने तैयारियों की जानकारी भी साझा की।

जीएमसी में दो नेत्रदान एक त्वचा दान हुआ

भोपाल। किरण फाउडेंशन के सहयोग से सुरेश चंद्र गर्ग का देहदान एम्स, नेत्र दान एवं त्वचा दान गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में संपन्न हुआ। समाज के लिए अनुकरणीय पहल एवं सुरेश चंद्र गर्ग के परिवार की अप्रतिम सहमति से एवं किरण फाउडेंशन के सहयोग से 81 वर्षीय सुरेश चंद्र गर्ग का देहदान गार्ड ऑफ हॉनर के साथ एम्स में सम्पन्न हुआ। वहीं नेत्र दान एवं त्वचा दान जीएमसी में किरण फाउडेंशन की तत्परता से एक घंटे में सम्पन्न हुआ।

खेड़ीपुरा, हरदा के प्रवीण काशिव का निधन

भोपाल। सुरेश चन्द्र काशिव (होशंगाबाद) के छोटे भाई स्व. मधुकर काशिव के ज्येष्ठ पुत्र एवं सौरभ काशिव के बड़े भ्राता, भाई प्रवीण काशिव (डगावा शंकर वाले) खेड़ीपुरा, हरदा का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 3 बजे हरदा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

ड्राइवर के घर नोटों का ढेर ,गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन

परिजनों ने रकम इंजीनियर रिश्तेदार की बताई

बंदूक तलाशने पहुंची पुलिस घर से मिले तीन करोड़ कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ फोटो डालने वाले युवक के घर पुलिस रविवार को हथियार की तलाश में पहुंची थी। जहां तलाशी के दौरान बंदूक तो नहीं मिली, लेकिन घर से करीब तीन करोड़ रुपए नकद मिलने पर पुलिस भी हैरान रह गई। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद नोटों की गिनती के लिए मशीन मंगानी पड़ी। मामले की जांच के लिए राजस्व और आयकर विभाग की टीमों को भी बुलाया गया है। मामला गोपालगंज थाना क्षेत्र के तिली तिगड्डा का है। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान सौरभ अहिरवार के रूप में हुई है। वह अपने भाई अंकित और मां के साथ रहता है। दोनों भाई किराए की टैक्सी चलाते हैं। उनके पिता जगदीश अहिरवार का निधन हो चुका है।

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो हुआ था वायरल

पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर सौरभ के घर हथियार की तलाश में पहुंची थी। तलाशी के दौरान हथियार नहीं मिला, लेकिन घर में बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही नोटों की गिनती शुरू कराई। रकम इतनी अधिक थी कि इसके लिए मशीन मंगानी पड़ी। परिजनों ने बताया पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की रकम एडिशनल एसपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि घर से करीब तीन करोड़ रुपए कैश मिला है। परिवार के लोगों का कहना है कि यह रकम भोपाल के चूना भट्टी निवासी उनके एक रिश्तेदार की है। पुलिस अब रकम के स्रोत और घर में इतनी बड़ी नकदी रखने की वजह की जांच कर रही है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के जिलाध्यक्ष सुरसरि प्रसाद पटेल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, स्थाई कर्मचारियों ने व्यापमं चौराहा से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली को सुरसरि प्रसाद पटले और संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर सहित बड़ी संख्या में अनेक कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। रैली में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। बोर्ड ऑफिस पर स्थित डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया और आंदोलन कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

उर्वरक वितरण अब अभियान के रूप में हर किसान को अग्रिम के रूप में देने की योजना

हर किसान हर घर, हर खेत खाद अभियान 20 अगस्त से होगा शुरू

उर्वरक स्टॉक के तीन दिन तक चले मिलान के बाद वितरण आज से, मप्र में उर्वरक पर्याप्त उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण को ध्यान में रखकर भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल एवं प्रदेश के उर्वरक विक्रेता (रिटेलर) के स्टॉक का मिलान करने के लिए 14 अगस्त की शाम 7 बजे से उर्वरक विक्रय 15 एवं 16 अगस्त को अवकाश के दिनों मे बंद किया गया हैं, मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं, जो 16 अगस्त की शाम तक पूरा हो जाएगा। सोमवार 17 अगस्त से खाद का वितरण शुरू हो जाएगा। कृषि विभाग ने कहा है कि मिलान के दौरान किसानों को असुविधा नहीं होगी। 17 अगस्त से जितनी खाद चाहिए उतनी मिल सकेगी। साथ ही 20 अगस्त से हर किसान हर घर, हर खेत खाद अभियान भी प्रारम्भ हो रहा है, जिससे रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो जाएगी।

73 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। सूखी सेवनिया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 73.27 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 48 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को उपनिरीक्षक सीएल यादव को सूचना मिली कि ग्राम श्यामपुर बायपास रोड पर चाय-नाश्ते की दुकान के सामने बनी गुमठी में व्यक्ति अवैध शराब रखे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर बताए गए हुलिए के व्यक्ति कमलेश अहिरवार को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध शराब बरामद हुई।

5000 स्क्वायर फीट में मुख्य पंडाल का निर्माण होगा

विधायक सबनानी की मौजूदगी में दुर्गा उत्सव के लिए झांकी स्थल का भूमिपूजन

न्यू मार्केट में इस नवरात्र सजेगी गुजरात के नागेश्वर मंदिर की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति, न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति ने शारदीय नवरात्रि में आयोजित होने वाले दुर्गा उत्सव को लेकर झांकी स्थल का भूमिपूजन विधायक भगवानदास सबनानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

आयोजक पवन वरदानी एवं सचिव अजय देवनानी ने बताया कि इस वर्ष देवभूमि द्वारका, गुजरात के ज्योतिर्लिंग श्री नागेश्वर मंदिर की भव्य प्रतिकृति का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रतिकृति लगभग 60 फीट ऊंची रहेगी और इसके लिए करीब 5000 स्क्वायर फीट में मुख्य पंडाल का निर्माण होगा।

द्वादश ज्योतिर्लिंग के होंगे दर्शन

आयोजकों ने बताया कि इस बार भव्य, दिव्य द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन हमारे आयोजन की प्रमुखता रहेंगे, सभी ज्योतिर्लिंग मूल स्वरूप की प्रतिकृति होंगे। इनका निर्माण बंगाली मूर्ति कलाकारों गणेश एवं उनकी टीम द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य पंडाल में मां अम्बे की स्थापना के साथ ही समुद्र मंथन का विशिष्ट दृश्य भी मूर्तिकला के माध्यम से दर्शनार्थ होगा। 40 फीट चौड़े एवं 12 फीट लंबे समुद्र मंथन के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित वृतांत के दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष आरती राजू अनेजा, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स से कृष्ण कुमार बांगड़, अजय श्रीवास्तव नीलू, चंदीराम तख्तानी, रवि सैंगर, प्रकाश राठौर व न्यू मार्केट के व्यापारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930